चांलोङ्सरबद्नूक् नामाहं थाईदेशे लब्धजनिः बाल्यकालादेव भगवतस्तथागतस्य कृपया संस्कृताध्ययने प्राप्तरुचिरासम्। महाचूडालंकरणबौद्ध (बैंकाक) विश्वविद्यालयतः बौद्धदर्शनविषयमधिकृत्य मया स्नातकपरीक्षा समुत्तीर्णा। संस्कृतसाहित्यविषयिणीं स्वीयां ज्ञानपिपासां पूरयितुं भगवता श्रीबुद्धेन कृतवसतिकेऽस्मिन् काशीनगरे विद्याधिगमनार्थमिच्छामकुर्वम्। ... ततः भारतदेशस्य विद्याराजधान्यां काश्यां समागत्य मया काशी हिन्दुविश्वविद्यालयीये संस्कृतपालिविभागे स्नातकोत्तरकक्षायां संस्कृतविषयमधिकृत्याध्ययनं कृतम्। तत्राध्ययनसमये वैदिकसाहित्यविषये पूर्वजन्मकृतपुण्योदयेन गुरुवर्याणां डा. वीरेन्द्रकुमारवर्ममहोदयानां सन्निधाने वेदाध्ययनेन च काचन विशिष्या अभिरुचिर्मनसि समुत्पन्नेति वेदवर्गं स्वीकृत्य एम्. ए. संस्कृतपरीक्षायां साफल्यमभजम्। तदनन्तरं संस्कृतसाहित्यावगाहने सविशेषमानन्दमनुभवता मया सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयतः 'विद्यावारिधि' इत्युपाधिप्राप्त्यर्थं मनसि योजितम्।

थाईदेशे विश्वविद्यालयेषु संस्कृतस्य अध्ययनं अध्यापनं प्रचलति। किन्तु प्रायशश्छात्रैर्लौकिकसंस्कृतमेव तत्राधीयते। विच्छिन्नसम्प्रदायत्वाद्वा प्रयोगविरहेण वा वैदिकभाषाशिक्षणं तत्र स्वल्पमेव भवति। यद्यपि थाईदेशे वैदिकभाषायाः लौकिकसंस्कृतस्य च महत्त्वं समानमस्ति तथापि वैदिकभाषाशिक्षकाणां न्यूनत्वादल्पेषु

शिक्षणस्थानेष्वेव वैदिकभाषा अध्याप्यते। परं प्रमोदास्पदमिदं यदधुना थाईजनाः भारतवर्षे समागत्य विश्वविद्यालयेषु वैदिकं वाङ्मयं भाषां च पठन्ति। अहमपि तेष्वेव अन्यतमः। एवं हि शीघ्रमेव थाईदेशे वैदिकशिक्षका बहवो भविष्यन्ति तथा च तत्र वैदिकज्ञानराशेः भाषायाश्च शिक्षणप्रसारः रुचिरं भविष्यतीति वक्तुं सुवचम्।

अन्ते च इदं निवेदयन्नुपसंहरामि—

दूरादुपेक्षां निर्धूय कृपां कृत्वा ममोपरि।
विलोक्यो मत्प्रबन्धोऽयं बुद्धिमद्भिर्द्विजोत्तमैः।।

सन्त्यनेके तादृशा विद्वांसो वैदेशिकाः श्रीपालथीमे-हंस हाइन्‌रिश् हाक् प्रभृतयो ये धाराप्रवाहरूपेण संस्कृतेन वक्तुं प्रभवन्ति परं संस्कृतेन तैर्न लिखितं बहु। यदि तेऽलेखिष्यंस्तर्हि भूयसीं संस्कृतवाङ्मयस्य श्रीवृद्धिमकरिष्यन्।

वैदेशिकैर्मनीषिभिर्यावन्मात्रं संस्कृतेनोपनिबद्धं तेनापीदमनुमातुं शक्यते यत् तेष्वस्ति शक्तिः संस्कृतलेखने। केवलममन्दोऽभियोगोऽभ्यासश्चापेक्ष्येते। एतदर्थं ते यद्युञ्जीरंस्तर्ह्यवश्यमेव स्वकीयपाण्डित्यं ते संस्कृतभाषयाऽऽविष्कृत्य कामप्यपूर्वां संस्कृवाङ्मयस्य श्रीवृद्धिं विदधीरन्। यदपि यावदपि वा तैः संस्कृतेन निबद्धं तदप्यस्माकं भारतीयानां कृते परमं मोदावहं चित्रीयाकरञ्च। संस्कृतं नास्ति येषां भाषा तेष्वपि कैश्चन यदि संस्कृतेन व्यवहर्तुं प्रयत्यते तर्हि जितं नाम संस्कृतेन।।

सन्दर्भ सूची

1. चिन्त्योऽयं प्रयोगः। आशिष्ट्यै इत्येव साधु स्यात्।
2. वदिः परस्मैपदी। वदीत्येव साधु।
3. अनद्यतनपरोक्षे लिटो विधानाल्लिट्प्रयोगोऽत्रानुचितः।
4. प्रतस्थिरे इत्येव साधु।

IX

संस्कृत के अर्वाचीन समस्याप्रधान रूपक

संस्कृत-नाट्य-वाङ्मय की अपनी सुदीर्घ परम्परा है, जो चलते-चलते आज तक भी आ पहुँची है। बीसवीं शताब्दी में ही सैकड़ों रूपकों की रचना हुई है अतः संस्कृत-नाट्य-वाङ्मय में इस कारण प्राचीनता और अर्वाचीनता का अद्भुत सम्मिश्रण है।

जहाँ प्राचीनता से परिपक्वता आती है वहाँ कतिपय कड़ियाँ और परम्पराएं भी साथ लग जाती हैं। यही संस्कृत-नाट्य-वाङ्मय के साथ भी हुआ। शताब्दियों तक यह रूढ़ियों से जकड़ा रहा। भरतमुनि के नियमों से बंधा रहा। केवल अर्वाचीन काल में ही इन रूढ़ियों और नियमों के बन्धन में कुछ शिथिलता आ सकी; और यह स्वाभाविक ही था। जहाँ चारों ओर रूढ़ियों और परम्पराओं की जकड़न में शिथिलता आ रही हो वहां नाट्य-वाङ्मय में भी शिथिलता न आ जाय यह सम्भव नहीं था। वर्तमान युग का संस्कृत नाट्यकार कथानकों के लिये केवल रामायण, महाभारत, पुराणादि तक ही अपने को सीमित न रख आसपास के जीवन से उन्हें खोजने में लग गया। उसने उसमे झांका तो पाया कि उसके लिये बहुत सामग्री है। वहाँ उसे लगा कि उसकी अनेक समस्याएं, उसके अपने समाज की समस्याएं, उसके सामने मुंह बाये खड़ीं हैं। एक सच्चे साहित्यकार की भाँति वह उनके चित्रण करने में लग गया। साहित्य जनजीवन का प्रतिबिम्ब होता है। वह साहित्य संस्कृत में है इससे क्या हुआ। संस्कृत साहित्यकार कब तक अपने परिवेश से कटा रह सकता है। वह समाज का है। उसकी समस्याओं को अपने वाङ्मय में मूर्त रूप देने का उसने निश्चय किया, जिससे कि समाज का ध्यान उनकी ओर आकर्षित हो सके और वह उनके समाधान में गतिशील हो। बर्नार्ड शा आदि अनेक पाश्चात्य नाट्यकारों ने यही किया। फिर भला संस्कृत नाट्यकार क्यों पीछे रहे। उसने भी यही किया। उसने अपनी नाट्य कृतियों में अनेक ज्वलन्त समस्याओं को उठाया। इसके परिणामस्वरूप अर्वाचीन संस्कृत-नाट्य कृतियों में अनेक समस्या-प्रधान रूपक प्रकाश में आये। उनमें से कतिपय की चर्चा प्रस्तुत

निबन्ध में की जा रही है।

दक्षिण भारत के एक नाटककार श्री सुन्दरराज ने आज के परिवार की समस्या को अपनी एकांकी नाट्यकृति 'स्नुषाविजयम्' का विषय बनाया है। उन्होंने सास बहू की लड़ाई, कलही सास की अच्छी वधू के प्रति विमनस्कता और अपनी दुष्ट कन्या के लिए विशेषानुराग निरूपित कर जहाँ प्रेक्षकों का मनोरंजन करने में सफलता प्राप्त की है वहाँ समाज के समक्ष एक बहुत बड़ा प्रश्न-चिह्न भी लगा दिया है। क्या अच्छी से अच्छी बहू भी सास के कठोर वाग्वाणों से कभी न बचेगी अथवा ननद के व्यंग्य रूपी विष को हमेशा ही उसे चुपचाप पीना पड़ेगा? एकांकी की कथावस्तु इस प्रकार है : दुराशा नामक दुष्ट सास सच्चरित्रा नामक वधू के पीछे पड़ी हुई है। दुराशा का पति सुशील उससे स्पष्ट कह देता है कि तुम्हें अब आगे वधू के वश में रहना है। सास पति से कहती है कि जब मैं तुम्हारे वश में न रही तो बहू किस खेत की मूली है? पिता सुशील कहता है कि वृद्ध माता-पिता का पुत्र और वधू के वश में रहने में ही कल्याण है। इस पर दुराशा की टिप्पणी होती है कि आप ही वश में रहें। मैं गृहस्वामिनी रही हूँ और रहूँगी। सुशील अपनी स्थिति को डावांडोल ही समझता है और सोचने लगता है:

भार्यावशो यदि भवामि वधूविरोधी पुत्रो गुणी स विमुखो मयि तेन हि स्यात्।
वध्वां भजामि यदि वत्सलतां दुराशा मिथ्यापवादमपि मे जनयेदयतीव॥

अगर मैं तटस्थ रहूँ तो शायद अच्छा परिणाम निकले। वह अपनी पत्नी की सखी चारुवृत्ता से भी प्रार्थना करता है कि वह उसकी पत्नी की बुद्धि शुद्ध कर दे।

चारुवृत्ता दुराशा से मिलने आती है तो दुराशा उसे बताती है कि ऐसी बहू आ गई है जो कांटे की भाँति चुभ रही है। चारुवृत्ता के पूछने पर कि बहू क्या गड़बड़ करती है, दुराशा उत्तर देती है-छिपा कर तेल रखती हूँ तो चुपड़ लेती है, बन ठन कर शाम को पति के सामने विलासपूर्वक जाती है। इस प्रकार वह मेरे बेटे को वश में कर लेना चाहती है। मैं भला इसे कैसे सह सकती हूँ? दूसरे क्षण ही कहने लगती है-मेरा दामाद तो अपनी मां के वश में है, मेरी कन्या को कुछ समझता ही नहीं। एक दिन दामाद मेरे घर आया तो उसके लिए जो दही आया, उसे बिना मुझसे पूछे अपने पति को भी परोस दिया (लगता है कि विवाह हो जाने पर सास बेटे को बेटा न समझ कर स्वयं ही अपनी बहू का पति ज्यादा समझने लगती है)। मैंने दामाद और अपनी कन्या के लिए जो अच्छा कमरा नियत किया, वहां बहू पहले से ही पति के साथ सोने के लिए पहुंच गई। इस पर चारुवृत्ता उसे समझाती है कि—

स्नुषा यदि सुखं भर्त्रा शयीत रुचिरे गृहे।
पौत्रो भवेद् गुणी कश्चिद्यस्स्ववंशं समुद्धरेत्॥

किन्तु स्वार्थी दुराशा तो इस सलाह को भी अपमान ही समझती है और अपनी व्यथा बताती है:

अप्रसूतात्मजायां मे तनूजायामहं कथम्।
अपत्यालङ्कृतोत्सङ्गं द्रष्टुं तामिह शक्नुयाम्।।

बिना नाती का मुंह देखे पोते से भरी वधू की गोद मेरे लिए असह्य है। मेरी बहू तो इतनी धृष्टा है कि अपने पिता के घर से आये हुये लोगों का बहुत प्रकार के भोजन से सत्कार करती है। इतना ही नहीं उनके चले जाने पर दुःखी हो जाती है। दुराशा का बस चले तो वह बहू के मायके वालों का आना जाना एकदम बन्द कर दे। दुराशा की बेटी दुर्ललिता भी महादुष्टा है। जैसी मां है वैसी ही बेटी। वह मां को समझाने के स्थान पर उसकी विद्वेषाग्नि में घृत का काम करती हुई अपना जीवनयापन करती है। दुराशा का दूसरा पुत्र और सच्चरित्रा का देवर भी लम्पट है। वह अपने देवर को अधिक मुंह नहीं लगाती इसलिए भी दुराशा बहू को कोसती है। उसके मन में तो यह बात घर कर गई है किसी न किसी तरह से इस बहू को भगाना है और अपने लड़के की शादी दुबारा करके दूसरी बहू लानी है चाहे वह वेश्या ही क्यों न हो। चारुदत्ता उसका मन्तव्य जानकर उसे समझाती है :

त्यज दुर्गुण-सम्पत्तिं भज साधुगुणान् द्रुतम्।
इतः परं ते कर्त्तव्यं केवलं कुक्षिपूरणम्।।

लेकिन भला दुराशा के मस्तिष्क में इतनी सीधी सी बात कैसे घुस सकती है? जैसे आई थी वैसी चली जाती है। इतने में दुराशा का पुत्र सुगुण अपनी मां के सामने पड़ जाता है। दुराशा उसे खूब डांटती फटकारती है और बहू की शिकायतों का ढेर लगा देती है। पुत्र समझाता है कि अब आप को चाहिए कि गृहस्थी का सारा भार पुत्र और वधू पर छोड़कर स्वयं विश्राम करें। दुराशा को यह बात सुनकर तन बदन में आग लग जाती है और ज़ोर -ज़ोर से चिल्लाने लगती है कि तब तो सारा धन बहू अपने भाई को दे देगी और हम लोगों को खोखला कर देगी। तुम उसके वश में पूरी तरह हो गये हो, उसने ज़रूर कोई मन्त्र तन्त्र तुम्हारे ऊपर कर दिया है और सुनो अपनी पत्नी का कुल-परिचय :

तस्याः पिता विदित एव पुरातिदुष्टः माता च दुर्मतिरिति प्रथिता पृथिव्याम्।
भ्राता विटोऽथ भगिनी व्यभिचारिणीति ख्याता न वेत्सि खलु तत्कुलमर्मकस्त्वम्।।

पुत्र मां के चरणों पर गिर पड़ता है और कहता है कि तुम अपनी बहू को अपनी पुत्री क्यों नहीं समझती? मां तो इतनी जल्दी मानने वाली नहीं है। हार कर पुत्र पूछता है कि इस समस्या का उपाय तो बताओ कि क्या किया जाय? दुराशा का समस्या-समाधान भी उसी की तरह टेढ़ा है:

तव क्वचित् संकुचिते निकेते निधाय दारानुदरान्तभृत्यै।
धान्यं प्रदेयं प्रतिवासरं मे हस्तेन यद्वा मम पुत्रिकायाः ।।

अब मेरी लड़की दामाद के साथ मेरे घर में आकर रहेगी और माता-पिता की सेवा करेगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो मैं विष खाकर मर जाऊँगी।

इधर सच्चरित्रा वधू को समझ में आ जाता है कि मेरे पति मेरे प्रति दृढ़ अनुराग रखते हैं, पर साथ ही मातृभक्ति भी उनमें हैं। वह एक दिन अपने पति से कहती है कि सास जी तो आपके कमरे में आने वाले दरवाज़े पर ही सिर रखकर सोती है। मैं आपसे कैसे और कब तक छिप-छिप कर मिलती रहूँ? दिन भर जिन कामों को करने से मुझे रोकती है रात को कहती है वही सारे काम कर जिससे मैं आपसे मिल न सकूँ। इसका उत्तर सुगुण क्षुब्ध होकर देता है-

श्वश्रूजनः कांक्षति दुष्टचित्तो गर्भं स्नुषायास्सुरतं विनैव।
आहारसम्पत्तिमहो विनैव शरीरपुष्टिं गृहकृत्ययोग्याम्।।

मां दुराशा दामाद और लड़की का परस्पर मिलन और सुख तो अत्यधिक चाहती है लेकिन हम दोनों का मिलना पता नहीं उन्हें क्यों नहीं सुहाता? पति कहता है—सब कुछ सहो। पत्नी कहती है तुम्हारा प्रेम बना रहे सब कुछ सहूँगी।

इधर ससुर सुशील भी अपनी पत्नी का बहू के प्रति दुर्व्यवाहर देख कर खिन्न है। ससुर बुद्धिमानी का परिचय देता है और घोषणा करता है कि बुढ़िया दुराशा ही दूसरे घर जायेगी। इसके साथ ही एक और दुष्टग्रह का आविर्भाव होता है और वह है सुगुण की बहन दुर्ललिता। वह आते ही सुशील और सुगुण पर दोषारोपण करती है कि आप दोनों पिता पुत्र ने मिलकर मेरी मां की उपेक्षा की है। बहू के कारण कहीं सचमुच ही मेरी मां मर गई तो क्या होगा? इधर मेरा भी तो बुरा हाल है। मेरी सास ने दोषी ठहरा कर मुझे घर से निकलवा दिया है अब मेरा भी तो यहीं रहना होगा। पिता सुशील यह सुनकर आग बबूला होता है और कहता है—

वसनायेदं वित्तं दातव्यं भूषणायेदम्।
भाजनकृते ममेदं देयमिति स्वयं हरत्यहो दुहिता।।

साथ ही अच्छी कन्या के बारे में कहता है—

सुगुणा तनया निजेन पित्रा मितमर्थं गमितापि तृप्तिमेति।
सुगुणी रमणश्च पुत्रिकायाः श्वशुरौ तृप्तमना धिनोति वाक्यैः।।

दुर्ललिता बताती है कि मां बहू के साथ नहीं रहना चाहती। बहू कहीं दूसरे घर में जाकर रहे। सुशील कहता है नहीं, तुम्हारी मां को ही कहीं दूसरे घर में जाकर रहना होगा। उसे प्रतिमास भोजन आदि मैं दिया करूँगा।

दुर्ललिता इस बात से प्रसन्न हो जाती है कि अब कहीं अन्यत्र रहना होगा। वह अपनी मां को बुला कर लाती है। दुराशा आते ही कहती है कि तुम्हारी पत्नी ने तुम्हें और तुम्हारे पिता को तो अपने वश में कर ही लिया है। मेरा गुजारा वहाँ होना मुश्किल है मैं तो कहीं और जाकर रहूँगी। मुझे मेरी लड़की दुर्ललिता के गहने बनवाने के लिए धन दो। सुशील को फिर गुस्सा आ जाता है और वह कहता है—

पुत्रीनामा मूषिका जन्मगेहात्
किञ्चित् किञ्चित् वस्तु गूढं हरेत् किम्।।

सुशील अपनी पत्नी के वचनों से तंग आकर उसे मारने के लिए डंडा भी उठा लेता है लेकिन बेटा सुगुण अपनी मां को बहुत सारा धन दे देता है कि चलो तुम गहने बनवा लो लेकिन प्रसन्न रहो। यहीं रूपक समाप्त होता है।

इस रूपक के लेखक ने सदियों से चले आ रहे सास-बहू के मनमुटाव को मनवैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत किया है। जो सास आज तक घर में राज्य करती आ रही हो वह एकाएक अपने से आधी अवस्था की, पराये घर की लड़की को स्वामिनी खुशी से कभी भी नहीं मान सकती। जो लड़की अपना घर छोड़कर सगे सम्बन्धियों को छोड़कर आई हो उसे भी वैसा नहीं तो कुछ तो प्रेम पाने का अधिकार है ही, फिर वह यह भी नहीं चाहेगी कि उसके आते ही उसका पति मां से बिल्कुल विमुख हो जाये। बेटा तो और भी संकरी पगडण्डी पर खड़ा है। एक तरफ उसे पत्नी का प्रेम खींचता है तो दूसरी तरफ मां के प्रति कर्त्तव्य भी ज़ोर मारता है। वह न पत्नी को छोड़ सकता है न मां को नाराज़ देखना चाहता है। इन सब परिस्थितियों से दुःखी होता है घर का सबसे बूढ़ा सदस्य, लड़के का पिता, जिसने आज तक अपनी इज्ज़त को बहुत ढाँप संजोकर रखा था और आज जिसे अपने घर की दीवारें भी गिरती नज़र आने लगती हैं। यह समस्या हर घर की नहीं तो हर गली की अवश्य है।

रूपक के पात्रों को प्रस्तुत करने का लेखक का ढंग श्लाघनीय है। बुराई स्थूल है, फैली हुई है, ज्यादा जगह घेरती है इस लिए सास दुराशा पूरे नाटक पर छाई हुई है लेकिन सच्चरित्रा एक सुगन्ध के समान है। दिखाई कम देती है लेकिन अपना अस्तित्व सब लोगों को अनुभव करवा देती है। बहू सच्चरित्रा स्टेज पर कभी नहीं आती, सदैव पर्दे के पीछे रहकर बात करती है लेकिन दर्शक के मानस चक्षु के समक्ष अधिकतम वही रहती है। सास के वचनों का उस पर क्या असर हो रहा है, ससुर की समवेदना से उसके चेहरे पर कितने सन्तोष की रेखायें उभरती हैं अथवा पति के प्रेम से उसका चेहरा कितना खिलता है; यह दर्शक देखता नहीं पर स्वयं से उस सबका अपने आप अनुमान अवश्य लगा लेता है।

स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत-नाट्य-साहित्य का एक अन्य समस्याप्रधान रूपक जो विशेष रूप से हमारा ध्यान आकर्षित करता है, वह है भ्रान्तभारत। इसका अभिनय 1968 में वाग्वर्धिनी सभा के उत्सव में हो चुका है। श्री नागेश पंडित, श्री शालिग्राम द्विवेदी और श्री अच्युत पाध्ये इन तीनों लेखकों का यह सम्मिलित प्रयास है। इसमें लेखकों ने समस्या उठाई है कि आधुनिकता के नाम पर भारत भ्रष्ट हो रहा है। नान्दी में ही उन्होंने ऐसा अपना अभिप्राय व्यक्त कर दिया है–

मातस्त्वदीयचरणौ शरणं सदास्तु भ्रान्तस्य भद्रविमुखोद्यतभारतस्य।
यत्संगतोऽभवदिदं सुरराज्यपूज्यं वर्षं विमोहऋषिराजनिवासभूमिः।।

नान्दी के पश्चात् नारद रंगमंच पर आते हैं। वे आधुनिकता की ओर प्रगत भारत का विवरण देते हैं कि कैसे पुरातन मान्यतायें विनष्ट हो रही हैं और अंग्रेज़ियत की बाढ़ आती जा रही है–

जातं यद्वशजातं जगदिदमुग्रतरं चोत्तपते स्वदते तद्विद्याया वृद्धिं संस्कृतविद्यां
हसते। मूढो भयं भयमिव मनुते।

नारद का शिष्य वास्तविकता से अच्छी तरह परिचित है अतः कहता है–

पर्वतो वाथ पुरुषो दूरादेव हि शोभते।
किंवदन्ती कृतार्थाऽस्मिन् देशे भारतसंज्ञके।।
आर्य-वर्णितानां गुणानामन्यतमोऽपि न लभ्यते भारतीयेषु।
उत्पश्यामि बलवत्पतनमेतेषाम्

अर्थात् आज के भारत में आपके बताये कोई गुण न रहे। भारतवासियों का घोर पतन हो रहा है।

संस्कृत संस्थाओं के विषय में नारद टिप्पणी करते हैं–*आसां चापि स्थितिरनाथ-वृद्धवनितानामिव चिन्तनीया*। प्रश्न है कि इस देश में जो असंख्य तपस्वी, ब्राह्मण और सद्गृहस्थ हैं वे क्यों नहीं संस्कृति-रक्षा के लिए कुछ करते। नारद कहते हैं तपस्वी तो धनी मठाधीश बन गये। ब्राह्मण कुछ तो जीविकाहीन हैं और शेष पतित हो गये हैं, गृहस्थ आलसी हैं और बुरे लोगों का साथ देते हैं। ऐसा अंग्रेज़ी शासन के प्रभाव के कारण हुआ है।

नारदजी का कहना है कि संस्कृति की रक्षा विदेशी शिक्षा के साथ कैसे सम्भव हो सकती है–

आरोप्य मादनीबीजं फलमाम्रं लभेत कः।
मूलमुच्छिद्य चेच्छेत को विद्वान् वृक्षरक्षणम्।

अब तो स्थिति यह है कि यदि कोई काशी जाता है तो उसे पागल कहा जाता है, पैरिस और बर्लिन जाने वालों को आधुनिक शिष्ट कहा जाता है। रूपक में

अभिनय का प्रस्ताव रखा जाता है कि आधुनिक विद्वानों का एक सम्मेलन किया जाये। सम्मेलन होता है। उसमें विषय पर वादविवाद होता है कि विवाह के लिए लड़के और लड़की की अवस्था कितनी होनी चाहिए। इस सम्मेलन के सभापति नागेश का कहना है कि अंग्रेज़ों ने देख लिया है कि धर्म-परिवर्तन कराने के लिए बल-प्रयोग सफल उपाय नहीं है। अतः उन्होंने दूसरा उपाय अपनाया है कि इतिहास को ही बदलो। महापुरुषों के जीवन-चरित को इस प्रकार बदल दो कि लोगों का उन पर विश्वास ही न रहे। इस राज्य में शब्दों में उन्नति है, अर्थों में नहीं: *अत्र राज्ये शब्दे सर्वं समुन्नतं जोघुष्यते अर्थे तत्सर्वं विपरीतमनुबोभूयते। एतद्राज्यं वाचालता-साम्राज्यम्।* सभापति के भाषण के बाद चुन्नीलाल व्याख्यान देते हुए कहते हैं—शास्त्र का कहना है कि कन्या का विवाह 12-13 वर्ष की अवस्था में कर देना चाहिए। हिन्दू इस शास्त्र-वचन को मानते हैं, शासन अथवा सरकार को चाहिए कि इसके विरोध में कानून न बनाये। विष्णुदत्त शुक्ल इस प्रस्ताव का अनुमोदन करते हैं। एक विरोधी सज्जन कहते हैं युवावस्था में विवाह करने वाले पश्चिमी देश तो पर्याप्त उन्नतिशील हैं, भारत में भी ऐसा क्यों न किया जाय? इसके उत्तर में कहा जाता है कि तब तो भारत भी पेरिस बन जायगा, जहाँ विवाह की आवश्यकता ही नहीं रह जायगी।

रूपक में राजकीय सत्ता की स्पष्ट शब्दों में निन्दा की गई है— *हस्तं च क्षिपति धर्मिककृत्ये।* नारद का कहना है कि धारासभा में केवल धार्मिक लोग ही जायें। उनका यह भी कहना है कि स्त्री और पुरुष की अवस्था में 20 वर्ष का अन्तर हो। *यथा वरेण विंशतिवर्षज्येष्ठेन भाव्यम्।* वाइसराय को सभा अपनी ओर से प्रस्ताव भेजती है—

> *विवाहवयो राजानुशासनं निजाधिकारेण व्यर्थयतु भवान्।*
> *कन्याविवाहवयोनिर्णये हिन्दूनां मुस्लिमानां चास्तिकानां सदाचारिणां महान्*
> *विरोधो वर्तते। धर्मप्राणानां हिन्दूनां मुस्लिमानां चानादरस्य तु परिणामो*
> *विषोपमो भविष्यति इति भवताग्रतोऽवधेयम्।*

दूसरा प्रस्ताव यह पास होता है कि यदि बिल पास भी हो जाय तो हम लोग उसे मानें नहीं। तीसरा प्रस्ताव यह है कि नाम मात्र से हिन्दू किन्तु वस्तुतः धर्मविरोधी लोगों का वाइसराय की सभा में प्रवेश न हो। संस्कृत का प्रचार कम होने से धर्म की च्युति होती जा रही है।

रूपक का रंगमंचीय प्रयोग

सांवादिक शैली नितान्त सरल एवं रोचक है। इसका चटपटापन देशज और विदेशी शब्दों के प्रयोग से विशेष बढ़ जाता है। जैसे हैट, सैन्ट, बोतल, होटल,

चुरुट, नौकरी, पागल। हास्य उत्पन्न करने लिए संवाद में शास्त्रार्थी वक्ता और श्रोता रंगमंच पर अन्ध, मूर्ख, चण्डूल, ग्रामीण आदि अपशब्दों का प्रयोग ही नहीं करते वरन् अभिनय को सजीव बनाने के लिए लाठी भी हाथ में ले लेते हैं। जैसे विद्यार्थी–(दण्डमुद्यम्य) *एषोऽपि भवति।*

अन्य उपायों से भी संवादों में हंसी की मात्रा बढ़ाई गई है। जैसे वादी कहता है कि मेरी भाभी विवाह हो जाने पर भादों की भैंस की भांति मोटी हो गई है और मेरी बहन विवाह न होने से पिता के घर पर पूस मास की भैंस के समान दुबली है। दादी की भाभी अलमस्त है। नाटककार की भाषा में बल है वह रंगमंच पर एक मूर्त चित्र सा प्रस्तुत कर देता है। अधिक सन्तान उत्पन्न करने वाले परिवार का दयनीय चित्रण इस प्रकार है–

एकश्चतुष्पादिव कम्पते भो दोर्भ्यां गृहीत्वा चरणौ जनन्याः।
अन्यस्तदङ्के करुणं विरौति देवं विनिन्दत्यपरस्तु गर्भे।।[1]

जैसे ज्योतिषी के घर में प्रतिवर्ष एक पंचांग बढ़ता है वैसे ही प्रौढ़ के विवाह करने पर प्रति वर्ष एक-एक सन्तान उत्पन्न होती है।

कोई भी घटना पर्दे के पीछे नहीं होती, नेपथ्य से सन्देश न कहकर उसे डुग्गी पीटने वाले के द्वारा रंगमंच पर कहलवा दिया जाता है। बस उसका काम है केवल सूचना मात्र देना, वह रंगमंच पर अपनी सूचना देने के लिए जाता है और सूचना देकर चल देता है। केवल एक कमी खटकती है और वह है लम्बे-लम्बे भाषण। लम्बे भाषण कई स्थानों पर नाट्योचित प्रतीत नहीं होते। नारद का भाषण तीन लिखित पृष्ठों में समा सकता है।

इसमें भाषाएं भी अनेक हैं, परन्तु प्राचीन भारतीय नियमों के अनुसार प्राकृत न होकर आधुनिक भाषायें हैं। इसमें डुग्गी पीटने वाला छः पंक्तियों का अपना सन्देश हिन्दी खड़ी बोली में देता है।

एक अंक में अनेक अलग-अलग दृश्य हैं। एक दृश्य अपने में पूरा हो जाता है तब दूसरा शुरू होता है। 'भ्रान्तभारत' नाटक प्राचीन परम्परा से बिल्कुल अलग हटकर है। लेकिन समसामयिक समस्या पर जनता को जागरूक करने का संस्कृत नाटक द्वारा प्रयास किसी संस्था के विद्यार्थियों द्वारा नाटक लिखना, अभिनय करना और प्रकाशन करना एक नये उत्साह का द्योतक है।

जिस प्रकारं सुन्दरराज का 'स्नुषाविजय' एकांकी भी है (डॉ. राघवन् के शब्दों में प्रहसन भी है और समस्याप्रधान भी है) उसी प्रकार श्रीजीव न्यायतीर्थ का 'विधिविपर्यासम्' प्रहसन भी है और समस्याप्रधान भी। कवि का कहना है कि स्त्री और पुरुष में प्राकृतिक और मौलिक अन्तर है। इस भेद को मिटा कर दोनों को समान बनाने का कृत्रिम प्रयास जो प्रगतिशीलता के नाम पर किया जा रहा है

वह कई समस्याओं का जन्मदाता है। नाटक का नायक विनोदसुन्दर स्त्री और पुरुष विषयक धर्मशास्त्रीय विषमता का कट्टर विरोधी है और कहता है–

एको गर्भः सन्दर्भ एको बीजं तुल्यं किन्तु मूल्यं विभिन्नम्।
पुत्रः प्राप्तस्तात सर्वस्वमान्यः पुत्री मूत्रीभावमेतीव घृण्या।।

उसका कहना है कि विवाह के बिना भी वैज्ञानिक तरीक से केवल पुरुष सन्तान कर लेंगे और स्त्रियाँ भी स्त्रियाँ ही क्यों बनी रहें वे भी पुरुष बन सकती हैं। इसका एक सरल सा 10 सूत्री कार्यक्रम है–

1. लम्बे बालों को काट कर पुरुषों जैसे छोटे बाल करवा लेना।
2. व्यायाम के अभ्यास से शरीर ऐसा बना लेना जिससे कोई पहचान न सके कि यह पुरुष है अथवा स्त्री।
3. ऐसे कपड़े पहनना जिससे पुरुष लगें।
4. शिकार खेलने का शौक पालना।
5. सेना में भर्ती होना।
6. तलवार चलाना।
7. पर्दे में बिल्कुल न रहना।
8. सम्पत्ति का पूरा अधिकार।
9. यदि चाहें तो सगोत्र और असवर्ण विवाह करना।
10. विवाह बन्धन को तोड़ने की खुली छूट होना।

विनोदसुन्दर चाहता है कि आधुनिक कुमारी घर्घरकण्ठा के साथ रहने घूमने का सुख तो उठाये लेकिन विवाह–बन्धन में न पड़े। लेकिन वह एक ऐसे जंजाल में फंस जाता है कि उसे विवाह करवाना ही पड़ता है और उसे डाक्टर को यह आश्वासन भी देना पड़ता है कि वह संसारोचित तरीके से ही सन्तानोत्पत्ति करेगा न कि वैज्ञानिक तरीके से (डॉ. एक नपुंसक से कहता है कि क्योंकि विनोदसुन्दर और घर्घरकण्ठा सन्तानोत्पत्ति के झगड़े में नहीं पड़ना चाहते इसलिए ऑपरेशन द्वारा विनोदसुन्दर को नपुंसक बनाकर तुम्हें पुरुष बनाया जा सकता है, यह सुनकर विनोदसुन्दर और घर्घरकण्ठा दोनों ही घबड़ा जाते हैं और कहते हैं हमारा विवाह तो अभी–अभी हुआ है)।

डॉ. वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य ने कुछ अत्याधुनिक समस्याओं को अपने रूपकों का विषय बनाया है। 'शार्दूल–शकट' में प्रवहण संस्था के कर्मचारियों की जीवन यात्रा वर्णित है। श्रमिकों की शोभायात्रा विप्लव संगीत गाती हुई चलती है–

विनश्यतु चक्रं विद्वेषिणां नो निःशेषम्।
दिगन्ते व्रजामो रात्रिन्दिवं लक्ष्योद्देशम्।।

उनका नेता व्याख्यान देता है–मिल मालिक लालची हैं। वे अपने लिए अधिकाधिक धन संग्रह करते हैं एवं हमारे लिए स्वल्प देते हैं, जैसे भोग विलासी कुत्तों को देता है। हम सभी दास बन चुके हैं। हमें स्वयं अपनी स्थिति सुधारनी हैं। श्रमिक स्वयं अपनी शक्ति संवर्धन के लिए प्रयास करे। शक्ति संघ शक्ति है। सभी गाते हैं–

वाद्यं ध्वनन्तु विमर्द्य मलयं हर्षः स्वनतु विमथ्य हृदयम्।
यास्यामो वीथिं नृत्यचारेण कम्पयित्वावनीम्।।

कार्यकत्ताओं की हड़ताल से परिचालक चिन्तित हो उठा है। उसका सहायक उपचालक कहता है कि ऐसा नहीं होगा, मैं मुख्य परिचालक को सूचित करता हूँ। दूसरी ओर श्रमिकों का कहना है कि उनके साथ न्याय नहीं हो रहा। श्रमिकों का नारा है:

श्रमिका नः पितरः पितामहास्तथा श्रमिका भवन्ति बन्धवः।
ह्रियते येन धनं द्विषास्मदीयकं लभतां स एव जाल्मकः।।

बस के कर्मचारियों के दैनन्दिन दुर्दशापूर्वक जीवन की झांकी कितनी वेदनामयी है–

दुःखेऽपि हसितुं प्रवृत्तोऽहम्। क्षणिकसुखं ददाति नो मदिरैव वंचितेभ्यः। श्रमिकाणां जीवनं दुःखपूर्णम् अभावस्तेषां नित्यसंगी विषादश्च सहोदर एव।

पुलिस कर्मचारी बस में बिना किराया दिये ही बैठते हैं। यदि रक्षक ही भक्षक बन जाये तो देश का क्या होगा–

श्रयते यदि रक्षणकर्त्ता भक्षकवृत्तिमपि स्वपदे।
क्रियते खलु केन तु राष्ट्रेऽशिष्टजनस्य रिपोर्दमनम्।।

'शार्दूलशकट' सभी दृष्टियों से नवयुगीन समस्या-प्रधान नाटक है।

इसी तरह का वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य का रूपक है–'वेष्टनव्यायोग'। इसका विषय है श्रमिकों का अत्याधुनिक शस्त्र 'घेराव'। बहुत से युवक पढ़ लिखकर भी कोई काम नहीं ढूंढ पाते। भारत बेकारी से त्रस्त है–

शिक्षिता अपि कर्महीनाः सन्ति बहवो युवान इदानीम्।
परन्तु नियोगरता वर्तन-वर्तन-वृद्धये सततं घटयन्ति कर्मव्याघातम्।।

घेराव करने के पश्चात् श्रमिक मिलजुल कर गाते हैं–

शिल्पललामः कर्मिगणो नाद्रियते चेद् वित्तवता।
गच्छति संस्था लुप्तिपथं राष्ट्रधनं च क्षामदशाम्।।

इस व्यायोग को कवि ने कहा है कि यह व्यायोग तो है ही, प्रहसन, एकांकी नाटिका और नाटक सभी कुछ है।

श्री नन्दलाल द्वारा लिखित 'गर्वपरिणति' में ऐसे दो भाईयों की कथा है जिनमें से छोटा पढ़ा लिखा है लेकिन गर्वोन्मत्त है और अपने अनपढ़ बड़े भाई को कुछ नहीं समझता लेकिन अन्त में अपने बड़े भाई की सहायता से ही उसके प्राण बचते हैं। लेखक का उद्देश्य यह बताना है कि कोरी अंग्रेज़ी पढ़ जाने से ही कोई व्यक्ति ऊँचा नहीं उठ जाता , जब तक उसमें मानवीय गुण नहीं होते वह दानव ही रहता है। पाश्चात्य ढंग की शिक्षा ने मनुष्य को ऐसा बना दिया है। लेखक उसी से क्षुब्ध है।

'विवाहविडम्बन' श्री श्रीजीव न्यायतीर्थ का प्रहसन है। इसमें बंगाली या सच कहा जाये तो पूरे हिन्दुस्तानी समाज की कुछ कुरीतियों पर हंसते हुए प्रकाश डाला गया है –एक साठ वर्ष का विधुर अपना विवाह एक नवयुवती से करना चाहता है। उस मुहल्ले के लड़के उसे आश्वासन देते हैं कि जिस लड़की को चाहते हो उसी के साथ तुम्हारा विवाह होगा लेकिन उसके गहने और कपड़े बनवाने के लिए तुम्हें अग्रिम पैसे देने होंगे। लड़के उससे पैसे लेकर लड़की का विवाह उसी के समवयस्क लड़के से कर देते हैं और वह वृद्ध हाथ मलता ही रह जाता है। समाज में आज भी ऐसे बहुत से वृद्ध लोग हैं जो तरुणियों से विवाह करना चाहते हैं। इस कृति द्वारा लेखक उन्हें बताना चाहता है कि इसका परिणाम कितना भयंकर हो सकता है? वर साठ साल का है और कन्या चन्द्रलेखा नवयुवती है, लेखक की कटूक्ति इस विषय में उचित ही है–

यष्टिधारी षष्टिवर्षः सहर्षः स्थविरो वरः।
चन्द्रलेखा–स्पर्शकामः करं विस्तारयत्यहो।।

श्री वाई महालिंग शास्त्री का उभयरूपकम् भी अंग्रेज़ी पढे लिखे नवयुवक का खेती करने वाले अपने बड़े भाई की हंसी उड़ाना, अपने घर वालों से सम्बन्ध न रखना और अपनी इच्छा से अपनी पसन्द की लड़की से विवाह करने की घटना को लेकर रचा गया है। इसमें समस्या तब उठती है जब पिता अपने अंग्रेज़ी पढ़े लिखे लड़के को तो आसमान पर चढ़ा देता है और खेती करने वाले लड़के को महामूर्ख समझता है। अन्त में एक ऐसी घटना घट जाती है जिससे पिता की आंखें खुलती हैं और वह अपने खेती करने वाले लड़के की कीमत पहचानता है। बड़े भाई की दृष्टि में योरुपीय संस्कृति के पले युवक कैसे होते हैं–

सकञ्चुकमुरस्सदा सदनचंक्रमेष्वप्यहो पदत्रपिहितं युगं चरणयोर्वपुर्मानिनः।
उपोढमुपलोचनं वदति सार्धकाकुस्वरं प्रनर्तितशिरोधरं चटिति कूणितं पश्यति।।

रमानाथ का 'प्रायश्चित्त' पांच अंकों का नाटक है। इसकी कथा-वस्तु सर्वथा नवीन है और एक बड़े प्रश्नचिह्न को लिए हुए है। क्या गरीब सदैव गरीब ही रहेगा और अमीर उसे सदैव घृणा की दृष्टि से ही देखते रहेंगे। यह नायिका-प्रधान नाटक उसी की ओर संकेत करता है। सारी कथा एक निराश्रित बाला पर निर्भर है। गांव का कोई किसान उसे आश्रय देता है। वहाँ का भूपति उसे तरह तरह की यातनायें देता है। कन्या बड़ी होती है। भूपति का लड़का उससे प्रेम करने लगता है। भूपति के लिए अपने पुत्र का यह व्यवहार निम्न स्तर की बात लगती है और उसे वह घर से निर्वासित कर देता है। कुछ दिनों में लोगों के समझाने से और युग के प्रभाव से भूपति की आंखें खुलती हैं और उसे आभास होता है कि न तो उस किसान का दोष है और न मेरे पुत्र का, सारा पाप मेरा है। इस पाप का प्रायश्चित्त करने के लिए वह अपने पुत्र का विवाह निराश्रित, पर अभीष्ट कन्या से कर देता है और अपनी कन्या का विवाह उस किसान युवक से कर देता है जिसे वह पहले बहुत यातनायें दिया करता था। प्रायश्चित्त करने के बाद भूपति को प्रसन्नता मिलती है। इसमें सन्देह नहीं कि यह समाज के लिए एक चुनौती है। वस्तु, नेता और रस तीनों की दृष्टि से यह नाटक अभूतपूर्व विशेषतायें लिए हुए है।

विष्णुपद भट्टाचार्य का 'काञ्चनकुञ्चिक' नाटक न होकर एक प्रकरण है। इससे विष्णुपद की नाट्य-रचना की सर्वोच्च प्रतिभा प्रमाणित है। इसका अभिनय वसन्तोत्सव पर हुआ था। इस नाटक में एक सुशिक्षित बेकार युवक की कथा है जो ट्यूशन करके अपना कार्य चलाता है। बहुत प्रयास के पश्चात् उसे एक रासायनिक यन्त्रालय में नौकरी मिलती भी है लेकिन शर्त यह होती है कि सन्ध्या के समय यन्त्रालय के स्वामी की बी.ए. की परीक्षा में बैठने वाली कन्या को पढ़ाया जाये जिसके उसे पैसे नहीं मिलेंगे, लेकिन विधि का विधान, उसी कन्या से उसका विवाह भी हो जाता है लेकिन बहुत झंझटों के बाद। कई स्थानों पर हास्य का उद्रेक हुआ है। अभिनय की दृष्टि से यह बहुत उत्तम कोटि का प्रकरण है।

लीला राव दयाल के अधिकांश रूपक समाजिकी चेतना से भरपूर हैं। उनका 'बाल-विधवा' एक ऐसा ही रूपक है। एक विधवा किसी सम्पन्न व्यक्ति के घर का काम करती है। सम्पन्न व्यक्ति उससे विवाह करना चाहता है। कोई पुरोहित उनका विवाह करवाने को तैयार नहीं क्योंकि उससे धर्मलोप का भय है। नायक बिना विवाह के साथ रहने को कहता है जिसका नायिका विरोध करती है। कचहरी में वह विवाह का समर्थन भी नहीं करती और रात के अन्धेरे में उस घर से निकल पड़ती है। यह नाटक पाश्चात्य शैली पर आधारित है।

लीला राव दयाल का 'वृत्तशंसिच्छत्र' भी पाश्चात्य शैली पर आधारित सामाजिक रूपक है। इसमें 12 वर्ष की कन्या का युवा पति अपनी सास के प्रति

आकृष्ट हो जाता है। सास द्वारा धिक्कारने पर वह घर और पत्नी को छोड़ जाता है। पत्नी पति के जीते जी विधवा का जीवन बिताती है। बहुत समय के पश्चात् वह पति को संन्यासी के रूप में पाती है, उससे प्रेम भी करने लगती है, हालांकि उसे यह पता नहीं होता कि यही उसका वास्तविक पति है। अन्त में दुबारा घर आने पर सारा रहस्य खुलता है।

लीला राव दयाल का ही एक अन्य रूपक है, मायाजाल–जिसमें कन्याओं के द्वारा विवाह जैसे पवित्र बन्धन को अस्वीकार करने की कहानी है। चार कन्यायें हैं–कोई शादी के बाद पति से सम्बन्ध विच्छेद कर लेती है, कोई किसी ब्राह्मण के साथ रहने लगती है, किसी के पति ने पेरिस जाकर उससे सम्बन्ध तोड़ लिया है और कोई एक मूर्च्छित युवक का उद्धार करने पर और उसके साथ रहने पर भी उसके साथ विवाह के लिए इन्कार कर देती है।

इस प्रकार की घटनाएं पाश्चात्य जगत् में आम होने लगीं हैं। वैवाहिक बन्धन ढीले होते जा रहे हैं। लेखिका ने इस समस्या को अत्यन्त प्रभावी ढ़ंग से अपनी नाट्यकृति में उपस्थापित किया है।

स्कन्दशङ्कर खोत का 'मालाभविष्यम्' उन डाक्टरों पर चोट करता है जो बिना लाइसैन्स के लोगों का इलाज करते हैं। नाट्यकृति में एक ऐसे ही नौसिखिया डॉक्टर का चित्रण है जो गलत दवा देने के कारण पकड़े जाने पर कहता है कि पिता से पुत्र को जैसे और वस्तुएं उत्तराधिकार में मिलती हैं वैसे ही उसे भी उनका डॉक्टरी लाइसेंस मिला है। वह पकड़ा जाता है और अन्त में उसे जुर्माना हो जाता हैं।

उपर्युक्त संक्षिप्त विवेचन से स्पष्ट है कि अर्वाचीन संस्कृतकार अपने आसपास की पारिवारिक, औद्योगिक आदि हर प्रकार की समस्याओं से सम्यक् परिचित हैं और उनका यथार्थ चित्रण करते हैं। वह इसमें पर्याप्त सफल हैं इसमें सन्देह नहीं। उनके चित्रण में एक अन्तर्दृष्टि है, एक चुभन है जो हृदय को कहीं गहरे तक स्पर्श कर जाती है।

X

हरियाणा के आधुनिक संस्कृत साहित्यकार

भारत में अनेक शताब्दियों से मौलिक संस्कृत-साहित्य की सर्जना होती रही है। अनेक कवियों, लेखकों व गवेषकों ने इस पवित्र भूमि को अलंकृत किया है। हरियाणा की भूमि तो इस दिशा में और भी उर्वर रही है। इसी के परम-पावन कुरुजांगल प्रदेश एवंच सरस्वती और दृषद्वती नदियों के बीच बसे ब्रह्मावर्त में सृष्टि के प्रथम चरण में नाना ऋषियों की ऋचाएं उच्चरित हुई हैं, उनके आश्रमों में ऋषिकण्ठों से उद्गीत वेदमन्त्रों से दिशाएं अनुनादित हुई हैं, यज्ञकुण्डों से उद्गत धूम ने नभोमण्डल को आच्छादित किया है। न जाने कितने ऋषियों, महर्षियों, सन्तों, महात्माओं व समाज-सुधारकों की यह साधना-भूमि रही है।

समय सदा एक-सा नहीं रहता। साधना-भूमि युद्ध भूमि में परिणत हुई। तपः प्रवृत्ति में विघ्न पड़ा, चिन्तन की गति अवरुद्ध हुई, मानस-मन्थन को भला अब अवकाश कहाँ? शस्त्र खनखनाये, घोड़ों की टापें गूंजीं, योद्धाओं की ललकार सुनाई दी और दिनों, सप्ताहों और महीनों युद्ध चला। रक्त की नदी बह चली और उसी में ही बह गई तपः साधना और साहित्य-सृष्टि।

समय फिर बदला। उसके बदलते ही तपः साधना और साहित्य-सृष्टि पुनः लौट आई। यही है संक्षेप में हरियाणा की साहित्यिक गतिविधि का इतिहास—रुकता, ठिठकता, बल खाता इतिहास।

साहित्य-सृष्टि के लौटते ही इस देश की आदि भाषा संस्कृत में ग्रन्थ रचना होने लगी। 19 वीं एवं 20 वीं शताब्दी में संस्कृत में जो नवीन साहित्य-धारा प्रवाहित होनी प्रारम्भ हुई वह अब तक चली आ रही है। अनेक साहित्य-स्रष्टाओं ने इसे अपने साहित्य-जल से समृद्ध किया है जिनमें प्रमुख हैं :

स्वामी हीरादास जी

साहित्य स्रष्टाओं में सब से प्रथम विशेष उल्लेखनीय स्वामी हीरादास जी हैं। भिवानी के दादू सम्प्रदाय के स्वामी हीरादास जी जिन्होंने संवत् 1846 अथवा

सन् 1890 में भिवानी, जिसे उन्होंने भीहानि की संज्ञा दी है, में रह कर चौबीस विश्रामों अथवा सर्गों–उन्होंने सर्गों को विश्रामों का नाम दिया है, में विभक्त दादूरामोदयः नामक महाकाव्य की रचना की थी। श्री स्वामी दादूराम जी की शिष्य-परम्परा में बारहवें थे। ग्रन्थान्त में श्री स्वामी जी ने कहा है :–

श्रीरामरत्नशिष्येण हीरादासेन धीमता।
देववाण्यां कृतस्तेन भीहानिनगरे शुभे।[1]

काव्य में दादूराम जी का जीवनचरित्र अत्यन्त काव्यमय शैली में वर्णित किया गया है। रोचक उपमाओं और उत्प्रेक्षाओं की महिमा का वर्णन करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि श्रीहरि साधुओं के पीछे-पीछे ऐसे जाते हैं जैसे गाय अपने बछड़े के :

साधूननु हरिर्याति यथा धेनुः स्ववत्सकम्।[2]

न केवल इतना ही। जैसे गाय के स्तनों से मनुष्य दुग्ध प्राप्त करता है वैसे ही साधु के मुख से वह शीघ्र ही श्रीहरि को प्राप्त कर लेता है, नहीं तो श्री हरि को वह कभी भी नहीं प्राप्त कर पाता :

यथा धेनुस्तनैः क्षीरं तथा साधुमुखाद्धरिम्।
प्राप्नोति ह्यञ्जसा मर्त्य अन्यथा नैव नैव च।।[3]

श्री स्वामी जी में विनय की चरम सीमा देखने को मिलती है। उनका कहना है कि समस्त पर्वत रूपी कज्जल को, समुद्र रूपी पात्र में घोल लिया जाय, सरस्वती स्वयं लेखिका हो, कल्पतरु लेखनी हो, समस्त पृथ्वी कागज हो तो भी ब्रह्मवेत्ता के गुणों का पार वह न पा सकेगी। मेरा साहस देखकर साधु जन क्रुद्ध न हों। बच्चे की वाणी सुनकर माता प्रसन्न ही होती है, कुपित नहीं :

समस्तगिरिकज्जलं सिन्धुपात्रे च गालितम्
गृहीत्वा भारती तद्धि देवद्रुमस्य लेखनीम्।
लिखति सर्वदा सिद्धा धरापत्रे च सन्ततम्
ब्रह्मविदो गुणानां च पारं न याति साऽपि हि।।[4]

मदीयं साहसं दृष्ट्वा मा कुप्यन्तु च साधवः।
माता बालवचः श्रुत्वा हृष्यति सा न कुप्यति।।[5]

ग्रन्थकार ने अपने ग्रन्थ में विषय-प्रतिपादन के लिये समास और व्यास इन दोनों शैलियों का आश्रय लिया है। पहले तो उन्होंने श्री दादूराम जी का सारा जीवनचरित्र बहुत विस्तार से दिया है पर अन्त से अत्यधिक संक्षेप में दो तीन श्लोकों में उसे उपस्थित कर दिया है–

पञ्चहायन आत्मज्ञो ददर्श च हरिं तदा।
द्वात्रिंशद्धायनः स्वामी सामुद्रीं च पुरीं गतः।।

द्वाचत्वारिंशकः स्वामी यवनेशेन सत्कृतः।
पञ्चाशत्कः सदाचारी कल्याणनगरं गतः।।

एकोनषष्टिकः स्वामी ययौ नारायणं पुरम्।
षष्टिस्तु हायनः स्वामी ह्यगाद् ब्रह्मपदं परम्।। [6]

श्री दादू की स्तुति में ग्रन्थकार की वाणी मुखर हो उठी है। उसने उन्हें हरि, हर और अज (ब्रह्मा) रूप कहा है :

श्रीदयालुं नमस्कुर्मो हरिहराजरूपिणम्।
दादूदेवं दर्पमूर्तिं परमानंददायिनम्।। [7]

ग्रन्थकार ने साधु-सन्तों को प्रणाम कर ग्रन्थ का प्रारम्भ किया है।

दादूरामोदयः काव्य बहुत कुछ पुराण की शैली पर लिखा गया है। पुराणों की तरह इसमें भी माहात्म्य वर्णन हैः

पुण्यं यशःप्रदं शुद्धं श्रीस्वामिनो भुवि ध्रुवम्।
शृण्वन्ति ये जना नित्यं गायन्ति कथयन्ति च।।

पठन्ति पाठयन्ति च ते भवन्ति श्रीहरेः प्रियाः।। [8]

काव्य प्रायः पद्यों में लिखा गया है। पर कहीं-कहीं इसमें गद्य भी दीख जाता है और वह भी उपनिषदों की शैली का। यथा—

स होवाच-नास्य विधिरिति। सर्वदा शुचिरशुचिर्वा पठन् ब्राह्मणः सलोकतां समीपतां सायुज्यतां सार्ष्टिमेति। यदास्य षोडशकस्य सार्द्धत्रयकोटीर्जयति तदा ब्रह्महत्यायास्तरति वीरहत्यायाः सुवर्णस्तेयाद् वृषलीगमनात्पित्रोर्देवानामृषीणां मनुष्याणामृणापाकरणात्स्वधर्म-परित्यागपापात् सद्यः शुचितामाप्नुयात् सद्यो मुच्यते सद्यो मुच्यत इति। [9]

ग्रन्थकार का संस्कृत वाङ्मय का परिचय भी गहन है। नाम संकीर्तन के माहात्म्य के प्रसंग में उन्होंने अनेकानेक ग्रन्थों से उद्धरण दिये हैं एवं उनकी अपने ढंग से व्याख्या की है।

प्राचीन शैली के संस्कृत पंडितों की तरह अर्वाचीन शब्दों के संस्कृतीकरण की भी उनमें प्रवृत्ति है। भिवानी का पूर्वोल्लिखित भीहानि रूप इसी कोटि में आता है। इसी प्रकार पैसे के स्थान पर पीसक का प्रयोग। अर्वाचीन नामों का किसी न किसी प्रकार अर्थसादृश्य मिला कर संस्कृत धातुओं से सिद्ध करने की प्रवत्ति भी इनमें है। ग्रन्थ के नायक श्री दादू के नाम को ही लीजिए। संस्कृत से भला इसका

क्या सम्बन्ध? शुद्ध देशी शब्द है यह। पर ग्रन्थकार ने इसका भी सम्बन्ध संस्कृत धातुओं से जोड़ कर इसके निर्वचन प्रस्तुत किये हैं। इन निर्वचनों की सार्थकता के लिये एक कथानक भी उपस्थापित किया है। जब श्री दादू जी पांच बरस के हो गये तो एक दिन भगवान् उनके सामने प्रकट हुए और उनसे कहने लगे कि तुम्हारे पास क्या है? उन्होंने कहा कि मेरे पास तो एक पैसा है। भगवान् बोले–इसका एक पत्ता (पान) ले आओ। श्री दादू जी पान ले आये। श्री भगवान् ने उसके दो बीड़े बनाए। एक खुद खा लिया और एक श्री दादू जी को दे दिया। पान का बीड़ा खाकर वे बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने श्री दादू जी को गोद में उठा लिया और बोले, तुमने जो मुझे पान का बीड़ा दिया उसका फल सुनोः

पत्रदानाच्च दादूस्त्वं ख्यातो भवसि भूतले।
दीयते ते मया ज्ञानं दादूस्ते नाम तेन हि।।

कथानक से असम्बद्ध दादू के अन्य निर्वचन भगवान् ने देते हुए कहा–

भवान् ददाति सर्वेभ्यो जनेभ्योऽर्थचतुष्टयम्।
तेन त्वमसि भो विद्वन् दादूनामा च यौगिकः।।

ज्ञानं यच्छति भक्ताय वा सुखं ददते निजम्।
यस्त्वर्थो विद्यते ह्यत्र दादूवाच्यो हि तेन सः।।

दायति जिनशक्त्या च स्वशरणागतान् जनान्।
स्वयं शुद्धः सदारामः स दादूरिति पठ्यते।।

दयते सर्वदुःखेभ्यः स्वसान्निध्यागतान् नरान्।
एवम्भूतः सदा शक्तः स दादूरिति पठ्यते।।

प्रपञ्चं दाति यः स्वामी दापयति जनैः स्वकैः।
स्वशक्त्या च निजानन्दस्ततो दादूर्विपठ्यते।।

द्यति दुःखानि भक्तानां मायां तत्कार्यमागतम्।
स्वात्मारामस्सदा शुद्धस्ततो दादुर्निगद्यते।।[10]

प्रस्तुत श्लोकों में अनेक धातुओं से ग्रन्थकार ने दादू शब्द की व्युत्पत्ति बतलाई है और उनका धातुओं के अर्थों की चरितार्थता भी उस शब्द में प्रतिपादित कर दी है। ये व्युत्पत्तियाँ इस प्रकार हैं:

दादू

डुदाञ्दाने

ददाति सर्वेभ्यो जनेभ्योऽर्थचतुष्टयम् अर्थात् जो सभी लोगों को पुरुषार्थचतुष्टय-प्रदान करता है।

ख. दाण् दाने

यच्छति भक्ताय वा सुखम्।
भक्त को सुख देता है।

दद दाने

सुखं ददते निजम्।
अपने लोगों को सुख देता है।

दैप् शोधने

दायति निजशक्त्या च स्वशरणागतान् जनान्।
अपनी शरण में आये लोगों को अपनी शक्ति से शुद्ध करता है।

देङ् पालने

दयते सर्वदुःखेभ्यः
सब दुःखों से पालन-रक्षा करता है।

दाप् लवने

प्रपञ्चं दाति यस्स्वामी।
प्रपंच का खण्डन करता है।

दो अवखण्डने

द्यति दुःखानि भक्तानाम्।
भक्तों के दुःख दूर करता है।

न केवल निर्वचन ही, ग्रन्थकार ने इसकी व्याकरण प्रक्रिया का भी निर्देश दिया है:-

उणादिष्वन्तरो ज्ञेयः कास्वादिगणनिश्चितः।
प्रत्ययो बाहुलेनात्र सप्तभ्यो दददाभ्य ऊण्।।[11]

ग्रन्थकार का कहना है कि उणादियों में कास्वादि गण में नियमेन ऊण् प्रत्यय होता है। वही बाहुलकेन इन्हीं पूर्व-निर्दिष्ट सात धातुओं से भी हुआ है जिस कारण दादू शब्द बना है।

ग्रन्थ का प्रारम्भ ग्रन्थकार ने गुरु-शिष्य संवाद रूप में किया है। एक बाद गौतमी नदी के तीर पर सभी मुनि और साधु-सन्त एकत्रित हुये। उनमें एक बुद्धिमान शिष्य ने एक गुरु से पूछा कि जितने भी वैष्णव अवतार हैं वे सभी

पक्षपाती हैं। ऐसा अवतार जो सदा शुद्ध एवं पक्षपात विवर्जित हो, वह कब हुआ, होगा या है। प्रभु ने वह अवतार क्यों लिया? किस युग में या देश में या कैसे वह अवतार हुआ? इस पर गुरु ने उसे बताया कि एक बार ब्रह्मलोक में एक बहुत बड़ा उत्सव हो रहा था। वहाँ सनत्कुमार भी उपस्थित थे। वे समाधि में लीन थे। जब विष्णु जी वहां पधारे तो उन्होंने अगवानी के लिए उन्हें नहीं देखा। उन्होंने क्रुद्ध होकर उन्हें शाप दिया कि तुम्हारे तीन जन्म होंगे और उन तीनों जन्मों में तुम कामार्त रहोगे। पहिला जन्म तुम्हारा शरजन्मा के रूप में होगा, दूसरा साम्ब के रूप में और तीसरा दादूराम के रूप में। इस पर सनत्कुमार ने उन्हें शाप दिया कि उनकी जो सर्वज्ञता है उसे कुछ समय तक के लिये त्याग कर वे अज्ञानी बन जायेंगे। इस प्रकार उन दोनों ने एक दूसरे को शाप दे डाला। इसी शाप के फलस्वरूप सनत्कुमार दादूराम के रूप में अवतीर्ण हुए। अपने प्रभाव के कारण उन्होंने अपना रूप छोटा कर लिया। गुजरात के अहमदाबाद नगर में विनोदीराम नागर नामक एक ब्राह्मण सन्तानाभाव के कारण बहुत दुःखी थे। वे भगवान् के परम भक्त थे। एक दिन भगवान् ने आकाशवाणी की कि उन्हें पुत्र प्राप्ति हो जायगी। एक दिन जब विनोदीराम नागर नदी में स्नान करने गये तो उन्हें एक पेटी नदी में बहती दिखाई दी। विनोदीराम नगर ने उसे जल से बाहर निकाल कर जब खोला तो उसमें उसे एक सुन्दर सलोना बालक दिखाई दिया। उसकी प्रसन्नता की सीमा न रही। वह बच्चे को घर ले गया जहाँ कि वह सब सुख, साधनों में पलने लगा। जब वह पांच वर्ष का हो गया तो एक वृद्ध के रूप में उसे भगवान् के दर्शन हुए। उन्होंने उसे गोद में उठाया और ज्ञान दिया और यह कहा कि वे ग्यारहवें वर्ष में उसे फिर मिलेंगे। सातवें वर्ष का होने पर माता-पिता ने उसका विवाह कर दिया। ग्यारहवें वर्ष में भगवान् ने फिर उसे दर्शन दिये और उसे हरे राम मन्त्र दिया। उन्होंने कहा कि वे इसका स्वयं भी जप करें और दूसरों को भी दें। वास्तव में वृद्ध मिलाप से ही श्री दादूजी की वृत्ति और ढंग की हो गई थी। तभी वे घर के प्रति विरक्त हो गए थे। न कुछ सुनते थे न कुछ बोलते थे। जो मन में आता था करते थे। माता-पिता जो सिखाते थे, उसे सुन बच्चों की तरह हंसते थे। इस पर माता-पिता ने उन्हें छूट दे दी और वे स्वतन्त्र हो गए। अपनी इच्छा से कभी वे घर रहते थे कभी बाहर घूमते थे। प्राण-धारण के लिये जितना आवश्यक था उतना ही वे लेते थे। अधिक की उन्हें इच्छा-नहीं थी। अश्म और कांचन में उनकी समान दृष्टि थी। इसी बीच वे अपने नगर से पूर्व दिशा की ओर चले। जहाँ-जहाँ वे जायें लोग दादू दादू पुकारें। इसी बीच उनकी भेंट संत कबीर से हुई। दोनों महात्मा एक दूसरे से मिलकर बहुत प्रसन्न हुए। कुछ दुष्ट लोगों ने उन्हें (श्री दादू जी को) बुरा-भला कहा और यह भी कहा कि पता नहीं वे किस जात के हैं। पर वे तो शुद्ध बुद्ध स्वरूप थे। अनेक चमत्कार भी लोगों ने उनके देखे। जिस-जिस ने उन्हें कष्ट

पहुंचाने की चेष्टा की, उसे स्वयं कष्ट पहुंचा। उनके चमत्कारों के प्रभाव से उनसे द्वेष करने वाले भी उनके भक्त बनते गये। इसी प्रकार जीवनयापन करते-करते वे एक दिन श्री हरि में लीन हो गए।

ग्रन्थकार ने जहाँ सन्त दादू के माहात्म्य एवं महिमामय चरित्र का वर्णन किया है, वहाँ उन कतिपय द्वेषियों का भी उल्लेख किया है जो उनसे जलते थे। वे नीच, क्षुद्र, मनुष्याकार पशु यह कहते थे कि सन्त दादू मुसलमान के घर में जन्मे हैं। ग्रन्थकार को उनकी इस क्षुद्रता पर सुतरां क्षोभ है। वे तड़प उठे हैं और प्राचीन और अर्वाचीन अनेक दृष्टान्त देकर उन्होंने यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया है कि ऊँचा होने में जन्म कारण नहीं है। से कहते हैं कि ब्रह्मा कमल से उत्पन्न हुए थे पर तपस्या के बल पर समस्त विश्व के पितामह बन गये। वसिष्ठ उर्वशी के गर्भ से उत्पन्न हुए थे। तपस्या से वे ब्राह्मण बन गये। मुनि ऋष्यशृंग हिरनी के गर्भ से हुए थे और माण्डव्य मेंढकी के गर्भ से। अगस्ति कुम्भ से और द्रोण द्रोणी से। ये सभी तपस्या के बल से ब्राह्मण बन गये। ग्रन्थकार की वाणी जो मुखरित होती है तो एक से एक उदाहरण निकलते चले आते हैं। अजस्र धारा सी फूट निकलती है। ग्रन्थकार के शब्दों में—

प्रथमतो विधिर्ज्ञेयः कमलादभवत्स्वयम्।
तपसा तु जगत्कर्ता सर्वविश्वपितामहः।।

उर्वशीगर्भसम्भूतो वसिष्ठस्तु महामुनिः।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिर्न कारणम्।।

हरिणीगर्भसम्भूतो ऋषि (ष्य) शृङ्गो महामुनिः।
मण्डूकीगर्भसम्भूतो माण्डव्यस्तु महामुनिः।।

अगस्तिः कुम्भसम्भूतः द्रोणो द्रोण्यां च सम्भवः।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिर्न कारणम्।।

कुशस्तम्भात्कृपाचार्यः तद्भगिनी कृपी तथा।
तपसा ब्रह्मणो जातस्तस्माज्जातिर्न कारणम्।

मतङ्गो नापिताज्जातो गर्दभ्या परिबोधितः।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिर्न कारणम्।।

नैतेषां ब्राह्मणी माता न संस्कारश्च विद्यते।
तपसा ब्राह्मणा जाता तस्माज्जातिर्न कारणम्।।

किंच—

नोच्चनीचकुलैकान्तः वादलुप्तास्तु दुर्धियः।
यदब्जं जायते पङ्के पद्मनाले तु कण्टकः।।

एते तु गदिताः पौर्वाः कलौ जाताश्च मे शृणु।
कबीरो यावने गेहे जातो वै वैष्णवोत्तमः।।

चर्मकारगृहे जातो रैदासो भगवत्प्रियः।
सर्वान् विप्रान् विहायागाद् यस्य गेहे जनार्दनः।।

शूद्रस्य च गृहे जातो नामदेवो हरिप्रियः।
सप्राणा गौर्मृता येन विष्णुभक्तेन सा कृता।। [12]

अपने मत की परिपुष्टि के लिए ग्रन्थकार ने प्राचीन एवं अर्वाचीन अनेक उदाहरण उपस्थित किये हैं। पाठक उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता।

ग्रन्थ की भाषा में प्रसाद गुण है। कभी-कभी अपाणिनीय प्रयोग इसमें अवश्य दीख जाते हैं। यथा-पृच्छे, भ्रंशति, उपदिश्यति, विमरिष्ये, सुमन्ते, नुनुमः, विचक्षतुः, निरुन्धताम् (बन्दिगृहे निरुन्धताम्), गृह्य, स्थाप्य, परित्यक्त्वा आदि। लिङ्ग व्यत्यास भी कहीं-कहीं दीख जाता है। यथा -सर्वं चैतद्विनिर्णयम्, विनिर्णयः के स्थान पर विनिर्णयम्, हिन्दूनां च तथास्माकं मार्गं च दूषितं त्वया, मार्गः के स्थान पर मार्गम्। अनेक बार चेद् और यदि दोनों एक साथ प्रयुक्त कर दिये गये हैं-चेद्यदि न करोषि। कतिपय स्थलों में हिन्दी का प्रभाव स्पष्ट है-वृद्धमिलापमारभ्य, उबारने के लिये उर्वरित शब्द का प्रयोग-तेन चोर्वरिता भव्याः। क्वचित् क्वचित्, ह्रस्व दीर्घ का व्यत्यास भी है। यथा-कुटी के लिये कुटि शब्द का प्रयोग। तस्मान्न कुत्रच्छिद्दोषो विद्यते सज्जने जने' आदि में यदा कदा पुनरुक्ति भी दीख जाती है। साधु-सन्तों की चलती भाषा में इस प्रकार की विलक्षणताएं प्रायः देखने को मिलती हैं।

पण्डित सीताराम शास्त्री

श्री स्वामी हीरादास जी के बाद के विशेष उल्लेखनीय विद्वान् हैं भिवानी के ही विद्यामार्तण्ड पण्डित सीताराम शास्त्री जिनका वैदुष्य दूर-दूर तक विख्यात है। इनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण कृति है यास्क कृत निरुक्त की सरल एवं सुबोध शैली में हिन्दी में व्याख्या। यह व्याख्या तीन खण्डों में प्रकाशित हुई है। द्वितीय खण्ड के आदि में विस्तृत भूमिका भी है जिसमें निरुक्त सम्बन्धी प्रश्नों पर गहन विचार किया गया है। पण्डित जी की निरुक्त की इस व्याख्या का विद्वत्समाज में बहुत स्वागत हुआ है।

पण्डितजी ने हिन्दी में श्रीमद्भगवद्गीता की एक भक्तिप्रधान व्याख्या भी लिखी है, जिसका शीर्षक उन्होंने श्रीगीताभगवद्भक्तिमीमांसा दिया है। ग्रन्थ की भूमिका में उन्होंने लिखा है—"इस सम्पूर्ण गीता शास्त्र में सब स्थानों में उस एक

भक्ति तत्त्व का ही प्राधान्य से उपदेश है। इससे हम यही निर्णय करते हैं कि यह गीता श्रीमद्भगवद्भक्तिगीता ही है।" इन पंक्तियों में उन्होंने अपना मत स्पष्ट कर दिया है। उनकी दृष्टि में श्रीमद्भगवद्गीता श्रीमद्भगवद्भक्तिगीता ही है।

पण्डित जी ने साहित्यशास्त्र पर भी दो ग्रन्थ लिखे हैं। एक साहित्योद्देशः नाम से संस्कृत में और दूसरा साहित्य-सिद्धान्त नाम से हिन्दी में। साहित्य-सिद्धान्त, साहित्योद्देशः में संस्कृत में प्रतिपादित सिद्धांतों की हिन्दी में सविस्तर व्याख्या प्रस्तुत करता है। साहित्योद्देश के निर्माण में विद्यार्थियों को सरल उपाय द्वारा साहित्यशास्त्र का ज्ञान कराना पण्डित जी का प्रेरक रहा है। ग्रन्थ के प्रारम्भ में दिये गये चार श्लोकों में उन्होंने इस अभिप्राय को स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा है–

त्वरया पारमिच्छूनां गन्तुं भिन्नार्थभासिनाम्।
शास्त्राब्धीनामनायासं छात्राणां गृहगामिनाम्।।
कीदृङ्निबन्धसङ्घानां निर्माणं कार्यमृद्धये।
कालेऽन्तरायसङ्कीर्णे विद्वद्भिरुपकारिभिः।।
तन्निदर्शनमेतन्मे पण्डितानां समर्हणम्।

ग्रन्थ में कतिपय मानचित्र भी दिये गये हैं जिनमें विद्यार्थी को विषय सुगमता से समझ में आ सकता है और उसे स्मरण रखने में भी सहायता मिल सकती है। शास्त्री जी ने साहित्य-शास्त्रीय सिद्धान्तों का प्रतिपादन काव्यप्रकाश, साहित्यदर्पण एवं दशरूपक जैसे सुप्रसिद्ध साहित्यशास्त्रीय ग्रन्थों के आधार पर किया है। पण्डित जी ने इन सभी ग्रन्थों से सहायता ली है। इतने अंश में उनके ग्रन्थों में मौलिकता नहीं है। उनकी विशेष मौलिकता है–विषयों के वर्गीकरण एवं मानचित्रादि के माध्यम से उनके स्पष्टीकरण में। अपने ग्रन्थ (साहित्योद्देश) को पण्डित जी ने तीन भागों में विभक्त किया है– प्रथम पदार्थोद्देश में काव्य, शब्द, अर्थ, वृत्ति आदि त्रयोदश काव्य-शास्त्रीय पदार्थों का निरूपण है, द्वितीय काव्यभेद में साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद के अनुसार दृश्य और श्रव्य काव्यों का वर्णन है और तृतीय नाट्यपदार्थावभास में दशरूपक के अनुसार नाट्य पदार्थों का वर्णन है। ग्रन्थ के अन्त में कतिपय परिशिष्ट दिये गये हैं जिनसे इनकी उपयोगिता बहुत बढ़ गई है।

पण्डित जी ने सांख्य दर्शन की हिन्दी में एक व्याख्या भी लिखी थी जोकि विषय के स्पष्टीकरण की दृष्टि से बेजोड़ है। पण्डित जी वेद के भी मर्मज्ञ विद्वान् थे। (यद्यपि इस दिशा में उन्होंने विशेष नहीं लिखा है)। नाना विषयों में उनकी गति थी। उनकी अगाध विद्वत्ता से अभिभूत होकर ही महामहोपाध्याय पण्डित छज्जूराम शास्त्री ने उनके विषय में कहा था–

लोके प्रसिद्धनामा सीमाऽऽचारस्य वेदमर्मज्ञः।
जयति भिवानीधामा सीतारामाभिधः शास्त्री।[13]

महामहोपाध्याय पण्डित छज्जूराम शास्त्री

तहसील जींद के रिंटोली ग्राम के उपरिनिर्दिष्ट महामहोपाध्याय पण्डित छज्जूरामशास्त्री विद्यासागर स्वयं भी बहुत बड़े संस्कृत साहित्यकार थे। साहित्य की विभिन्न विधाओं में इन्होंने रचनाएं लिखी थीं। ये नैयायिक भी थे और कवि भी। अपने व्यक्तित्व में इन दो विभिन्न तत्त्वों के सम्मिश्रण से उत्पन्न विलक्षणता के प्रति ये जागरूक थे। दुर्गाभ्युदय नाटक में अपनी यह विलक्षणता इन्होंने इन शब्दों में व्यक्त की है–

कर्कशे तर्कविषये कोमले काव्यवस्तुनि।
समं लीलायते यस्य छज्जूरामस्य भारती।।[14]

अर्थात् जिस छज्जूराम की वाणी तर्क के कर्कश विषय में एवं च मनोहर काव्य रचना में एक समान क्रीड़ा करती है।

पण्डित जी की सबसे पहली रचना पंचसर्गात्मक 'सुलतानचरितम्' नामक एक काव्य थी जोकि उन्होंने स्वयं देहरादून से संवत् 1967 में प्रकाशित की थी। इस काव्य में चित्तौड़गढ़ के राजा महेन्द्रपाल के पुत्र महीपाल की कथा वर्णित है। महीपाल का एक दूसरा नाम सुरतान भी था। इसी सुरतान का उच्चारण ही बदलते–बदलते सुलतान हो गया था। संस्करण समाप्त होने के कारण अब यह ग्रन्थ दुर्लभ ग्रन्थों की कोटि में है। इसके बाद की पण्डित जी की रचना है, सात अंकों का 'दुर्गाभ्युदय' नामक नाटक। इसमें भगवती दुर्गा के महिषासुर के साथ संग्राम एवं उसके वध के पौराणिक कथानक का वर्णन है। पण्डित जी ने 'छज्जूरामायणम्' नामक एक अन्य नाटक भी लिखा है जोकि अद्यावधि अप्रकाशित है। शास्त्रीय ग्रन्थों में पंडित जी का विशेष उल्लेखनीय ग्रन्थ है, अलंकार शास्त्र का ग्रन्थ 'साहित्यबिन्दु' जिसका प्रमुख उद्देश्य छात्रों को सरल रीति से साहित्य शास्त्र का ज्ञान कराना, अलंकारादि के भेद प्रभेदों की उलझन से बचाना, परिष्कृत संस्कृत द्वारा वाद युग की प्राचीन पद्धति में प्रवृत्त कराना एवंच साहित्य शास्त्र को प्रौढ़ विद्या न मानने वाले मत का निराकरण करते हुए इसे (साहित्य शास्त्र को) सब शास्त्रों का सार सिद्ध करना है। इस ग्रन्थ की विशेषता को पण्डित जी के सुपुत्र श्री जीवन राम शास्त्री ने इन शब्दों में व्यक्त किया है–यद्यपि यह ग्रन्थ अल्पकाय है तथापि काव्यशास्त्रवत् नाटकादि भेदों से विरहित नहीं, साहित्यदर्पणवत् विषयविवेचना दरिद्र नहीं, प्रमेयांश को परिष्कृत करता हुआ भी रसगंगाधरवत् दुष्प्रधर्ष्य नहीं, अलंकारकौस्तुभवत् अनुपयुक्त विस्तार बहुल नहीं, चन्द्रालोक साहित्यसारवत् केवल पद्यबद्ध नहीं। इस ग्रन्थ की एक विशेषता यह भी है कि इसमें नव्वे प्रतिशत उदाहरण ग्रन्थकार के ही हैं। पण्डित जी के जो ग्रन्थ अद्यावधि अप्रकाशित हैं उनसे भी इसमें उदाहरण हैं। यथा मुनिविषयक प्रीति के उदाहरण

के प्रसंग में छज्जूरामायण से निम्नलिखित श्लोक यहाँ उद्धृत किया गया है–

श्रवणाञ्जलिपुटपेयं चक्रे रामायणाख्यममृतं यः।
मुनिवर्यं कविधुर्यं वन्दे वाल्मीकिं भक्त्या।।[15]

अर्थात् मैं कविशिरोमणि मुनिवर श्रीवाल्मीकि को भक्तिपूर्वक प्रणाम करता हूँ जिन्होंने श्रोत्राञ्जलिपुट द्वारा पातव्य रामायण नाम के अमृत की सृष्टि की थी।

इस प्रकार 'सुलतानचरित' काव्य से जो सम्प्रति सुतरां दुर्लभ है और जिसकी पण्डित जी के स्वयं के पास भी एक भी प्रति शेष नहीं थी, निम्नलिखित श्लोक विप्रलम्भशृंगार के उदाहरण के प्रसंग में प्रस्तुत ग्रन्थ में पाया जाता है। इस श्लोक में सुलतान की रानी निहालीदेवी उससे कहती है –

अभिनयनयेन निमीलिताक्ष कृतकसमाधिरयं तव प्रतीतः
अलमलघुतयाऽद्य मामनङ्गः ज्वरदवधुं स्ववधूं कुरुष्व कण्ठे।।[16]

अर्थात् हे व्यर्थ ही नयनों को भीचें हुए भद्र पुरुष, यह तेरी कपटसमाधि है, यह मैं जानती हूँ। देर मत करो। मुझ कामज्वरोपतप्त अपनी पत्नी को तुम गले लगाओ।

'साहित्यबिन्दु' विशेषतः उल्लेखनीय इसलिये भी है कि इसमें पण्डित जी ने एक विशेष प्रयोग किया है। उन्होंने सभी के सभी काव्य दोषों के उदाहरण अकेले श्री हर्ष कृत नैषधीयचरित से ही दिखा दिये हैं। इसमें उन्हें प्रेरणा उस किंवदन्ती से मिली है जिसके अनुसार श्रीमम्मट ने श्री हर्ष के नैषधीय चरित को अनेकदोषदूषित बताया था। उनका कहना है कि नैषध जिसे कि 'विद्वदौषध' कहा गया है, ही सर्वाधिक दोषयुक्त काव्य संस्कृत वाङ्मय में है–

काव्यस्य गुणदोषाणामाकरः कथ्यते बुधैः।
नैषधं तत्र तेऽस्माभिः प्रदर्श्यन्ते यथामति।।[17]

पण्डित जी के कतिपय अन्य लघु ग्रन्थ भी हैं जिनमें 'कुरुक्षेत्रमाहात्म्यम्' और 'कर्मकाण्डपद्धतिः' का उल्लेख किया जा सकता है।

पण्डित जी ने संस्कृत वाङ्मय के कतिपय प्रमुख ग्रन्थों पर टीकाएं भी रची हैं जिनमें विशेष उल्लेखनीय हैं : न्यायसिद्धान्तमुक्तावली पर मूलचन्द्रिका, न्यायदर्शन पर सरला , वेदान्तसार पर सारबोधिनी, महाभाष्य प्रथम आह्निकद्वय पर परीक्षा, निरुक्त के पांच अध्यायों पर सारबोधिनी, लघुसिद्धान्त कौमुदी पर साधना, काव्यप्रकाश पर परीक्षा अथवा विद्यासागरी। पण्डित जी की एक अन्य रचना भी है–'विबुधरत्नावली'। श्लोकों में निबद्ध संस्कृत साहित्य का यह इदम्प्रथम इतिहास है। पण्डित जी ने इसे आठ अध्यायों में विभक्त किया है। इसमें विषय का अति संक्षेप में निरूपण है। यद्यपि लेखक का कहना है कि उन्होंने वैदिक वाङ्मय से लेकर अर्वाचीन वाङ्मय के इतिहास का इसमें निरूपण किया है तो

भी इसे इतिहास तो नाममात्र में कहा जा सकता है। बहुत अंशों में तो यह संस्कृत वाङ्मय के प्रमुख ग्रन्थों का सूचीपत्र मात्र ही है। उदाहरणार्थ संस्कृत नाटकों के इतिहास के प्रसंग में ग्रन्थकार ने कतिपय नाटकों एवं उनके लेखकों के उल्लेख भर करने में अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ ली है—

कुन्दमालां धीरनागः क्षेमेशः चण्डकौशिकम्
व्यधुस्तथा शङ्खधरः कविर्लटकमेलकम्।
बालरामायणं बालभारतं राजशेखरः।
विद्धशालभञ्जिकां च कृतवान् कविशेखरः।।[18]

इस प्रकार एक ही श्लोक में अनेक साहित्यकारों और उनकी कृतियों का उल्लेख लेखक ने किया है। प्रख्याततम साहित्यकारों के लिये उन्होंने एक या कभी-कभी दो श्लोकों का भी उपयोग किया है। उनमें पहले में कवि और उसकी कृतियों का उल्लेख है, जबकि दूसरे में काव्यात्मक ढंग से कवि पर टिप्पणी है जिसमें भाषा सौष्ठव भी है और यमकादि अलंकार का पुट भी। उदाहरण के लिये सुप्रसिद्ध नाटककार श्री हर्ष का उल्लेख करते हुए पण्डित जी कहते हैं—

नागानन्दं हर्षदेवः स्थाण्वीश्वरमहीपतिः।
रत्नावलीं च कृतवान् तथैव प्रियदर्शिकाम्।।

कारणं हि कवित्वस्य न ब्रह्मकुलसम्भवः।
क्षत्रिया अपि हर्षाद्याः कस्य हर्षाय नाभवन्।।

यहाँ *हर्षाद्या कस्य हर्षाय नाभवन्* में अवश्यमेव चमत्कार है। इसी प्रकार का चमत्कार है पण्डित जी द्वारा बाण की वाणी के 'गौर्वाणी स्त्री' के कहने में—

हर्षदेवसभारत्नं गद्यकाव्यमहाकविः।
बाणः कादम्बरीं चक्रे तथा हर्षचरित्रकम्।।

अलौकिककविर्बालः सोऽपि कोविदसत्तमः।
गैर्वाणी स्त्रीव यद्वाणी सर्वस्य हरते मनः।।

पण्डित जी ने 'प्रत्यक्षज्योतिषम्' नाम से ज्योतिष पर भी एक ग्रन्थ लिखा है जोकि अद्यावधि अप्रकशित है।

काव्यों में पण्डित जी की नूतनतम कृति है द्वादशसर्गात्मक 'परशुरामदिग्विजय' महाकाव्य। भगवान् के दशावतारों में भगवान् परशुराम षष्ठ अवतार हैं। जबकि मत्स्य, कूर्मादि अन्य अवतारों का पुराणादि में सविस्तर वर्णन है, भगवान् परशुराम का ब्रह्मवैवर्त, ब्रह्माण्डादि पुराणों में अति संक्षिप्त वर्णन है। उसी सभी पुराणों से उपलब्ध सामग्री को एकत्रित कर पण्डित जी ने प्रस्तुत महाकाव्य में उपस्थापित किया है। भगवान् परशुराम जी का समस्त वर्णन प्रामाणिक है, कल्पित नहीं है। इसे उन्होंने स्वयं उद्घोषित किया है—

यत् किमप्यत्र वृत्तं तत्प्रमाणितं न कल्पितम्।

पर यह ग्रन्थ केवल इतिवृत्त ही नहीं है, महाकाव्य भी है। इसलिये काव्य की आवश्यकताओं के अनुसार इसमें परशुराम के कथानक में कहीं-कहीं कुछ परिवर्तन करना भी आवश्यक हो गया—

पुराणवृत्तं संक्षिप्य परिवर्त्य च किञ्चन।
चरितं परशुरामस्य लिखितं कृतिनां कृते।

पर इससे ग्रन्थ की शोभा बढ़ी ही है, घटी नहीं-

यत्किञ्चिदपि नूत्नत्वं भूषणं तन्न दूषणम्।

ग्रन्थकार का यह चौदहवां ग्रन्थ है। इसीलिये प्रत्येक सर्ग के अन्त के पद्य में उसने इसे त्रयोदश प्रबन्धों का भ्राता कहा है—

त्रयोदशप्रबन्धानां भ्रातुः चैतस्य काव्यस्य।

समस्त महाकाव्य एक ही छन्द, अनुष्टुभ्, में लिखा गया है, यहाँ तक कि सर्गान्त में भी छन्द नहीं बदला है। अनुष्टुभ् पण्डित का परमप्रिय छन्द है। काव्य के प्रारम्भ में प्राक्कथन में पण्डित जी के सुपुत्र श्री जीवनराम शास्त्री ने कविरत्न अखिलानन्द जी के एक पद्य को उद्धृत करते हुए पण्डित जी के अनुष्टुभ्वृत्त में नैपुण्य का उल्लेख किया है और कहा है कि अमर कवि कालिदास, कवि अभिनंद और छज्जूराम अनुष्टुभ् छन्द में तो निपुण हैं पर अन्य छन्दों में कृपण हैं—

कविरमरः कालिदासः कविरभिनन्दश्च छज्जूरामश्च।
वृत्तेऽनुष्टुभि निपुणाः कृपणा अन्येषु वृत्तेषु।।

समूचे काव्य में कुल मिलाकर 621 पद्य हैं। शैली सरल एवं सरस है। मंगलाचरण, ग्रन्थकार परिचयादि के बाद पंचम श्लोक से काव्य कथानक प्रारम्भ होता है। इसी पंचम श्लोक से ही काव्यच्छटा का आस्वादन होने लगता है। माहिष्मती नगरी का वर्णन इसमें कवि ने दिया है—

पुरन्दरपुरस्पर्धिन्यभवद् भूमिभूषणम्।
माहिष्मतीति नगरी शर्मदा नर्मदान्तिके।।

अर्थात् इन्द्र की नगरी की स्पर्धा करने वाली, पृथ्वी की अलंकारभूत माहिष्मती नाम की नगरी कल्याणदा नदी के किनारे स्थित थी।

इस मनोरम शैली में जो कथानक प्रारम्भ होता है वह अन्त तक इसी में चलता जाता है। कवि की कोमकान्त पदावली काव्य को चार चाँद लगा देती है।

इतने विशाल संस्कृत वाङ्मय के रचयिता पण्डित जी लेखनी के धनी हैं, यह कहने की आवश्यकता नहीं। संस्कृत भाषा पर आपका असाधारण अधिकार

है। पदशय्या मनमोहक है। अनुप्रास एवं यमक का पुट उसमें अनायास ही आ जाता है। पण्डित जी अपनी रचना के इस गुण को पहचानते थे। इसीलिये इन्होंने यह गर्वोक्ति की थी–

अनुप्रासिनि सन्दर्भे छज्जुराम समोऽद्य कः।
पुराप्यासन्न चेदासन् द्वित्रा एव कवीश्वराः॥[19]

अर्थात् अनुप्रासयुक्त रचना में छज्जूराम के बराबर आज कौन है? पहले भी शायद कोई कवि शिरोमणि रहे होंगे या नहीं और यदि रहे भी हों तो शायद दो तीन ही रहे होंगे।

पण्डित जी की रचना में कहीं–कहीं तो अनुप्रास की झड़ी–सी लग जाती है। उदाहरण के लिये दो सन्दर्भ नीचे उपस्थित किये जा रहे हैं–

क. *अस्ति काचन सर्वजनतोषा अपरेव*
सितपक्षदोषा स्त्रीमात्रकान्तिमोषा योषा।[20]

ख. *भगवतीशुम्भयोः सिंहनादं श्रुत्वा*
समागतानेकमातङ्गकुरङ्गहर्यक्षऋक्ष–
शृगालकोलकोलाहलाहूतपूतवेताल–
चक्रवालकण्ठनालप्रकटीभवद्घोरचीत्कार–
चमत्कारयुक्तेयं समरभूमिरवलोक्यते।

तयोरेव सक्रोधपादन्यासप्रभूतभूतकम्पेन
च सालरसालप्रियलतामालहिन्तालसुर–
दारकोविदारकर्णिकारनिम्बकदम्ब–
बकुलनिचुलकर्पूरबीजपूरमधूकबन्धूक–
कपित्थाश्वत्थवृक्षाः परिपतन्ति।[21]

उत्प्रेक्षादि अर्थालंकारों के प्रयोगों में भी उनकी असाधारण निपुणता है। मास के एक पक्ष में चन्द्रमा बढ़ता है और दूसरे में घटता है, इस वैज्ञानिक तथ्य पर अपनी कल्पना शक्ति को आधारित करते हुए उन्होंने कहा है–

इमं कर्तुं चंद्रमसं तद्वक्त्रसदृशं विधिः।
पक्षद्वितयभेदेन करोति विकरोति च॥[22]

अर्थात् विधाता इस चन्द्रमा को उसके (देवी के) मुख के सदृश बनाना चाहते थे। इसलिये कभी उसे बनाते हैं, कभी बिगाड़ते हैं, एक पक्ष में बनाते हैं और (फिर जब पाते हैं कि वह अच्छा नहीं बना) तो दूसरे पक्ष में उसे मिटाते हैं इसी प्रकार उसे बनाते और मिटाते रहते हैं (पर कभी वह वैसा बन पाया है क्या?)।

पण्डित जी ने अपनी कृतियों के पद्यों के बारे में ठीक ही कहा है–

छज्जूरामकृतो नैकः स श्लोकः परिदृश्यते।
अल्पानल्पाथवा काचिद्यत्र नैव चमत्कृतिः।।[23]

छज्जूराम की रचनाओं में एक भी ऐसा श्लोक नहीं है जिसमें थोड़ा बहुत चमत्कार नहीं है।

कवि अपने बारे में अनेक बार गर्वोक्ति करते हैं। ऊपर उनकी दो एक गर्वोक्तियाँ उद्धृत भी की जा चुकी हैं। सम्भवतः इस दिशा में वे मध्ययुगीन सुप्रसिद्ध कवि एवं साहित्यशास्त्री पण्डितराज जगन्नाथ से प्रभावित थे। साहित्यबिन्दु के उपान्त्य श्लोक में तो उन्होंने कविता को सम्बोधित करते हुए उनका उल्लेख भी किया है। वे कविता से कहते हैं कि हे कविते! क्या तू पण्डितराज जगन्नाथ के स्वर्ग सिधार जाने पर व्याकुल है, तुझे कुछ सूना-सूना सा लगता है क्या? अरी इस ग्रन्थकार को देख, कुछ सन्तोष का अनुभव कर, वही तो इसकी प्रतिभा है, वही सूक्तियों में रस है, वही नवीनता है, वही भव्यता है–

श्रीमत्पण्डितराजपण्डितजगन्नाथे प्रयाते दिवं
किं शून्याऽसि किमाकुलासि कविते! साहित्यवाग्देवते!
एतं ग्रन्थकृतं निभाल्य कमपि प्रासादमासादय[24]
सैवास्य प्रतिभा स सूक्तिषु रसः सा नव्यता भव्यता।।[25]

एवमेव इसी साहित्यबिन्दु में पाण्डित्यवीर के उदाहरण में उन्होंने निम्नलिखित स्वरचित श्लोक उपस्थित किया है–

मयि कुर्वति शास्त्रार्थं चार्वाकस्तु भवत्यवाक्।
जैनः श्रयति मौनत्वं[26] *बौद्धो बुद्धिं विमुञ्चति।।*[27]

अर्थात् जब मैं शास्त्रार्थ करता हूँ तो चार्वाक की बोलती बन्द हो जाती है, जैन चुप पड़ जाता है और बौद्ध बुद्धिहीन हो जाता है।

उनकी नवीनतम काव्यकृति 'परशुरामदिग्विजय' में भी एक गर्वोक्ति पाई जाती है जोकि पण्डितराज जगन्नाथ की गर्वोक्तियों को भी मात दे सकती है। पण्डित जी कहते हैं कि कुरुक्षेत्र से बढ़कर पवित्र तीर्थ और कोई नहीं है, सप्तसमुद्रवेष्टित पृथ्वी का दान करने वाले परशुराम से बढ़कर कोई दानी नहीं रहा है। छज्जूराम के समान कोई और समस्त विषयों का ज्ञाता नहीं है–

नान्यत्पुण्यतमं समस्तजगति क्षेत्रं कुरुक्षेत्रतो
नासीत्सप्तसमुद्रमुद्रितमहीदाता च रामात्परः।
छज्जूरामसदृक् समस्तविषयज्ञाताऽस्ति नान्यः सुधी-
रित्येषा जयतात् त्रयी स्वयशसा यावत् क्षितौ जाह्नवी।।[28]

पण्डित जी भिन्न-भिन्न विद्वानों द्वारा उनके बारे में कहे गये स्तुति वचनों को भी यत्र तत्र उद्धृत करते हैं। साहित्यबिन्दु में ही कम से कम दो विद्वानों के

इस प्रकार के वचन पाये जाते हैं। प्रथम सहोक्ति के उदाहरण के प्रसंग में श्री दुर्गादत्त कवि का है—

शब्दे न्याये च साहित्ये कवित्वे दर्शनेषु च।
समं लीलायते वाणी छज्जूरामस्य मद्गुरोः।। [29]

स्पष्ट ही यह श्लोक पूर्वोक्त पण्डित छज्जूराम कृत पद्य '*कर्कशे तर्कविषये कोमले काव्यवस्तुनि समं लीलायते यस्य छज्जूरामस्य भारती*' की छाया मात्र है। दूसरा छेकानुप्रास और वृत्त्यनुप्रास के उदाहरणों के प्रसंग में कविरत्न अखिलानन्द सरस्वती का है—

दार्शनिकी यत्प्रतिभा प्रतिभासम्पन्नचेतसां पुंसाम्।
रमयति मानसमाराच्छज्जूरामः स विश्रुतः शास्त्री।।
यन्मुखपद्मविनिःसृतकाव्यकलापः प्रतिक्षणं लोके।
काव्यकलारसिकानां मनांसि सद्यः प्रमोदयति।। [30]

पण्डित जी की अभिनवतम कृति है महर्षि पतञ्जलि कृत योगदर्शन पर योगमञ्जरी नामक हिन्दी वृत्ति। योगदर्शन पर व्यासभाष्य, भोजवृत्ति, माठरवृत्ति आदि अनेक प्राचीन व्याख्याएं हैं। उन सभी का सार ग्रहण कर पण्डित जी ने यह अभिनव हिन्दी वृत्ति रची है। इसकी सहायता से योगसूत्रों का अन्वयपूर्वक मूलार्थ बहुत अच्छी तरह जाना जा सकता है। यही इसकी विशेषता है।

पं. माधवाचार्य शास्त्री

जिला करनाल की कैथल तहसील के कौल ग्राम के शास्त्रार्थमहारथी पं. माधवाचार्य शास्त्री की अर्वाचीन संस्कृत साहित्य को देन भी सुतरां प्रशंसनीय है। अब तक इनके तीन काव्य 'टुडेस्मृतिः', 'कबीरचरितम्' एवं 'कथाशतकम्' प्रकाशित हो चुके हैं। टुडेस्मृतिः एक छोटी सी हास्य कृति है। इसमें भारत में बढ़ती आधुनिकता की प्रवृत्ति पर गहरी चोट है। बीच-बीच में अंग्रेज़ी और हिन्दी शब्दों के प्रयोग से कथ्य विषय का प्रभाव और भी बढ़ गया है।

जिस प्रकार गीता-पुराणादि में भगवान् अपनी विभूतियों का वर्णन करते हैं इसी प्रकार प्रस्तुत पुस्तक में कलियुग भी अपनी विभूतियों का वर्णन करते हैं। प्रस्तुत पद्यों को पढ़ते ही हंसी फूट निकलती है। कवि कहते हैं-

शिरोम्बराणां कैपोऽस्मि हैटोऽस्मि रौबवाससाम्।
चायोऽस्मि पेयद्रव्याणां भोज्यानां बिस्कुटोऽस्म्यहम्।।
रोटीनां डबलरोटी घृतानामस्मि डालडा।
टमाटरोऽस्मि शाकानां रस्यानां लशुनं तथा।। [31]

शास्त्रार्थमहारथी जी के 'कबीरचरितम्' में सुप्रसिद्ध सन्त कबीर के चरित का सरल सरस शैली में वर्णन है। प्रस्तावना का श्लोक ही लीजिये। कितनी प्रांजल सुबोध भाषा है इसकी। सामान्य संस्कृत जानने वाला व्यक्ति भी इसे आसानी से समझ सकता है:–

वाराणसीतीर्थनिवासभूमी रहस्यवादी कविसार्वभौमः।
हिन्दोर्महात्मा यवनस्य पीर आसीत्पुरा भक्तवरः कबीरः।।[32]

हिन्दू-मुस्लिम समन्वय सन्त कबीर के जीवन का परम ध्येय था। अपनी वाणी में उन्होंने अनेक स्थानों पर कहा है कि राम और रहीम, कृष्ण और करीम एक ही हैं:–

य एव रामः स मतो रहीमो
य एव कृष्णः स मतः करीमः।। [33]

कहीं-कहीं तो शास्त्रार्थमहारथी जी ने कबीर के दोहों को ही संस्कृत-रूपान्तर प्रदान कर दिया है। कबीर का सुप्रसिद्ध दोहा है–

पाथर पूजे हरि मिले तो मैं पूजूं पहार।
चक्की क्यों नहीं पूजिये पिसा खाय संसार।।

इसी को संस्कृत में शास्त्रार्थ महारथी जी ने इन शब्दों में कहा है–

चेल्लभ्यते प्रस्तरपूजया हरिरभ्यर्चये पर्वतमन्वहं न्वहम्।
ततोऽधिका पूज्यतमाऽस्ति चक्रिका यत् पिष्टमश्नन् मनुजोऽन्नं जीवति।। [34]

इसी प्रकार कबीर के दोहे–

कंकर पत्थर जोड़ कर मसजिद लई बनाय।
ता चढ़ि मुल्ला बांग दे क्या बहरा हुआ खुदाय।।

को शास्त्रार्थमहाराथी जी संस्कृत में इन शब्दों में प्रस्तुत करते हैं–

लोष्टानि चित्वा रचिता नु मजिस्द् तद् यूपमारुह्य विरौति मुल्ला।
यः सर्वगः सर्वगुणप्रसूतिः स दूरवर्ती बधिरः खुदा किम्।।[35]

शास्त्रार्थमहारथी जी का 'कथाशतकम्' अपने ढंग का एक अनूठा ही ग्रन्थ है। इसमें भारत के पौराणिक एवञ्च मीरा, धन्ना, रविदास आदि ऐतिहासिक महापुरुषों के जीवन चरित्र से सम्बद्ध सौ कथाओं का ललित एवं मनोहर शैली में वर्णन है।

शास्त्रार्थ महारथी जी का एक अन्य ग्रन्थ पंचविंशतिपृष्ठात्मक 'परतत्त्व-दिग्दर्शनम्' षड्दर्शनों की सूत्र शैली में लिखा गया है। इसका भाष्य स्वयं उन्होंने ही लिखा है। कुल मिला कर इसमें 27 सूत्र हैं जो अर्वाचीन होते हुए भी प्राचीनता

का आभास देते हैं। निदर्शनार्थ कुछ सूत्र नीचे उपस्थित किये जा रहे हैं–

1. *गुणातीतः सर्वगुणनिलयो हि परः पुमान् (सूत्र17)*
2. *एकैव गुणानुरोधेन स एव ब्रह्मविष्णुरुद्रांख्यां भजते (सूत्र 18)*।
3. *नामसुप्रणवस्य मुख्यता सर्वशास्त्रसिद्धा (सूत्र 20)*
4. *हरिहरौ विशिष्य परस्परात्मानौ परस्परनुतिप्रियौ वरदौ मोक्षदौ च (सूत्र 24)*।
5. *ईशस्यापि नटवत् लीलाभिनयो भक्तानुग्रहार्थः (सूत्र 25)*।

सूत्रभाष्य में शास्त्रार्थ महारथी जी ने सूत्र प्रतिपादित विषय की पुष्टि में महाभारतपुराणादि से अनेकानेक उद्धरण प्रस्तुत किये हैं जिससे ग्रन्थ की उपयोगिता और भी बढ़ गई है। शास्त्रार्थमहारथी जी ने सूत्रों और सूत्रभाष्य में यही सिद्ध किया है कि परतत्त्व, संसार की नियामिका सर्वोच्च शक्ति, एक है। वेदपुराणादि शास्त्रों का मथितार्थ ही, जैसाकि उन्होंने ग्रन्थ के मुख पृष्ठ पर ही लिखा है, प्रस्तुत पुस्तक में उपस्थापित किया गया है।

शास्त्रार्थमहारथी जी की एक अन्य रचना है, 68 श्लोकों में श्री ब्रह्मचारी जयराम जी महाराज का जीवन चरित्र एवं उनके द्वारा संस्थापित ऋषीकेषस्थ अन्नक्षेत्र का एवञ्च अन्य संस्थाओं का परिचय। इन श्लोकों में शास्त्रार्थमहारथी जी ने श्री ब्रह्मचारी जयराम जी के शिष्यों–प्रशिष्यों का परिचय भी दिया है जोकि अन्नक्षेत्र के वर्तमान संचालक श्री ब्रह्मचारी देवेन्द्रस्वरूप जी एवं उनके मनोनीत उत्तराधिकारी श्री ब्रह्मचारी कृष्णस्वरूप तक परिसमाप्त होता है। संक्षेप में इन 68 श्लोकों में शास्त्रार्थमहारथी जी ने बहुत कुछ कह दिया है। इस संस्था के संस्थापक, उनके उत्तराधिकारी एवं उनके कार्यकलापों, इन सबका परिचय सुचारु रूप से पाठक को प्राप्त हो जाता है। इन्हीं श्लोकों के साथ शास्त्रार्थ महारथी जी ने कथाशतकम् की बहुत सी कथाएं भी प्रकाशित कर दी हैं। इस प्रकार ग्रन्थ का कलेवर बहुत बड़ा हो गया है। सर्वत्र शास्त्रार्थमहारथी जी ने साथ–साथ श्लाकों का हिन्दी अनुवाद भी दिया है जिसमें मूल के आशय को सुचारु रूप से स्पष्ट करने कां प्रयास है। यद्यपि वह यदा–कदा मूल से अधिक बात भी कर देता है। ग्रन्थ का प्रकाशन श्री जयराम अन्नक्षेत्र ऋषीकेश द्वारा किया गया है।

चूंकि अन्नक्षेत्र के संस्थापक परमादरणीय ब्रह्मचारी जयराम जी महाराज कुरुक्षेत्र तीर्थ के आसपास के प्रदेश, जिसे कि हरियाणा कहा जाता है, के निवासी थे अतः इन श्लोकों का प्रारम्भ श्री शास्त्रार्थमहारथी जी ने कुरुक्षेत्र तीर्थ के माहात्म्य–गान से किया है। उनका कहना है कि वायु द्वारा उड़ाई गई कुरुक्षेत्र की धूल भी उग्र पापियों को तत्काल परम गति प्रदान करती है, यहाँ जल, स्थल एवं अन्तरिक्ष में (मरने वाले व्यक्ति को मोक्ष प्राप्त होता है), वेदादिशास्त्र इसकी महिमा का उच्चैस्तरां गान करते हैं–

यत्पांसवोऽपि मरुता समुदीरितास्तु सद्यो नयन्ति परमां गतिमुग्रपापम्।
यत्राम्भसि स्थलपदे गगनेऽपि मुक्तिर्गायन्ति यस्य निगमा महिमानमुच्चैः।।

शास्त्रार्थमहारथी जी कहते हैं कि इस कुरुक्षेत्र के चारों ओर फैले प्रदेश को हरियाण (हरियाणा) की अन्वर्थ संज्ञा दी गई है चूंकि स्वयं श्री हरि ने अर्जुन के यान (रथ) को यहाँ हांका था। हरि+यान होने के कारण ही इसकी संज्ञा हरियाण अथवा हरियाणा हो गई—

क्षेत्रस्य चास्य परितो हरियाणसंज्ञः प्रान्तो विभाति भुवने विदितोऽन्वितार्थः।।
यस्मिन् हरिः स्वयमहो युधि जिष्णुयानं प्राणोदयन्निजजनातुलभक्तितुष्टः।।

इसके पश्चात् शास्त्रार्थमहारथी जी श्री जयराम, अन्नक्षेत्र के संस्थापक श्री ब्रह्मचारी जी का जीवन चरित्र वर्णन करते हैं। जिला रोहतक के छोछी नामक एक छोटे से गांव में एक ब्राह्मण कुल में ब्रह्मचारी जी का जन्म हुआ था। इन्होंने गायत्री की आराधना करके असम्भव बातों को भी सम्भव कर दिखाया था। ये बचपन में ही घर-बार छोड़ ऋषीकेष आ गये थे। वहीं इन्होंने धर्म की स्थापना के लिये कठोर तप किया था : *धर्मं स्थापयितुं कृपार्द्रहृदयश्चक्रे प्रभूतं तपः*। उनके घोर तप को देख गायत्री माता उनके समाने प्रकट हुई और उन्हें वर माँगने को कहा। यह सुन ब्रह्मचारी जी ने कहा कि मुझे किसी चीज़ की इच्छा नहीं है, मैं केवल वैदिक धर्म की रक्षा चाहता हूँ; गायत्री माता ने तथास्तु कहा और अन्तर्धान हो गई। गायत्री माता की ऐसी कृपा हुई कि ब्रह्मचारी जी को वाक्सिद्धि हो गई। जो ये कहते थे वही सच हो जाता था। देश में इनके विषय में अनेक चमत्कारपूर्ण गाथाएं सुप्रसिद्ध हैं: *देव्या लब्धवरो महामुनिरयं वाक्सिद्ध आसीत्तदा श्रूयन्ते बहवश्चमत्कृतिमया दिव्या प्रयोगा भुवि*। एक बार ब्रह्मचारी जी भोजन के लिये काली कमली क्षेत्र में गये। वहाँ के प्रबन्धकों ने यह कहकर कि यहाँ की अन्न-भिक्षा केवल साधु-सन्तों को ही दी जाती है, ब्राह्मणों को नहीं, उन्हें टाल दिया। इससे उन्हें बहुत चोट पहुँची। इसे उन्होंने समस्त ब्राह्मण जाति का अपमान समझा। वे गंगा तट पर जाकर तीन दिन केवल पानी पर ही निर्भर कर तप करते रहे। चौथे दिन दैवयोग से बेरी निवासी लाला रघुनाथ उनके पास पहुँचे और उन्हें भोजन के लिये निमन्त्रित किया। ब्रह्मचारी जी ने कहा कि यहाँ एक ऐसा अन्नक्षेत्र बनाओ जहाँ कि ब्राह्मणों एवं दण्डी स्वामियों को भोजन मिल सके। इसके बिना मेरा भोजन ग्रहण करना असम्भव है। लाला रघुनाथ ने उनकी बात मान कर एक अन्नक्षेत्र की स्थापना कर दी। तब से यह अन्नक्षेत्र बराबर कार्य करता चला आ रहा है। ब्रह्मचारी जयराम जी के उत्तराधिकारी थे ब्रह्मचारी शादीराम जी जिन्हें कूटस्थ भी कहा जाता था। श्री कूटस्थ जी ने तिलोकड़ी के निकट ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम की स्थापना की थी। अन्नक्षेत्र की गद्दी के उनके उत्तराधिकारी थे ब्रह्मचारी गौरस्वरूप जी जिन्होंने

गंगेश्वर मंदिर का निर्माण किया था। उनके उत्तराधिकारी हैं ब्रह्मचारी देवेन्द्र स्वरूप जी, जिनके परिश्रम एवं सूझ-बूझ से अन्नक्षेत्र पर्याप्त कृषि योग्य भूमि के एवञ्च वहाँ ढंग से कृषि किये जाने के कारण स्वावलम्बी बन गया है। ब्रह्मचारी देवेन्द्र स्वरूप जी के मनोनीत उत्तराधिकारी हैं, ब्रह्मचारी कृष्णस्वरूप जी जो कि संस्कृत विषय से एम. ए. एवं एल. एल. बी. हैं।

अन्य काव्यों की तरह प्रस्तुत काव्य में भी शास्त्रार्थमहारथी जी की वाणी मुखर हो उठी है। ब्रह्मचारी जयराम जी के कठोर तप का वर्णन उन्होंने किस सशक्त भाषा में किया है–

यो वर्षासु बहिस्तताप बहुधा वृष्ट्योपलैस्ताडितो
भिन्नत्वग्वसनश्च हा परिदधे स्थाने त्वचं रौरवीम्।
निर्वासाः सलिले तताप शिशिरे शीतार्दितोऽकम्पितो
ग्रीष्मे दीप्तहुताशनस्य परितो मध्ये स्थितो निर्भयः।।

अर्थात् उन्होंने वर्षा ऋतु में वृष्टि और ओलों से ताड़ित होने पर भी बाहर खुले में तपस्या की थी, उनकी शरीर त्वचा ढीली पड़ गई थी, वे वृक्षों की छाल पहनते थे, शीत काल में भी जल में खड़े रहकर घोर तपस्या करते थे, और ग्रीष्म ऋतु में प्रदीप्त अग्नि के बीच निर्भय स्थित रहा करते थे।

तपोनिष्ठ ब्रह्मचारी जी की तपस्या इससे अधिक कठोर और क्या हो सकती है कि उनके चलाये अन्नसत्र में और सभी लोग तो पुए, जलेबी, लड्डू आदि खाते थे और बहुमूल्य वस्त्र पहनते थे पर ब्रह्मचारी जी स्वयं दिन में मुट्ठी भर चना ही ग्रहण करते थे–

यत्सत्रे सकला जनास्तु नियतं खादन्त्यपूपानहो
शष्कुल्यादिसुमोदकाननुदिनं दुष्प्राप्यवस्तून्यपि।
सेवन्ते बहुमूल्यवस्त्रनिवहान् शिष्यप्रशिष्यास्तथा
स श्रीमान् परमेकमुष्टिचणकान् हि प्रत्यहं शिश्रिये।।

पं. विद्यानिधि जी

हरियाणा के आधुनिक संस्कृत साहित्यकारों में शास्त्रार्थमहारथी जी के बाद विशेष उल्लेखनीय नाम है–जिला करनाल की पानीपत तहसील के सुताना गाँव के पण्डित विद्यानिधि शास्त्री का, जोकि नाना विषयों के आचार्य भी थे और सुमधुर कवि भी। दुर्भाग्य से इनकी बहुत कम रचनाएं प्रकाशित हो पाई हैं। यदि सभी रचनाएं प्रकाशित हो पाई होतीं तो हरियाणा क्या, समूचे भारत के कोने-कोने में इनका नाम होता। प्रकाशित ग्रन्थों में इनके चार ग्रन्थ हैं:

1. व्यवहारभानु जोकि महर्षि दयानन्दकृत हिन्दी भाषोपनिबद्ध व्यवहारभानु का संस्कृत पद्यानुवाद है।
2. मैत्रायणीसूक्तिसङ्ग्रहः
3. संक्षिप्तं रामायणम्
4. संक्षिप्तं महाभारतम्

इनमें सिवाय प्रथम के शेष तीन सङ्ग्रहात्मक या संक्षेपात्मक ग्रन्थ हैं। प्रथम यद्यपि अनुवाद है, तथापि रुचिर पद्य रचना के कारण स्वतन्त्र ग्रन्थ की ही प्रतीति देता है। भाषा में इतनी उदात्तता है कि ऐसा लगता है कि मानों कोई प्राचीन कवि लिख रहा हो। लाल बुझक्कड़ की कहानी में जब एक बालक खम्भे को पकड़ लेता है और छोड़ता नहीं तो उसके माता-पिता रोने बिलखने लगते हैं, वे समझते हैं कि उनके पुत्र को खम्भे ने पकड़ लिया है। पड़ोसी भी आसपास से आ जाते हैं। उन्हें रोते देख वे रोने लगते हैं। चारों और कुहराम मच जाता है। इस दृश्य का मनोहारी वर्णन कवि ने किया है–

अन्येऽपि प्रतिवेशिनः समुदिता ह्याकर्ण्य तत्क्रन्दितं
द्राक् प्राक्रंसत रोदितुं प्रतिगृहं सारांविणं बह्वभूत्।
स्तम्भो डिम्भममुं न मुञ्चति करग्राहं निगृह्णन्नसौ
हा हन्तेति समन्ततः सविधुरं ग्राम्या गिरः प्रावृतन्।।[36]

स्थान-स्थान पर भाषा की प्रांजलता और गरिमा बरबस ध्यान आकर्षित कर लेती है। शिक्षा क्या है? इसका लक्षण क्या है? (*का शिक्षेत्युच्यते स्पष्टं लक्षणेनाभिधीयताम्*) इस पर पण्डित जी कहते हैं–

दोषानविद्याप्रमुखान्विहाय यया परं सौख्यमुपैति लोकः।
पुण्यांश्च विद्यादिगुणानधीते सा नाम शिक्षेत्यवबोधनीयम्।। [37]

अर्थात् अविद्यादि दोषों का परिहार कर जिससे लोग परम सुख प्राप्त करते हैं और पवित्र विद्यादि गुणों का अध्ययन करते हैं, उसे शिक्षा समझना चाहिए।

इस प्रकार के श्लोकों की पूरे ग्रन्थ में भरमार है। ग्रन्थकार ने ग्रन्थ को चार खण्डों में विभक्त किया है जिन्हें कि उसने मयूख (किरण) संज्ञा दी है जोकि ग्रन्थ के भानु (सूर्य) होने के कारण उचित ही थी। मूल ग्रन्थ की प्रश्नोत्तर-शैली को रूपान्तर में भी तदवस्थ रखा गया है। ग्रन्थ में सामान्य अनुष्टुप्, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, उपजाति आदि छन्दों के साथ-साथ क्लिष्ट वैतालीय, पुष्पिताग्रा, शालिनी, शिखरिणी, भुजंगप्रयात, रथोद्धता आदि छन्दों का भी प्रयोग किया गया है। कई वेद और उपनिषद्वाक्यों को श्लोकों में और वह भी क्लिष्ट छंदों में लिखे गये श्लोकों में संग्रथित करने का अभिनन्दनीय प्रयास भी किया गया है। यथा

पुष्पिताग्रा छन्द में यजुर्वेद का *इदमहमनृतात्सत्यमुपैमि* वचन लगभग उसी रूप में रख दिया गया है–

इदमहमनृतादुपैमि सत्यं वचनमिदं यजुषं प्रमाणमत्र।।[38]

कभी-कभी वेद के अथवा उपनिषद् के समूचे मन्त्र को शब्दान्तर में उपस्थापित कर दिया गया है। यथा मुण्डकोपनिषद् के मन्त्र–

सत्यमेव जयति नानृतं सत्येन पन्था विततो देवयानः।
येनाऽऽक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा यत्र तत् सत्यस्य परमं निधानम्।।

को ग्रन्थकार ने इन शब्दों में उपस्थापित किया है–

सत्यं जयेन्नानृतमाशुलभ्यः सत्येन पन्था विततो देवयानः।
क्राम्यन्ति येन प्रतिपन्नकामं ब्रह्मर्षयस्तत्परमं निधानम्।।[39]

ग्रन्थकार वैयाकरण हैं इसलिये स्थान-स्थान पर क्लिष्ट प्रयोग भी करते हैं जिन्हें वे पादटिप्पणियों में समझा भी देते हैं। उनका कोष-ज्ञान भी बहुत विस्तृत है। अनेक स्थानों पर वे अप्रसिद्ध शब्दों का प्रयोग भी करते है। यथा-भाग्य हीन के लिये दौर्भागिनेय, कामुक के लिये अनुक, प्रत्युपकार के लिये प्रतिशीर्षक, कूपपतन के लिये कौपीन, हाथी के लिये पद्मी आदि।

श्री दयानन्दर्षिचरितम् का एक दूसरा शीर्षक उन्होंने दयानन्दचन्द्रोदय भी दिया है। इसमें भी भाषा का प्रवाह एवं अनुप्रासच्छटा अपूर्व है। प्रथम उल्लास के 15 श्लोक में ही–

आदौ रामतपोवनादिगमनं हत्वा मृगं कांचनं वैदेहीहरणं जटायुमरणं सुग्रीवसम्भाषणम्।
वालीनिग्रहणं समुद्रतरणं लंकापुरीदाहनं पश्चाद्रावणकुम्भकर्णहननमेतद्धि रामायणम्।।

की शैली पर प्रमुख घटनाओं के उल्लेख के माध्यम से महर्षि दयानन्द का जीवन वृत्त संक्षेप में प्रस्तुत कर दिया गया है। श्लोक इस प्रकार हैं:–

जनिष्टङ्कारायां शिवरजनिजन्माखुघटना गृहे मृत्यार्दृश्यं विपिनगमनं योगिमिलनम्।
गुरोरिच्छापूर्तिः प्रकृतबहुपाखण्डदलनं विषं पीत्वा मुक्तिर्यतिवरदयानन्दचरितम्।।

इस श्लोक के पश्चात् 11 श्लोकों में पण्डित जी ने महर्षि-स्तुतिःशीर्षक से स्वामी दयानन्द जी की स्तुति की है। इनमें प्रत्येक श्लोक के अन्त में *दयानन्दः स्वामी निगमपदगामी विजयते*, यह पंक्ति आती है। पण्डित जी की शैली बाण की शैली का स्मरण करा देती है। आर्यावर्त का वर्णन करते हुए पण्डित जी कहते हैं:–

अस्ति विस्तीर्णमेदिनीमण्डलमण्डनायमानो नगनगरविहारारामरमणीय-
मेरुरिव सुवर्णप्रकृतिकमनीयः, ग्राम्यकविकथाप्रबन्ध इव नीरसस्यमनोहरः

अनधीतव्याकरण इवादृष्टप्रकृतिनिपातोपसर्गलोपवर्णविकारः, पुण्यकारिणां शरण्यः आचार्यभवनमार्याणामार्यावर्तो नाम देशः।

पण्डित जी के वैयाकरणत्व से उनकी रचना पदे-पदे उद्भासित हो उठती है। जहाँ कहीं वे जान बूझ कर भी व्याकरण के पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग करते हैं वहाँ भी एक चमत्कार विशेष ही उद्भासित होता है वैरस्य नहीं। आर्यावर्त के वर्णन प्रसंग में ही आगे पण्डित जी कहते हैं:-

यत्र च मनोहारिसारसद्वन्द्वास्तत्पुरुषेण द्विगुना चाधिष्ठिताः सुन्दरगद्यबन्धा इव दृश्यमानबहुव्रीहयः केदाराः।

श्लेषच्छटा भी यत्र तत्र दर्शनीय है।

यथा पीवरोधसः सरित इव गावः सदानभोगाः प्रभञ्जना इव जनाः। कुपितकपिकुलाकुलिता लङ्केश्वरकिंकरा इव भग्न-कुम्भकर्णघनस्वापाः कूपाः। अनवरतधर्मकर्मोपदेशशान्तसमस्तव्याधिव्यतिकराः पूर्णपुरुषायुष-जीविन्यो यत्र प्रजाः सकलसंसारसुखभाजः। यत्र च लतासम्बन्धः कलिकोपक्रमश्च पादपेषु दृश्यते न प्रजासु, भूतविकारवादः सांख्येषु, मित्रोदयद्वेषः कौशिकेषु, बन्धुजीवविघातो ग्रीष्मदिविसेषु, क्षयस्तिथिषु न प्रजासु। तस्यैवापरमभिधानं भारतमित्याचक्षते।

इसी प्रकार की श्लेषच्छटा मौर्वी नगरी के वर्णन में भी है। कवि कहते हैं-

यस्यां स्नेहक्षयः प्रदीपेषु, न प्रतिपन्नजनहृदयेषु, वृत्तिकलहो वैयाकरणच्छात्रेषु न स्वामिभृत्येषु, दानविच्छित्तिः करिकपोलमण्डलेषु, न त्यागिगृहेषु।

यत्र तत्र भव्य अनुप्रासच्छटा से ग्रन्थ अत्यधिक सरस हो उठा है—

किञ्च प्रजागरक्लिष्टेन मयोपवासाल्लम्यमित्येव शङ्कापङ्क-कलङ्काङ्कुरः समुदपादि शङ्करस्य चेतसि। शङ्कास्रोतस्विनीस्रोतसा बहुलं प्रसरताऽऽक्रान्तः शान्तोऽप्यशान्तः सम्भ्रान्तश्च स पितरमजजागरत्। अनवरतमज्जद्वनगजमदामोदसुरभिततरङ्गामपरगङ्गामपरसागरराजमहिषीं समुत्तीर्य भगवतीमेकलकन्यकां सम्फुल्लपल्लवितकक्कोलसल्लकी-सरलसालसर्जार्जुननिम्बकदम्बजम्बूस्तम्बोदुम्बरखदिरकरञ्जाञ्जन-शोभाञ्जनप्रायैस्तरुभिराकीर्णम् अभिमतं मतङ्गजानां शिशिरतरतरङ्गानिलैः समुल्लङ्घ्य च दक्षिणनमर्दातीरपुण्यारण्यम्, अर्वलीशिलोच्चयं ततश्चोत्तरं भारतं वर्षं प्रयातो मूलशङ्करः।

व्यवहारभानु के अतिरिक्त पण्डित जी ने दो स्वतंत्र काव्य एवं कविताएं भी लिखी हैं जोकि समय-समय पर पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही हैं। 100 से ऊपर उनकी संस्कृत और हिन्दी कविताएं अप्रकाशित पड़ी हैं।

काव्य कृत्यों के अतिरिक्त पण्डित जी ने सामवेद का हिन्दी पद्यानुवाद भी किया है जोकि अजमेर की पत्रिका 'सविता' में क्रमशः प्रकाशित होता रहा है। अब तक वहां इसके 350 पद्य प्रकाशित हो चुके हैं।

अनुप्रास एवं यमकच्छटा पण्डित जी की कविता का विशेष गुण रहा है। उदाहरणार्थ महात्मा गांधी शताब्दी के अवसर पर प्रकाशित हुई उनकी कविता श्री गान्धिमहोदयजन्माभिनन्दनम् के निम्नलिखित पद्य उपस्थित किये जा सकते हैं–

रुचिराकृतिभिः कृतिभिः कृतिभिः स महान् नृषु गान्धिवरः प्रथितः।
हृदये स्मृतिभिः स्थिरतां गमितः स्तुतिसत्कुसुमाञ्जलिभिर्ग्रथितः।।

अचकात्स चमत्कृतिभाक् परितः स्वयशः सुयशा विविधं विबुधः।
स्पृहणीयचरित्रतयाऽत्र जगत्यविगीतनिपीतसुनीतिसुधः।।[40]

पण्डित जी की एक कविता 'आर्यसमाजमहोत्सवगीतिः भारतोदय.'[41] (गुरुकुल महाविद्यालय, ज्वालापुर) में प्रकाशित हुई थी। वह भी पूर्वनिर्दिष्ट कविता के समान तोटक छन्द में ही है, लय एवं थिरकन इसका अपना विशेष गुण है। कविता में 11 पद्य हैं। प्रत्येक के अन्त में *महयाम्यहमार्यसमाजमहम्* आता है। अनुप्रास एवं यमक की झंकार यहाँ भी है–

ऋषिणा हि दयालुतया विहिता सुधियाऽभ्युदयं पदवीयमिता।
उदिता मुदिता सुखिता सखिता महयाम्यहमार्यसमाजमहम्।।
उपमारहिताऽपि न मा रहिता नियमावलिरस्य कुमारहिता।
भुवि वृद्धिमुपैतु सदा सुखदा महयाम्यहमार्यसमाजमहम्।।

पण्डित जी की नूतनतम कृति 'श्रीगान्धिचरितामृतम्' नामक महाकाव्य है जोकि महाविद्यालय ज्वालापुर की पत्रिका भारतोदय[42] में क्रमशः प्रकाशित हुई थी। उसमें इसके दो अंश प्रकाशित हुए थे जिन में प्रथम सर्ग भी पूर्ण नहीं हुआ है। पण्डित जी का श्रीगान्धिचरितामृतम् अपने आध्यात्मिक गुरु पण्डित चारुदेव शास्त्री जी की गद्य कृति श्रीगन्धिचरितम्[43] से सुतरां प्रभावित है। अब तक के प्रकाशित अंश से ऐसा लगता है कि पण्डित विद्यानिधि का श्रीगान्धिचरितामृतम् पण्डित चारुदेव शास्त्री के श्रीगान्धिचरितम् का रूपान्तर ही है। शास्त्री जी ने अपनी गद्य कृति की पूर्वपीठिका के रूप में दस श्लोक दिये हैं जिनमें प्रत्येक के अन्त में *स वाचां विषयोऽस्ति नः* आता है। शास्त्री जी ने भी इसी प्रकार के ग्यारह श्लोक दिये हैं जिनमें प्रत्येक के अन्त में *स एव वाचां विषयो ममास्ते* आता है जो कि *स वाचां विषयोऽस्ति नः* का ही रूपान्तर है। इसी प्रकार का साम्य प्रत्येक श्लोक में दीख जाता है। उदाहरणार्थ, श्री गान्धिचरितम् का पद्य–

महितो यश्च लोकस्य महताऽमहताऽपि च।
आकुमारं यशो यस्य स वाचां विषयोऽस्ति नः।।

एवंच श्रीगन्धिचरितामृतम् का पद्य—

यः पूजनीयो महतां जनानां लोके बभूवामहतामपीह।
यशोऽस्ति यस्यार्जितमाकुमारं स एव वाचां विषयो ममास्ते।।

अथवा श्रीगान्धिचरितम् का पद्य—

ब्रह्मक्षत्रे विशश्शूद्रा अन्त्यजाः श्वपचा अपि।
आत्मैवाभून्मुनेर्यस्य स वाचां विषयोऽस्ति नः।।

एवंच श्रीगान्धिचरितामृतम् का पद्य—

क्षत्रं तथा ब्रह्मविशश्च शूद्राः सन्त्यन्त्यजा ये श्वपचा विगर्ह्याः।
अभून्मुनेर्यस्य समे स्व आत्मा स एव वाचां विषयो ममास्ते।।

शब्दों के हेरफेर से एक ही हैं। न केवल पद्यों की ही, गद्य की भी यही स्थिति है। शास्त्री जी का गद्य वाक्य है—

अस्ति सुराष्ट्रदेशे पोरबन्दरमिति ख्यातमपृथुलं सामिस्वायत्तं राज्यम्। एतद्धि हनुमद्वंशीया बाहुजाः प्रशासति।

इसी को ही पद्य रूप प्रदान करते हुए पण्डित जी ने लिखा है–

सुराष्ट्रदेशे किल पोरबन्दरं चकास्ति राज्यं प्रियकीर्ति सुन्दरम्।
प्रशासनं यत्र पुरा प्रचक्रिरे हनूमतो वंशभवा हि बाहुजाः ।।

सम्भवतः पण्डित जी ने शास्त्री जी के श्रीगान्धिचरितम् को आदर्श ग्रन्थ के रूप में सामने रख लिया था और उसके आधार पर अपनी काव्यरचना प्रारम्भ की थी।

महामहोपाध्याय पं. विद्याधर शास्त्री

सिरसा खेड़ी (ज़िला जीन्द) के निवासी महामहोपाध्याय पण्डित विद्याधर शास्त्री वेदाचार्य का वेद विषयक साहित्य सुतरां ख्यात है। इन्होंने कात्यायनश्रौत-सूत्रवृत्ति, शुल्बसूत्रवृति एवं पारस्करगृह्यसूत्रवृत्ति नामक तीन ग्रन्थ लिखे हैं जिनमें पदे-पदे उनकी विद्वत्ता का पता चलता है। इन्हीं के सुपुत्र श्री वेणीराम गौड़ वेदाचार्य ने कर्मकाण्डमीमांसा नामक ग्रन्थ लिखा है जिसमें वैदिक कर्मकाण्ड का सविस्तर निरूपण है।

पं. हरिपुष्प न्यायरत्न

परीक्षोपयोगी ग्रन्थ लेखक के रूप में जुलाना मण्डी के पण्डित हरिपुष्प न्यायरत्न का नाम विशेष उल्लेखनीय है। उनके तीन परीक्षोपयोगी ग्रन्थ सम्प्रति उपलब्ध हैं:–

न्यायमुक्तावल्यादर्श:, निरुक्तलतिका एवं काव्यप्रकाशसार:।

पं. सत्यदेव वासिष्ठ

भिवानी के पण्डित सत्यदेव वासिष्ठ की संस्कृत में तीन रचनाएं हैं– सत्याग्रहनीतिकाव्यम् शीर्षक से एक काव्य, चार भागों में विभक्त विष्णुसहस्रनाम पर सत्यभाष्यम् नाम से एक भाष्य एवं नाडीतत्त्वदर्शनम् नाम से आयुर्वेद का एक ग्रन्थ। सत्याग्रहनीतिकाव्यम् पं. रुद्रदेव त्रिपाठी कृत अनुवाद सहित प्रकाशित हुआ है। ग्रन्थकार ने इस पर संक्षिप्त टिप्पणी भी लिखी है जिसका नाम उसने अनन्तवृत्ति दिया है। ग्रन्थ के आदि में लेखक ने आत्मनिवेदन रूप 12 श्लोक दिये हैं। तत्पश्चात् पं. रुद्रदेव त्रिपाठी की संस्कृत में विस्तृत भूमिका है। तदनन्तर काव्य प्रारम्भ है। यहाँ भी पहिले 11 श्लोकों में काव्यहेतु का निरूपण है। इसमें सत्य की महिमा का गान है–

त्वं पापनाशकं सत्य अथ वारिधितारकम्।
पाहि मां भवभीष्माब्धेस्तवैवाग्रहमागतम्।।

अर्थात् हे सत्य! तू ही पापनाशक है, तू ही भवसागर से पार कराने वाला है। संसार रूपी इस घोर समुद्र में गिरा हुआ मैं तेरे ही आग्रह, शरण में आया हूँ।

एतदनंतर काव्य का प्रारम्भ होता है। सम्पूर्ण काव्य को पण्डित जी ने चार-चार पादों के पांच अध्यायों में विभक्त किया है। प्रत्येक पाद का उन्होंने शीर्षक दिया है। ये शीर्षक इस प्रकार हैं-दुर्जनगर्हा, सुजनप्रशंसा, क्षुत्क्षामीय, अहिंसाव्रतमाहात्मीय, राष्ट्रपतनोत्थानीय, त्रिविधराजभेदीय, स्वराज्यमहिमवर्णनीय, सदैवमृद्वीय, वारिपटुतीय, आदर्शकर्मवर्णनीय, उद्बोधनीय, षड्तुवर्णनीय, नानावर्षगणीय, सन्मित्रमाश्रयीय, आसविद्यीय, धर्म, सत्यविभूति, परमायुषीय, ऋतुचर्या, स्वातन्त्र्यीय। पण्डित जी की रचना बहुत प्राञ्जल एवं मार्मिक है। अपने हृदय की गहराइयों से उन्होंने यह काव्य लिखा है, स्वानुभूति को उन्होंने मूर्त रूप दिया है। पण्डित जी स्वयं सत्याग्रही रहे हैं। सत्याग्रही के धैर्य को वे पहचानते हैं। कितने भी कष्ट आयें, कितनी भी पीड़ा हो, सत्याग्रही कभी भी पांव पीछे नहीं हटाता–

प्रपीडितैर्नैकविधैर्विघातैः पदं न पश्चात् कुरुते मनस्वी।
विवर्धितः किं मृगराड् बलिष्ठं विलोक्य नागं प्रतिभाति पृष्ठे।।

कुत्सेयुः कुशलाः स्तुवन्तु बहुधा प्राणाः प्रणश्यन्तु वा
न्यायार्थं समरे प्रदत्तकरणो धीरो न पश्चाद् व्रजेत्।
निर्दोषं परिषद् व्यवस्यति तु यं तं चर्तुमातिष्ठते
विच्छेद्योत्पथगं जलं तरणकृद् यात्येव लभ्यां भुवम्।।[44]

सत्याग्रहियों को किस-किस प्रकार की यातना दी जाती थी, इस का नग्न चित्र कवि ने इन श्लोकों में उपस्थित किया है-

रुग्णे वर्ष्मणि भूरिलोहनिगडं नानाविधं प्रोह्यते
तोत्रैर्वेतसयष्टिकादिककृतैर्घातैर्मुहुश्चोद्यते।
गूथं कीटकुलान्वितं चरनिशान्तस्थं समुत्थाप्यते
प्रायः पेषणिकाऽपि भोजनकृते चूर्णाय सञ्चाल्यते।।

कोष्ठे चैव तमोमयेऽतिरजसाऽऽच्छन्ने कुतोऽप्युष्यते
जीर्णनान्नचयेन नीरसमयेनैवोदरं पुष्यते।
शाणीयेन वपुश्छदेन कथमप्येतद् वपुर्भूष्यते
हा हा तर्ह्यपि धर्मशत्रुभिरलं रक्तः[45] *सतां चूष्यते।।*[46]

अर्थात् सत्याग्रही के रुग्ण शरीर पर लोहे की हथकड़ी और बेड़ियाँ जकड़ दी जाती हैं। फिर हण्टर और बैतों से उन्हें पीटा जाता है, मामूली राजचरों के घर का मल उठवाया जाता है, कैदियों के खाने के लिये या राजचरों के भोजनार्थ सत्याग्रहियों से चक्कियाँ चलवाई जाती हैं, अन्धेरे और गन्दे कमरों में उन्हें रखा जाता है, खाने के लिए सड़ा-गला और सत्वहीन अन्न उन्हें दिया जाता है, केवल टाट के दो-एक टुकड़े तन ढंकने के लिये उन्हें दिये जाते हैं। बड़े दुःख की बात है कि इतनी दुर्दशा करने पर भी उन धर्मशत्रुओं द्वारा उनका खून चूसा जाता है।

पर कोई कितना भी कष्ट क्यों न दे, कितना भी क्यों न सताये, सत्याग्रहियों ने जो मार्ग एक बार अपना लिया उस पर वे अडिग रहते हैं-

नो यान्ति सत्यनिभृते पथि दण्डभीता गत्वाऽपि विघ्नविहताः प्रतियान्ति मध्याः।
दण्डैरनेकविधकैः प्रतिहन्यमाना गन्तव्यमार्यपुरुषा न परित्यजन्ति।।[47]

काव्य की भाषा प्रायः सरल है पर यदाकदा कवि अपनी व्याकरण नैपुणी प्रदर्शनार्थ इसमें कठिन शब्दों का प्रयोग भी करते हैं। उदाहरणार्थ निम्न श्लोक उपस्थित किया जा सकता है-

जञ्जभीतिं च मां मृत्युर्जरीहर्ति च काञ्चनम्।
दरीदर्शिम च सत्य त्वां दिक्षु सर्वासु रक्षकम्।[48]

अर्थात् हे सत्य मृत्यु मुझे बार-बार भोज्य बना रहा है, मेरे पास जो भी जमा पूंजी है, उसका अपहरण कर रहा है। किन्तु फिर भी सर्वदिशाओं में एकमात्र तुझे ही मैं अपना रक्षक देख पा रहा हूँ।

कहीं-कहीं यमक और अनुप्रास की अपूर्व छटा भी बरबस ध्यान आकर्षित कर लेती है। तृतीयाध्याय के चतुर्थ पाद के प्रथम श्लोक में वसन्त का वर्णन करते हुए कवि कहते हैं-

वीरुद्वृक्षवरप्रतानविभवाः पुष्यन्त्यहो माधवे
हृद्यं कोकिलकण्ठजं मधुरुतं वायुः पुनानो दिशः।
नानाभावविभावभावितनृणां भावा विकासोन्मुखाः
सोल्लासं सहकारमञ्जरिरपि स्वागन्तुमातिष्ठते।।[49]

अर्थात् वसन्त ऋतु के आगमन पर लता और सुन्दर वृक्षों का विस्तृत वैभव विकसित होता है। मनोहर कोकिलकण्ठ-कूजन तथा दिशाओं को पवित्र करता हुआ पवन विकास की ओर अग्रसर होने वाले विविध विचारों से परिपूर्ण मनुष्यों के भाव एवं फूटती हुई आम्रमंजरियाँ उल्लासपूर्वक वसन्त का स्वागत करने को उपस्थित हैं।

विष्णुसहस्त्रनाम के भाष्य में पण्डित जी का वैदुष्य पदे-पदे अवभासित होता है। एक-एक नाम की उन्होंने विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की है। सब से पहले व्याकरण प्रक्रिया से रूपसिद्धि प्रदर्शित की है। तदनन्तर वेद से मन्त्रलिंग उपस्थित किया है। सब से अन्त में स्वरचित श्लोक द्वारा नाम विशेष का विशेष अभिप्राय स्पष्ट किया है। उदाहरण के लिये स्थालीपुलाकन्याय से भगवान् के 625 वें नाम सर्वतश्चक्षुः की व्याख्या उपस्थित की जा सकती है:-

सर्वत इति सर्वशब्दात् 'आद्यादिभ्य उपसङ्ख्यानम्' इति पा. *5.4.44* सूत्रस्थवार्तिकेन सार्वविभक्तिकस्तसिः प्रत्ययः/
चक्षुः – चक्षिङ् व्यक्तायां वाचि धातुर्दर्शनेऽपि, अत्र च दर्शनार्थक एव। इदितोऽप्यस्य नुम् न। अन्ते इदित इति व्याख्यानात् (द्र. क्षीरतरङ्गिणी 2.8) चक्षेः शिच्च इत्युणादिना (2.119) उसिप्रत्ययस्तस्य च शिद्वदतिदेशः, तेन शित्वात् तिङ्शित् सार्वधातुकम् (पा.3.4.113), सूत्रेण सार्वधातुकत्वात् ख्याञ्यादेशाभावः, चक्षुरिति। सर्वतः पश्यतीति सर्वतश्चक्षुः।

अत्र मन्त्रलिङ्गम्-

विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखः (ऋक् 10.81.3)
यजुः (17.1)
विश्वतश्चर्षणिरुत विश्वतोमुखः (अर्थव. 13.2.26)

भवति चात्रास्माकम्-

स सर्वतश्चक्षुरिहास्ति विष्णुः स विश्वतः पश्यति विश्वमेतत्।
स विश्वबाहुः स च विश्वतस्पात् तमेव गायन्ति नमन्ति धीराः।।

330 पृष्ठ का नाडीतत्त्वदर्शनम् पण्डित जी का नाडीतत्त्व पर अपूर्व समीक्षात्मक ग्रन्थ है। पण्डित जी की आयुर्वेद-मर्मज्ञता का परिचय प्रस्तुत ग्रन्थ से चलता है। आयुर्वेद के अध्येताओं और अध्यापकों के लिये यह ग्रन्थ बहुत उपयोगी है।

पण्डित शिव नारायण शास्त्री

ज़िला जींद के गोतोली ग्राम के पण्डित शिवनारायण शास्त्री ने साङ्ख्यतत्त्व-कौमुदी पर सारबोधिनी नामक टीका[50] लिखी है। दर्शन के साथ-साथ शास्त्री जी व्याकरण के भी उद्भट विद्वान् थे। ग्रन्थ की पुष्पिका में उन्होंने अपने लिये शाब्दिक चूडामणि विशेषण दिया है। ग्रन्थान्त में उन्होंने सोलह श्लोक दिये हैं जिनमें उन्होंने अपनी परम्परा का उल्लेख करते हुए अपने विषय में बहुत उपयोगी सामग्री दी है। उन्होंने यह भी कहा है कि प्रस्तुत टीका को लिखने में उन्होंने अन्य शास्त्रों का भी अवलोकन किया है-

तन्त्रान्तराण्यपि विलोक्य ममैष यत्नः।

टीका लिखने के समय शास्त्री जी बहुत विषम मनः स्थिति में थे। उनके चार में से तीन भाई उनके देखते-देखते स्वर्ग सिधार चुके थे। एक अजीब सा विषाद उनके मन में घर कर गया था। उसी विषाद से मुक्ति पाने के लिये उन्होंने दर्शन का सहारा लिया था। ग्रन्थान्त की टिप्पणी में सात श्लोकों में उन्होंने स्पष्ट कहा है कि दुःखवाद के आधार पर ही दर्शनों की उत्पत्ति हुई है। मुनियों ने उसी को ही सच्चा औषध बताया है-

दुःखवादं समालम्ब्य दर्शनानां समुद्भवः।
तस्यैव भेषजं सत्यं दर्शितं मुनिपुङ्गवैः।।

उनका कहना है कि मैंने तो इस सच्ची औषध का अनुभव किया है। और लोग भी इसका अनुभव करें इसीलिये औरों को प्रबुद्ध कर रहा हूँ-

अनुभूतं मया सम्यग् भेषजं सत्यभेषजम्।
अनुभवेत् परोऽप्येवं परानेवं प्रचोदये।।

शास्त्री जी ने टीका की परिसमाप्ति पर 'प्रार्थना' शीर्षक से 11 श्लोक दिए हैं जिनमें उन्होंने कहा है कि चूंकि दैवयोग से श्री बलराम कृत व्याख्या पूर्ण न हो पाई थी अतः उसी के मार्ग का अनुसरण कर उन्होंने सारबोधिनी नामक व्याख्या की रचना की। चूंकि इसमें सभी शास्त्रों का सार निकाल उपस्थापित किया गया है अतएव इसका नाम सारबोधिनी रखा गया है-

सर्वेषामेव शास्त्राणां विज्ञाः! सारं समुद्धृतम्।
वर्तते तु यतो ह्यस्यां ततस्तु सारबोधिनी।।

इस व्याख्या के माध्यम से अबोध और सबोध सभी का हित हो सकता है क्योंकि इसमें सभी उपादेय विषयों का विशेष रूप से प्रतिपादन किया है-

अबोधानां सबोधानां व्याख्येयं हितसाधनी।

यतोऽत्र विषयाः सर्वे ग्राह्या उक्ता विशेषतः।।

टीकाकार को पूर्ण आशा है कि सरल होने के कारण अल्प बुद्धि वालों को एवंच गम्भीर होने के कारण अधिक बुद्धि वालों को यह अन्वर्थ व्याख्या मनस्तोष प्रदान करेगी–

सरलत्वादबोधानां गाम्भीर्याच्च महाधियाम्।
यथा नाम तु टीकेयं मनस्तुष्टिं विधास्यति॥

व्याख्या की विशेषता इसकी सरलता एवं सुबोधिता है। व्याख्याकार का कहना है कि यद्यपि विद्वानों ने अनेक व्याख्याएं इस पर लिखी हैं तो भी सरल और सुबोध होने के कारण विद्यार्थी इसे अपनायेंगे–

सन्ति यद्यपि बह्व्योऽपि व्याख्याः प्राज्ञविनिर्मिताः।
सरलत्वात्सुबोधेयं कृतिश्छात्रैर्ग्रहीष्यते॥

व्याख्याकार लाहौर के पं. शिवदत्त शर्मा दाधिमथ के शिष्य हैं। ग्रन्थान्त में वे अत्यन्त विनम्र भाव से उनके प्रति अपने श्रद्धा के प्रसून अर्पित करते हैं–

यत्प्रसादादियं व्याख्या नित्यं स्थास्यति निश्चला।
प्रह्वीभावेन नम्योऽयं शिवदत्तो गुरुः सदा॥

ग्रन्थ के प्रारम्भ में व्याख्याकार ने 'साङ्ख्यभूमिका' शीर्षक से 64 पृष्ठों का ललित संस्कृत में लिखा साङ्ख्य–शास्त्र का इतिहास भी दिया है जोकि अनेक दृष्टियों से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। व्याख्या के परिशीलन से व्याख्याकार के दर्शनशास्त्र पाण्डित्य का पदे–पदे अवभास होता है।

श्री शिवनारायण शास्त्री

अर्वाचीन संस्कृत साहित्य सर्जना में केवल पुरानी पीढ़ी का ही योगदान नहीं है। नई पीढ़ी भी इस दिशा में प्रयत्नशील रही है। भिवानी (हरियाणा) के श्री शिवनारायण शास्त्री (पूर्व प्राध्यापक संस्कृत विभाग, किरोड़ीमल कालेज, दिल्ली विश्व विद्यालय) इसी प्रकार के साहित्यकार हैं। शास्त्रीय विषयों पर संस्कृत में इनके अनेक लेख विश्वसंस्कृतम् आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं। ये बहुत परिमार्जित और प्राञ्जल संस्कृत लिखते हैं। हिन्दी में भी संस्कृत सम्बन्धी अनेक विषयों पर इन्होंने लिखा है। इनकी कृति 'निरुक्तमीमांसा' विद्वानों में भूरि–भूरि प्रशंसित हुई है।

पं. प्रेमाचार्य शास्त्री

पूर्वोल्लिखित विद्वान् शास्त्रार्थमहारथी पण्डित माधवाचार्य जी के सुपुत्र पण्डित प्रेमाचार्य शास्त्री भी इसी नई पीढ़ी के संस्कृत साहित्यकार हैं। शास्त्रार्थमहारथी

जी के ग्रन्थ 'परतत्त्वदिग्दर्शनम्' के अन्त में नाना छन्दों में विरचित 111 श्लोकों का परतत्त्वविषयकभ्रान्तिनिरसनात्मक एक परिशिष्ट दिया हुआ है जोकि प्रेमाचार्य जी का ही लिखा है। इनकी भाषा में बहुत प्रौढ़ि है, पदशय्या में एक उदात्तता है जो प्राचीन संस्कृत का स्मरण दिला देती है। परिशिष्ट के प्रथम तीन श्लोक मंगलाचरण के हैं। उन्हीं में से एक नीचे उद्धृत किया जा रहा है। इससे पता चल सकता है कि श्री प्रेमाचार्य जी का संस्कृत पर कितना अधिकार है। इस श्लोक में श्लेष भी है, सभी विशेषण विष्णु, शिव, और लेखक के पिता माधावाचार्य इन तीनों के पक्ष में समान रूप से घटते हैं–

यस्त्रय्यां गवि भूषितान्धककुलः ख्यातो यशोदानतो
यं प्राहुर्विबुधा महारथमिति प्रेक्ष्य स्थितं संगरे।
नीतो येन विपञ्चतां स्वमहसाऽनङ्गो विदग्धः क्षणात्
सत्याश्लेषरसप्लुतो विजयतेऽसौ सर्वदोमाधवः।।

सर्वदोमाधवः का तीन प्रकार से अर्थ किया जा सकता है। सर्वदः+माधवः–सब कुछ देने वाले विष्णु की (जय हो), सर्वदा+उमाधवः –शिव की सदैव (जय हो), सर्वद+माधव–सभी को देने वाले माधव (माधवाचार्य) की (जय हो)।

विष्णु के पक्ष में श्लोकार्थ–वेदवाणी में जिसकी यह ख्याति है कि इसने अन्धकवंश को सुशोभित किया है, जो अपनी माता यशोदा को प्रणाम करता है। युद्ध में स्थित जिसे देख विद्वान् महारथी कहते हैं, जिसने अपने तेज से दग्ध अनंग (कामदेव) को क्षण में ही सशरीर बना दिया (अनंग ने ही प्रद्युम्न नामक उनके पुत्र के रूप में जन्म लिया था, यह पुराणों में प्रसिद्ध है), सत्या अर्थात् पत्नी सत्यभामा के आलिंगन रस से आनन्दित उस सब कुछ देने वाले विष्णु की जय हो।

शिव के पक्ष में श्लोकार्थ–जिसने अन्धकासुर के कुल को धराशायी (भूमिशायी, भू+उषित+अन्धककुलः) बना दिया, यश एवंच दान देने के कारण (यशः+दानवः) जिसकी वेदवाणी में प्रसिद्धि है, युद्ध में स्थित जिसे देख देवता (रथक्षोणीयन्ता इत्यादि स्तुतियों के माध्यम से) महारथी कहते हैं, जिसने अनंग को अपने तेज से क्षण भर में जलाकर शरीरहीन कर दिया, अपनी पत्नी सती के आलिंगन रस से आनन्दित (सती+आश्लेषरसप्लुतः) उस शिव की सर्वदा (सर्वदा+उमाधवः) जय हो।

माधवाचार्य के पक्ष में श्लोकार्थ–वैदिक विषयों में जिसने अन्धकुल स्वामी दयानन्द के गुरु जन्मान्ध (अन्धक) स्वामी विरजानन्द के कुल आर्यसमाज नामक संस्था को धराशायी (भू+उषित) कर दिया, जो (स्वसंस्था सनातन धर्म को) यशस्वी बनाने के कारण (यशोदानतः) सुप्रसिद्ध है, युद्ध अर्थात् वाग्युद्ध (शास्त्रार्थ) में स्थित जिसे देख विद्वान् महारथी की उपाधि देते हैं (पण्डित जी शास्त्रार्थमहारथी

नाम से विख्यात हैं), जिसने अनंग अर्थात् अण्णंगराचार्य को स्वपक्षसाधक पंचावयव वाक्यशून्य बना दिया (दक्षिण के पण्डित अण्णंगराचार्य से शास्त्रार्थ महारथी जी का वादविवाद बहुत देर तक चला था। उसमें शास्त्रार्थमहारथी जी ने उसे निरुत्तर कर दिया था), इस प्रकार के सभी को कुछ न कुछ देने वाले सत्य के आश्रयण द्वारा (सत्य--आश्रयण...) रसात्मक ब्रह्म में समासक्त माधवाचार्य की जय हो।

मङ्गलाचारण के पश्चात् 6 श्लोकों में प्रसङ्गावतार है। तदनन्तर 6 श्लोकों में परिशिष्टकार ने अपनी कुलपरम्परा का परिचय दिया है। तत्पश्चात् प्रकृत विषय का निरूपण किया है। शास्त्रार्थ महारथी जी ने हिन्दी में 'क्यों' नामक एक विशाल ग्रन्थ की रचना की थी–

आलम्ब्य संस्कृतसमन्वयपद्धतिं तां ग्रन्थाश्च तातचरणैर्बहवः प्रणीताः।
तेष्वेव विस्तृततमः श्रुतिसारहृद्यः 'क्यों' नामकोऽखिलसुविज्ञमतः प्रबन्धः।।[51]

उसमें शास्त्रार्थ महारथी जी ने समन्वय पक्ष को प्रतिपादित किया था। उन्होंने कहा था कि शैव-वैष्णवों से भिन्न नहीं हैं और वैष्णव शैवों से भिन्न नहीं हैं-

वैष्णवाश्चापि नाशैवाश्शाङ्करा नाप्यवैष्णवाः।
राद्धान्त एष बहुभिः प्रमाणैस्तत्र साधितः।।[52]

यह शास्त्रार्थमहारथी जी की दृढ़ मान्यता थी। बरेली के पं. राघवाचार्य ने श्री वैष्णव सम्मेलन नामक अपनी पत्रिका में इस मान्यता की आलोचना की। विवाद दक्षिण भारत तक भी पहुँचा। काञ्ची निवासी पंडित सम्पत्कुमाराचार्य जी ने वैदिक मनोहरा पत्रिका में शास्त्रार्थमहारथी जी के मत के विरोध में एक विस्तुत लेख लिखा जिसका उत्तर उन्होंने (शाास्त्रार्थमहारथी जी ने) अपनी पत्रिका लोकालोक के माध्यम से दिया। इस पर सम्पत्कुमाराचार्य जी तो चुप हो गए पर उनके श्वशुर जगदाचार्य स्वामी अण्णंगराचार्य ने एक कठोर चोट शास्त्रार्थमहारथी जी पर की। विनीत पुत्र प्रेमाचार्य से यह न सहा गया, उसने उस चोट का उत्तर इन 111 श्लोकों के माध्यम से दिया। शास्त्रार्थमहारथी जी के समन्वयवाद के राघवाचार्य कृत प्रतिवाद को उन्होंने दही से भरे पात्र पर ढेला मारने के समान कहा है-*चक्रे दधिभरितमहाभाजने लोष्टघातम्*। दाक्षिणात्यों ने उनके पिता पर चोट की थी इसलिये उन पर उनका रोष स्वाभाविक ही था। दाक्षिणात्य लोग अपने को उच्चासन पर प्रतिष्ठित मानते हैं पर वे उच्चासन के मत्कुण (खटमल) ही हैं, उत्तर के लोग ही शास्त्र के वचन का पालन करते हैं-

पालयन्त्युत्तरस्थास्तु चैतच्छास्त्रानुशासनम्।
दाक्षिणात्यास्तु दृश्यन्ते उत्तुङ्गासनमत्कुणाः।।[53]

उन पर और गहरी चोट करते हुए वे कहते हैं कि यह आवश्यक नहीं कि जो ऊँचे हों उसकी पूजा ही हो, गाय, गंगा, पीपल का पेड़ ये सब भूमि पर होने पर

भी पूजे जाते हैं जबकि धुआँ, कव्वा, और राहु ऊँचे होने पर भी नहीं पूजे जाते–

भूमिस्था अपि पूज्यन्ते गोगङ्गाश्वत्थपादपाः।
उत्तुङ्गा अपि नेज्यन्ते धूमध्वाङ्क्षविधुन्तुदाः।।[54]

कहीं-कहीं तो यह रोष बहुत उग्र रूप धारण कर लेता है–

न जातु कामान्न भयान्न लोभाद्वा जीवनादपि।
यैर्विज्ञैर्यावदायुष्यं स्वधर्मो नोज्झितो मनाक्।।
तान् हि काकणिकालुब्धान् लिखतां भवतां करः ।
न कम्पितो न रुद्धो वा ह्येषोऽस्ति महिमा कलेः।।[55]

अर्थात् जिन विद्वानों ने काम, भय, लोभ, और प्राणों की रक्षा के कारण भी जीवन भर तनिक भी स्वधर्म नहीं छोड़ा, उनके प्रति लिखते हुए कौड़ियों के लोभी आप लोगों का हाथ कांपा या रुका नहीं। यही है कलियुग की महिमा।

श्री प्रेमाचार्य जी को तनिक भी सन्देह नहीं है कि माधव और उमाधव दोनों एक ही हैं। श्रुति ने भी इसी तथ्य को प्रतिपादित किया है–

माधवोमाधवाभ्यां या वर्तते श्रुतिसम्मता।
तादात्म्यरूपता नात्र विचिकित्सालवाणिमा।।[55]

श्री प्रेमाचार्य की वाणी से अपार आत्मविश्वास टपकता है। पितृभक्त पुत्र वीर घोषणा करते हुए कहते हैं–

शास्त्रार्थो न विभीषिका पितृकृते नोद्वेजको वाऽप्यसौ
वादेष्वेव हि बद्धकक्षवपुषां यातं वयो नोऽखिलम्।
किन्त्वद्यावधि वेदधर्मरिपवः संमर्दिताः प्रायशो
हंहो सम्प्रति सम्प्रदायगुरवोऽभ्यर्च्या विपक्षाऽऽश्रिताः।।[57]

अर्थात् मेरे पिताश्री के लिये शास्त्रार्थ कोई विभीषिका नहीं है, न ही उससे उन्हें उद्वेग होता है। हमने तो कमर कस रखी है। हमारी तो सारी आयु ही शास्त्रार्थ में बीती है। किन्तु अब तक प्रायः हमने वेदधर्म के विरोधियों का ही मर्दन किया है पर वाह रे! आज प्रतिपक्षी बने सम्प्रदायाचार्यों की भी हमें 'पूजा' करनी होगी।

श्री अण्णङ्राचार्य के नाम को संस्कृत में अनङ्गारि रूप में रखते हुए श्री प्रेमाचार्य ने बहुत ही साहिंत्यिक ढंग से उन पर चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि आपके रंग-ढंग से आपकी वैष्णवता प्रकट नहीं होती, आप तो अनङ्गारि शिव लगते हैं, कालकूट के कारण शिव नीलकण्ठ हैं, आशीर्ष उनका शरीर सर्पों से भरा है, मस्तक पर अनङ्ग को भस्म करने के लिये निकली हुई अग्नि की ज्वाला है सो आपका कण्ठ भी शिवद्वेषी वचनों के कारण मलिन (नील) है। दुर्दर्प रूप सर्पों से आपका शरीर भी भरा है। दुर्दम मात्सर्य रूपी अग्नि की ज्वाला आपके सिर पर भी धु-धु कर जल रही है।

शर्वद्वेषवचोगरेण मलिना कण्ठोपकण्ठप्रभा
आचूड[58] कवलीकृता तनुरहो दुर्दर्पकुम्भीनसैः।
मौलौ दुर्धरमत्सरानलशिला यावत्समुज्जृम्भते
तावद्वैष्णवता न, किन्तु भवतां जागर्त्यनङ्गारिता।।

डॉ. मदन लाल वर्मा

नई पीढ़ी के अन्य उल्लेखनीय संस्कृत साहित्यकारों में हैं कुरुक्षेत्र के श्री मदन लाल वर्मा।

सन् 2003 में हरियाणा संस्कृत अकादमी ने उन्हें संस्कृत सेवा के लिए अपने सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया था। उन्होंने अपनी अनेक मौलिक कृतियों से संस्कृत वाङ्मय की श्री वृद्धि की है जिनका विवरण इस प्रकार है–

1. विचारवीथी (संस्कृत निबन्ध संग्रह)

इसमें कुल मिलाकर सोलह निबन्ध हैं। जिनके शीर्षक हैं–(1) प्रश्नोपनिषद्यध्यात्मज्ञानम्, (2) संस्कृतस्य चम्पूकाव्यानि, (3) गीतायामर्जुनस्य विशिष्टाभिधानानां सार्थकत्वम्, (4) अधिनायकवाद उत वा प्रजातन्त्रवादः, (5) नानकस्योपासनाभावः, (6) कोऽयमीशः (भाषविभाग, हरियाणा द्वारा पुरस्कृत निबन्ध), (7) मानवश्चन्द्रमाश्च (भाषा विभाग द्वारा पुरस्कृत निबन्ध), (8) अस्म्यहमेकाकी (ललितनिबन्धः), (9) वैदिककालीनं युद्धम्, (10) वैज्ञानिकानां तपश्चर्या (भाषा विभाग द्वारा पुरस्कृत निबन्ध), (11) लौकिक संस्कृतकाव्येषु रणनिरूपणम्, (12) कथानक-दृष्ट्याऽऽधुनिकहिन्दीमहाकाव्येषु संस्कृतस्य प्रभावः, (13) चरित्र-चित्रण-दृष्ट्याऽऽधुनिकहिन्दीमहाकाव्येषु संस्कृतस्य प्रभाव, (14) युगसत्यधारणाया औचित्यस्य विश्लेषणम् (भाषा विभाग, हरियाणा द्वारा पुरस्कृत), (15) सौन्दर्यपरिज्ञानम्ः विश्लेषणमेकम् (भाषा विभाग द्वारा पुरस्कृत निबन्ध), (16) सुखदुःखवादौ (हरियाणा भाषा विभाग द्वारा पुरस्कृत निबन्ध)

निबन्धों की भाषा सरल साहित्यिक है। छोटे-छोटे वाक्य हैं और शोधपूर्ण एवं समीक्षात्मक हैं।

2. रूपारूपे (संस्कृत उपन्यास)

यह उपन्यास कानपुर विश्वविद्यालय से पी-एच.डी. (संस्कृत) उपाधि के लिये स्वीकृत। उपाधि प्राप्तिकर्त्री-डॉ. विभा शुक्ला (पूर्व तिवारी) 1993 में। विषय–"डॉ. मदन लाल वर्मा द्वारा रचित संस्कृत उपन्यास 'रूपारूपे' का साहित्यिक मूल्यांकन"।

अम्बिकादत्त व्यास के 'शिवराजविजय' नामक उपन्यास के अनन्तर कितने

सामाजिक उपन्यास संस्कृत साहित्य में समुपलब्ध हैं। यह विचारणीय है।

'रूपारूपे' डॉ. वर्मा का प्रथम सामाजिक उपन्यास है। इसमें सामाजिक दृष्टि से वर्णित घटनाओं के आधार पर एक सिद्धपुरुष के जीवन-चैतन्य की विद्यमानता है। उसके दो रूप हैं। पहले दिव्यरूप में वह अपने श्रद्धालुओं में आदर प्राप्त करता है और उसका दूसरा रूप सांसारिक गार्हस्थ्य का है। उसके प्रभाव से एक प्राध्यापक भी उसके समान बनने का प्रयत्न करता है, परन्तु वह कहाँ तक सफलता पाता है, इस तथ्य को जानने के लिए यह उपन्यास पठनीय है। भगवद् दृष्टि से भी इस उपन्यास में 'रूप-अरूप' संलक्षित होते हैं। इसी कारण से इस उपन्यास का शीर्षक 'रूपारूपे' रखा है, जो प्रतीकार्थ को भी प्रकट करता है। यद्यपि सभी पात्र कल्पित हैं।

3. गिरिकर्णिका (संस्कृत गद्यगीत-संग्रह)

'गिरिकर्णिका' गुजरात में साबरमती नदी का नाम है। उसी नदी के प्रवाह की भाँति 'गिरिकर्णिका' के गद्यगीतों का प्रवाह है। भाषा सरल है और सभी गद्यगीतों में रोचकता एवं लयात्मकता है।

4. अवगाहनम् (संस्कृत समीक्षात्मक लेख संग्रह)

इस पुस्तक में विविध विषयों से सम्बद्ध चौदह लेख हैं। जैसे– (1) संस्कृतं भारतीया संस्कृतिश्च। (2) प्राग् पुरावृत्तं देववाणी च। (3) संस्कृतशिक्षणस्य महत्वम्। (4) मदीया साहित्य यात्रा, (5) दर्शनेषु ईश्वरस्य स्वरूपम्, (6) शंकराचार्यस्य भारतीयदर्शनेभ्यो योगदानम्, (7) जीवनदर्शने धर्मः, (8) अन्तरिक्षविज्ञानम्, (9) भारतीयचिकित्साविज्ञाने वनस्पतीनाम् औषधीयगुणाः, (10) युद्धव्यवस्था (11) धर्मशास्त्रोक्तविवाहस्योपयोगिता। (12) महावीरस्वामिनः साधनदृष्टान्ताः, (13) उपन्याससम्राजः प्रेमचन्दविषयकं वक्तव्यम्। (14) प्रेम।

श्री जयनारायणशास्त्री

कुरुक्षेत्र के पास के ही नीलोखेड़ी स्थान के श्री जयनारायणशास्त्री भी नई पीढ़ी के वे उद्भट संस्कृत साहित्यकार हैं जिनकी साहित्यसाधना भी हरियाणा संस्कृत अकादमी द्वारा समादृत हुई है। सन् 2003 में इन्हें भी अकादमी द्वारा महर्षि वेदव्यास पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इनके कृतित्व का विवरण इस प्रकार है।

संस्कृत की रचनाएं

1. बीमार होने पर लिखा "सवितृस्तोत्रम्" प्रकाशित

2. "कंसवधम्"—पद्य में लिखा महाकाव्य, अठारह सर्ग हरियाणा साहित्य अकादमी से हरियाणा में प्रथम घोषित तथा पुरस्कृत और प्रकाशित।
3. गद्य में लिखा "मधुमती" महाकाव्य, दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम घोषित तथा पुरस्कृत, प्रकाशित।
4. "नागलीलाऽमृतम्" खण्ड एवं गीति काव्य, प्रकाशित।
5. "सुमनोऽभिलाषम्" गीति एवं खण्डकाव्य, प्रकाशित।
6. "पार्थसारथि" नाटक प्रकाशित।
7. पद्य में "ध्रुवचरितम्" प्रकाशित तथा हरियाणा संस्कृत अकादमी पंचकूला से पुरस्कृत।
8. गद्य में "सतीविजयः" महाकाव्य, प्रकाशित।
9. पद्य में "अज्ञातवासम्" महाकाव्य, प्रकाशित।
10. वासुदेवः सर्वम् नाटक प्रकाशित।

श्री राधाकृष्णशास्त्री

भिवानी के पास के लुटारी जाटु नामक ग्राम के श्री राधाकृष्णशास्त्री ने अपने जन्मप्रदेश हरियाणा के वैभव का वर्णन अपने लघु काव्य 'हरियाणावैभवम्' में बुहत सशक्त ढंग से किया है। उनके अपने कथनानुसार वे अपने जन्म प्रदेश के प्रति भक्ति से ही इसके वर्णन में प्रवृत्त हुए—

नाहं कविः काव्यकृतौ नदीष्णो
जाने न तत्त्वात् कविकर्ममर्म।
तथापि जन्मावनिभक्तिकृष्ट-
स्तदर्चनां काव्यसुमैः करोमि।।

डॉ. रामेश्वरदत्त शर्मा

भिवानी निवासी हरियाणा संस्कृत अकादमी के वर्तमान सचिव डॉ. रामेश्वरदत्त शर्मा भी संस्कृत के रससिद्ध कवि हैं। बहुत समय पूर्व इन्होंने 'हरियाणा संस्कृत वृत्तम्' शीर्षक से हरियाणा के संस्कृत सेवियों का इतिवृत्त प्रस्तुत किया था। न केवल विवरणात्मक ही अपितु इन्होंने मौलिक भी बहुत कुछ लिखा है।

डॉ. भीमसिंह

पूर्वोल्लिखित यशोनिधि पं. विद्यानिधि शास्त्री जी के सुपुत्र, सम्प्रति कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में कार्यरत, डॉ. भीमसिंह का व्याकरण के क्षेत्र

में योगदान विशेष उल्लेखनीय है। उन्होंने सम्पूर्ण महाभाष्य की प्रदीपोद्योत का आशय लेते हुए हिन्दी में विस्तृत व्याख्या कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

उपसंहार

इन विद्वानों के अतिरिक्त डा. यज्ञवीर दहिया, डॉ. सुधीकान्त भारद्वाज आदि अन्य अनेक विद्वान् और साहित्यस्रष्टा हरियाणा के हैं जिन्होंने अपने कृतित्व से संस्कृत साहित्य को समृद्ध किया है। उनका विवरण विस्तार से कालान्तर में प्रस्तुत किया जाएगा।

सन्दर्भ

1. विश्राम 24, श्लोक 47.
2. वहीं, श्लोक 33.
3. वहीं, श्लोक 34.
4. वहीं, श्लोक35-36.
5. वहीं, श्लोक 38.
6. वहीं, श्लोक 39-41.
7. विश्राम 1, श्लोक 2.
8. विश्राम 4, श्लोक 28.
9. विश्राम 3, गद्य भाग 9.
10. वहीं, श्लोक 19-24.
11. विश्राम 3, श्लोक 25.
12. विश्राम 5, श्लोक 48-62.
13. साहित्यबिन्दु, तृतीय बिन्दु, पृ.100.
14. अङ्क 1, श्लोक 2, पृ.3.
15. द्वितीय बिन्दु, पृ. 85.
16. वहीं, पृ. 67.
17. तृतीय बिन्दु, पृ. 91 (टीका)
18. अध्याय 6, श्लोक 48-49.
19. दुर्गाभ्युदय, अंक 1, पृ. 4.
20. वहीं, अंक 5, पृ. 4.
21. वहीं, अंक 7, पृ. 67.
22. वहीं अंक 5, पृ. 4.
23. वहीं, अंक 1, पृ. 3.
24. छन्दोऽनुरोधात् पण्डित जी महाप्रसाद के स्थान पर प्रासाद का प्रयोग कर गये हैं- अपि माषं मषं कुर्याच्छन्दोभङ्गं न त्यजेद् गिरम्।

25. पृ. 230.
26. मौनत्वम् में त्व प्रत्यय अनर्थक है।
27. द्वितीय बिन्दु, पृ. 74.
28. श्लोक 108, पृ. 112.
29. पञ्चम बिन्दु, पृ. 187.
30. पञ्चम बिन्दु, पृ. 148.
31. श्लोक 62-63, पृ. 19.
32. श्लोक 2, पृ. 9.
33. श्लोक 124, पृ. 59.
34. श्लोक 134, पृ. 62.
35. श्लोक 135, पृ. 63.
36. श्लोक 221. पृ. 99.
37. श्लोक 69, पृ. 16.
38. श्लोक 235, पृ. 104.
39. श्लोक 237, पृ. 104.
40. गुरुकुल पत्रिका, गुरुकुल कांगड़ी.
41. मार्च, 1969.
42. जनवरी-फरवरी, 1970 और जुलाई 1970.
43. लाहौर, संवत् 1987.
44. अध्याय 3, पाद 2, श्लोक 36-37. पृ. 85.
45. नपुंसकलिङ्ग रक्त का पुलिंग में यहाँ प्रयोग चिन्त्य है.
46. अध्याय 1, पाद 3, श्लोक 9-10, पृ. 39-40.
47. अध्याय 1; पाद 2, श्लोक 45, पृ. 35.
48. सत्याग्रहनीतिकाव्यम् मङ्गलाचरणम्, श्लोक 3, पृ. 6।
49. स्वागतं व्याहर्तुम् अथवा स्वागतं कर्तुम् के स्थान पर स्वागन्तुम् प्रयोग अव्यावहारिक है। इसका अर्थ होगा अच्छी तरह आने के लिये जोकि कवि को अभीष्ट नहीं है। दीर्घान्तमञ्जरी शब्द का ह स्वान्तमञ्जरि रूप में प्रयोग भी अनुचित है। अध्याय 3, पाद 4, श्लोक 1, पृ. 116.
50. निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, 1940.
51. श्लोक 16, पृ. 29.
52. श्लोक 17. पृ. 29.
53. श्लोक 49, पृ. 33.
54. श्लोक 50, पृ. 33.
55. श्लोक 84-85, पृ. 35.
56. श्लोक 105, पृ. 38.
57. श्लोक 93, पृ. 36.
58. [illegible] एवं [illegible] में [illegible] चिन्त्य है।

XI

अनुवाद की दिशा में डॉ. राघवन् का योगदान

आज के युग के महान् साहित्यसाधक एवं प्रखर आलोचक डॉ. वे. राघवन् की साहित्य को देन सर्वथा अपूर्व है। अठत्तर ग्रन्थों और सात सौ तीस से भी अधिक शोध निबन्धों के लेखक इस महामानव ने भारत की कीर्तिपताका चारों दिशाओं में फहरायी है। आलोचक के रूप में तो ये विख्यात हैं ही। इनके 'भोज'ज़ शृंगार- प्रकाश', 'दि नम्बर ऑफ़ रसज़', 'सम कान्सेप्स्ट ऑफ़ अलंकारशास्त्र' आदि ग्रन्थ विद्वत्समाज में सुतारां समादृत हुए हैं। इनकी 'न्यू कैटेलोगस कैटलोगरम्' की महती योजना भी भारतीय वैदुष्य के लिए बहुमान का विषय है। पर ये केवल आलोचक ही नहीं, साहित्यकार भी हैं। संस्कृत और तमिल में नाना मौलिक ग्रन्थों की रचना भी इन्होंने की है। कर्नाटक संगीत के महान् आचार्य मुत्तुस्वामी दीक्षित के व्यक्तित्व और कृतित्व पर रचित इनके अमर महाकाव्य 'मुत्तुस्वामिदीक्षितचरितम्' के सौन्दर्य पर अभिभूत होकर कामकोटिपीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य ने इन्हें 'कविकोकिल' की उपाधि से सम्मानित किया है। इसके अतिरिक्त अनेक खण्डकाव्यों की रचना भी इन्होंने की है। किञ्च, अनेक भाषाओं की अनेक कृतियों का इन्होंने भाषान्तर या अनुवाद भी किया है। ये प्रख्यात रूपककार भी हैं। अब तक इन्होंने बारह रूपक लिखे हैं, जिनमें सात अभिनीत और प्रकाशित हो चुके हैं। इनकी बहुमुखी प्रतिभा ने इन्हें अपूर्व ख्याति प्रदान की है। ये आलोचक हैं और कवि भी, रूपककार हैं और अनुवादक भी, प्राचीन शास्त्रों के व्याख्याता हैं और नवीन चिन्तनधारा के प्रतिनिधि भी। इसमें क्या आश्चर्य कि इन विभिन्न तत्त्वों के सम्मिश्रण से बना इनका व्यक्तित्व वर्तमान युग के लिए एक आश्चर्य की वस्तु बन गया है।

शायद बहुत कम लोगों को यह ज्ञात होगा कि डॉ. राघवन् के लेखक-जीवन का आरम्भ ही अनुवाद कार्य से हुआ था। उनके सर्वप्रथम तीन ग्रन्थ अनूदित ग्रन्थ ही थे। 1934 से 1936 तक प्रतिवर्ष उनका एक-एक अनुवाद ग्रन्थ प्रकाशित होता रहा था। 1934 में महाभारत के संक्षिप्त संस्करण का अंग्रेज़ी अनुवाद, 1935 में

भागवत के संक्षिप्त संस्करण का अंग्रेज़ी अनुवाद और 1936 में संस्कृत स्तोत्रों, प्रार्थनाओं आदि का अंग्रेज़ी अनुवाद। ये तीनों अनुवाद ग्रन्थ जी. ए. नटेसन एण्ड कम्पनी, मद्रास के द्वारा प्रकाशित किये गये थे।

डॉ. राघवन् के अनुवाद कार्य को आठ भागों में विभक्त किया जा सकता है–

1. अंग्रेज़ी से तमिल में अनुवाद
2. तमिल से अंग्रेज़ी अनुवाद
3. तमिल से संस्कृत में अनुवाद
4. संस्कृत से तमिल में अनुवाद
5. तेलुगु से अंग्रेज़ी में अनुवाद
6. संस्कृत से अंग्रेज़ी में अनुवाद
7. अंग्रेज़ी से संस्कृत में अनुवाद
8. बंगला से संस्कृत में अनुवाद

डॉ. राघवन् तमिल के बहुत अच्छे लेखक हैं। इन्होंने मौलिक रचनाओं के अतिरिक्त अनुवादों से भी उसके साहित्य की श्रीवृद्धि की है। अंग्रेज़ी के सुप्रसिद्ध लेखक और कहानीकार और कुछ समय के लिए नेशनल बुक ट्रस्ट के सचिव मंजेरी एस् ईश्वरन् की अनेक लघुकथाएँ डॉ. राघवन् ने तमिल में अनूदित की हैं जोकि समय-समय पर तमिल पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही हैं। इसके अतिरिक्त भारतीय चित्रकला, वास्तुकला आदि विभिन्न विषयों के अनेक रोचक और ज्ञानवर्धक अंग्रेज़ी लेखों का भी डॉ. राघवन् ने अनुवाद किया है, जो कि कलइमखम्, शिल्पश्री आदि तमिल पत्रिकाओं में प्रकाशित होता रहा है।

डॉ. राघवन् ने दिसम्बर 1964 में 'एकता के महान् पुजारी–भारत के सन्त कवि' (The Great Integrators : Saint-Singers of India) विषय पर पटेल स्मारक भाषण (Patel Memorial Letures) दिये थे जोकि 1966 में भारत सरकार के प्रकाशन विभाग की ओर से पुस्तक रूप में प्रकाशित हुए थे। इस पुस्तक के अन्त में एक सुभाषितावलि (Anthology) दी गई है, जिसमें अनेक तमिल स्तोत्रकारों और सन्त त्यागराज के सुभाषितों का अंग्रेज़ी में अनुवाद दिया गया है।

डॉ. राघवन् ने तमिल से संस्कृत में अनुवाद कार्य भी किया है। उन्होंने तमिल राष्ट्रीय कवि सुब्रह्मण्य भारती की कतिपय रचनाओं का संस्कृत में अनुवाद प्रस्तुत कर संस्कृत साहित्य की श्रीवृद्धि की है। उनके द्वारा अनूदित अश्वशृंगादि प्रहसन समय-समय पर भारतवाणी आदि संस्कृत पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे हैं।

डॉ. राघवन् के संस्कृत से तमिल में अनुवाद कार्य की दिशा में विशेष उल्लेखनीय योगदान है उनका कथासरित्सागर के कतिपय भागों का तमिल में अनुवाद जिसे सदर्न लैंग्विजिज बुक ट्रस्ट ने प्रकाशित किया है।[1] डॉ. राघवन् ने कथासरित्सागर के तमिल अनुवाद का कार्य भी किया है। इसके कतिपय अनूदित अंश क्रमशः तमिल् पत्रिकाओं में प्रकाशित भी हो चुके हैं। डॉ. राघवन् का संकल्प सम्पूर्ण कथासरित्सागर को तमिल में प्रस्तुत करने का था। निश्चय ही यह अपने ढंग का पहला एवं महान् कार्य होता। इसी महान् कार्य की कोटि का एक अन्य महान् कार्य जो डॉ. राघवन् ने किया है वह है उनका भास के दूतवाक्य,[2] मध्यम-व्यायोग[3] और दूतघटोत्कच[4] एवं महेन्द्रविक्रम के भगवदज्जुकीय[5] का तमिल में अनुवाद।

इन महान् कार्यों के अतिरिक्त डॉ. राघवन् ने अनेक लघु कार्य भी किये हैं। नाना संस्कृत स्तोत्रों, सुभाषितों और शंकराचार्य के पद्यादिकों का भी तमिल में अनुवाद उन्होंने किया है जो कि समय-समय पर पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे हैं।

1966 में डॉ. राघवन् का त्यागराज का आध्यात्मिक दाय (Spiritual Heritage of Tyagaraja) शीर्षक ग्रन्थ मद्रास से प्रकाशित हुआ था। इसमें डॉक्टर साहब ने त्यागराज के 600 तेलुगु गीत देवनागरी लिपि में अंग्रेज़ी अनुवाद के साथ प्रकाशित किये हैं। पूर्वोल्लिखित 'एकता के महान् पुजारी—भारत के सन्त कवि' (पटेल स्मारक भाषण) के अन्त में दी गई सुभाषितावलि में तमिल सुभाषितों का अंग्रेज़ी अनुवाद भी इन्होंने दिया है।

1958 में कोलम्बिया विश्वविद्यालय (न्यूयार्क) ने डॉ. राघवन् का एक ग्रन्थ 'भारतीय परम्परा के मूलस्रोत' (Sources of Indian Tradition) प्रकाशित किया था। इस ग्रन्थ में लगभग 100 पृष्ठों में हिन्दू धर्म और दर्शन पर मूल संस्कृत ग्रन्थों में पाये जाने वाले अनेक सन्दर्भों का अनुवाद डॉ. राघवन् ने अंग्रेज़ी में प्रस्तुत किया है। इस पुस्तक (Sources of Indian Tradition) पर उन्हें वाटुमल पुरस्कार (Watumall Award) प्राप्त हुआ था जो कि अमेरिका में भारतीय प्रकाशन पर दिया जाने वाला प्रथम पुरस्कार था। यूनेस्को के 1955 में नई दिल्ली में हुए प्रथम अधिवेशन के अवसर पर यूनेस्को द्वारा पूर्व और पश्चिम के देशों की परस्पर जानकारी बढ़ाने एवं उनके आदर्श ग्रन्थों के अनुवाद की योजना के अन्तर्गत 'भारतीय दाय' (The Indian Heritage) शीर्षक से बंगलोर के इण्डियन इस्टिट्यूट ऑफ़ वर्ल्ड कल्चर (Indian Institute of World Culture) द्वारा प्रकाशित एक अन्य ग्रन्थ में भी डॉ. राघवन् ने विशिष्ट संस्कृत ग्रन्थों (वेद, उपनिषद्, रामायण, महाभारत आदि) से चुने हुए सन्दर्भों का अंग्रेज़ी में अनुवाद प्रस्तुत किया है। इसका प्राक्कथन भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने

लिखा था। इसके अतिरिक्त डॉ. राघवन् तथा डॉ. माइल्स् डिल्लोन् ने मिलकर सागरनन्दी के नाटकलक्षणरत्नकोष का अंग्रेज़ी में अनुवाद किया है जिसे अमेरिकन फिलोसोफिकल सोसाइटी, फिलाडेल्फिया, ने प्रकाशित किया है।

अंग्रेज़ी से संस्कृत की दिशा में डॉ. राघवन् का योगदान विशेष उल्लेखनीय एवं महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने अंग्रेज़ी की दो सुप्रसिद्ध कविताओं और एक स्पेनी भाषा की कटिल्लिय विभाषा में मूलतः लिखित पर बाद में अंग्रेज़ी में अनूदित कविता का संस्कृतानुवाद किया है। अनुवाद भी ऐसा कि अनुवाद लगता ही नहीं। अनुवाद में से मूल नहीं झाँकता, वह मूल की ही प्रतीति देता है। अनुवादक स्वयं में कवि हैं इसलिए इनके लिए ऐसा अनुवाद करना सम्भव हो पाया है। इन दो कविताओं में पहली सुप्रसिद्ध अंग्रज़ी कवि कीट्स की 'ल बेल् दाम्स् साम्स् मर्सी' है और दूसरी सुप्रसिद्ध स्पेनी कवि होज़ रिंजेल् की 'पोस्टीरिरियोर् एडियोस्'। डॉ. राघवन् ने इनके शीर्षक क्रमशः 'निर्दया देवी'[6] और 'अन्तिममामन्त्रणम्'[7] दिये हैं। नीचे 'ल बेल् दाम्स् साम्स् मर्सी' के तीन मूल अंग्रेज़ी पद्य संस्कृतानुवाद के साथ दिये जा रहे हैं। इन्हे देख पाठकगण स्वयं निर्णय कर सकेंगे कि अनुवाद कितना उत्कृष्ट कोटि का है–

I met a lady in the Meads
Full beautiful—A fairy's child,
Her hair was long, her foot was light.
And her eyes were wild.

शाद्वलभूमिषु कामपि
फुल्लश्रियमापमप्सरःप्रभवाम्।
त्र्यायतकबरभरां लघुचरणा-
मुद्भ्रान्तलोचनद्वन्द्वाम्।।

She found me roots of relish sweet,
And honey wild and manna dew,
And sure in language strange she said
"I love thee true"

कन्दं स्वादु ददौ मे
गिरिमधु फलचित्रसरसपाकांश्च।
चित्रगिरा स्फुटमवदत्
सत्यं त्वां कामयेऽहमिति।।

And there she lulled me asleep,
and there I dreamed—Ah! Woe betide!
The latest dream I ever dreamt
On the cold hillside.

तल्लालनेन सुप्तः
तत्राहं स्वप्नमेकमद्राक्षम्।
शिशिरे दुर्गनितम्बे
धिक्! चरमः स्वप्न आसीन् मे।।

'पोस्टीरियोर् एडिओस्', 'चरममामन्त्रणम्', फिलिपीन्स के प्रमुख देशभक्त लेखक होज़े रिज़ल् की रचना है। श्री होज़े रिज़ल् का जन्म फिलिपिन्स की राजधानी मनीला से कुछ दूर कलम्ब नामक नगर में हुआ था। उन दिनों यह देश स्पेन के अधीन था। स्पेन में ही उनकी शिक्षा-दीक्षा हुई। पर उनके मन में अपने देश के प्रति अगाध प्रेम था, इसे स्वतन्त्र देखने की ललक थी। स्वदेश प्रेम से प्रेरित होकर ही उन्होंने 'नोलि मे तेंगेरे' (Noli me Tengere) नामक कहानी लिखी जिसमें स्पेनिश अत्याचार का विशद वर्णन था। 1889-1891 तक इन्होंने जो विविध साहित्य रचा उसमें स्वदेश को स्वतंत्र कराने की पुकार थी। 1891 में उन्होंने अपनी दूसरी कहानी 'रेन ऑफ़ ग्रीड' (Reign of Greed) प्रकाशित की जिसमें स्पेनी शासन की कड़ी आलोचना की गई थी। स्पेनी प्रशासन इसे सह न सका। श्री रिज़ेल पर राजद्रोह का दण्ड लगाकर उनहें बन्दी बना लिया गया और देश-निकाला दे दिया गया। 1896 में जनता को स्पेनी शासन के विरुद्ध भड़काने का आरोप लगाकर उनहें मृत्यु-दण्ड दिया गया। 29 दिसम्बर की उस रात को, जो उनके जीवन की अन्तिम रात थी, वे निरन्तर लिखते रहे। 'अन्तिममामन्त्रणम्' मरने से छः घण्टे पूर्व की उनकी रचना है। इसमें उन्होंने अपने देशवासियों से विदाई ली है। रचना बहुत मार्मिक बन पड़ी है। नाना भाषाओं में इसका अनुवाद हुआ है। संस्कृत में इसका प्रथम अनुवाद डॉ. राघवन् ने किया है। मूल कविता में प्रत्येक पद्य में पाँच पंक्तियाँ हैं। संस्कृत पद्यानुवाद में पाँच पंक्तियों का छन्द सम्भव न था। डॉ. राघवन् ने इस कठिनाई को वसन्ततिलका पद्य के साथ एक अनुष्टुभ् पद्य को जोड़कर दूर किया है। डॉ. राघवन् का अनुवाद अंग्रेज़ी अनुवाद पर आधारित है। यह उस अनुवाद से किसी भी तरह कम नहीं, कहीं-कहीं तो भाव-प्रवणता में उससे भी आगे बढ़ जाता है। तुलना के लिए कतिपय पद्यों के अंग्रेज़ी और संस्कृतानुवाद नीचे दिये जा रहे हैं-

Farewell, dear fatherland, clime of the sun caress'd,
Pearl of the orient seas, our Eden lost!
Gladly now I go to give thee this faded life's best
And were it brighter, fresher, or more blest,
Still would I give it thee, nor count the cost.

स्वस्त्यस्तु पूज्यजननोर्वि रविप्रियोर्वि
प्राच्याब्धिमौक्तिकमणे मुषितद्युभूमे।

तुभ्यं विषादमयमप्यतिहर्षतोऽह-
मेतन्मदीयमिह जीवितमर्पयामि।।

यदीदं जीवितमितोऽप्यभविष्यत्समुज्ज्वलम्।
फुल्लमम्लानमेवं चाप्यदास्यं श्रेयसे तव।।

If over my grave some day thou seest grow,
In the grassy sod, a humble flower,
Draw it to thy lips and kiss my soul so,
While I feel on my brow in the cold tomb below
The touch of the tenderness, the breath's warm power.

चैत्यं मम प्रकटगुल्मघनान्तरोप-
रूढं कदाचिदवलोकयसे यदि त्वम्।
किंचित्सुफल्गु कुसुमं, नय तत्त्वदोष्ठ-
मात्मानमेवमपि मे परिचुम्ब मातः।।
एवमत्रातिशिशिरे चैत्ये प्रस्वपता मया।
भालदेशेऽनुभूयेरन् श्वासास्ते कोष्णकोमलाः।।

My Fatherland adored, that sadness to my sorrow lends,
Beloved Filipinas, hear now my last good-bye;
I give thee all parents and kindred and friends;
For I go where no slave before the oppressor bends,
Where faith can never kill, and God reigns e'er on high!

पूज्ये ममोद्भवधरित्रि मदीयशोक-
सारायिते फिलिपिना दयिते शृणु, त्वाम्।
आमन्त्रयेऽद्य वचनं चरमं ममेदं
त्यक्तास्त्वयि प्रियजनाः पितरश्च तत्र।।
यत्र सन्ति न दासा वा घातुकाः क्रूरशासकाः।
श्रद्धा न मृतये, देवः शास्ता, तत्र व्रजाम्यहम्।।

डॉ. राघवन् की 'मधुगाथा'[8] नामक एक कविता अंग्रेज़ी के प्रसिद्ध कवि ग्रे की 'ओड् आन् दि स्प्रिंग' पर आधारित है। ग्रे के आशय को डॉक्टर साहब ने संस्कृत के माध्यम से अत्यन्त रसमय ढंग से अभिव्यक्त किया है। प्रमाण के लिए नीचे उद्धृत किये जा रहे कतिपय अंग्रेज़ी और संस्कृत के पद्य पर्याप्त रहेंगे–

The Attic warbler pours her throat
Responsive to the cuckoo's note,
The untaught harmony of spring,
While, whispering pleasure as they fly,

Cool Zephyrs through the clear blue sky
Their gather'd fragrance fling.

माकन्दकन्दलरसान्धपिकोऽत्र कूज-
त्युन्मादकाकलिकलापमयं वनान्ते।
कीराङ्गनाललितचाटुवचश्च तेन
साहित्यवत् सहृदयोन्मदनं समेति।।

उत्फुल्लसान्द्रमकरन्दभृतप्रसून-
सौरभ्यमाकिरति दिक्षु सरोऽम्बुशीतः।
मन्दानिलोऽत्र मलयद्रुमगन्धवाहः
कर्णान्तिके मदनमन्त्रजपं प्रकुर्वन्।।

कहीं-कहीं डॉ. राघवन् ग्रे से भी बढ़ गये हैं। ग्रे की अपेक्षा इनकी कविता कहीं अधिक सरस एवं काव्यमय बन पड़ी है। प्रमाण के लिए ग्रे की निम्नलिखित पंक्तियाँ-

Beside some water rushing brink
With me the muse shall sit and think
(At ease reclined in rustic state)

और डॉ. राघवन् की निम्नलिखित पंक्तियाँ-

कासारतीरभुवि पद्मबिसाशहंस-
कूजार्पितश्रुतिगवोज्झितघासपाल्याम्।
चिन्तोपगूहनरसेन सुखं शयान
एषोऽत्र दीर्घमनने मन आदधामि।।

उपस्थित की जा सकती हैं।

डॉ. राघवन् की एक रचना जो अंशतः अनुवाद भी है और मौलिक भी 'टाल्स्टाय् हरिल्लगुडश्च' है।[9] 1958 में डॉ. साहब रूस की यात्रा पर थे। इसी यात्रा के दौरान 5 अक्तूबर को वे टाल्स्टाय के जन्म-स्थान एस्नयपोल्या में गये। वहाँ उन्होंने टाल्स्टाय का चैत्य देखा। उसके पास ही एक अभिलेख भी उनकी दृष्टि में आया जिसमें नन्हीं हरी छड़ी की कथा अंकित थी। टाल्स्टाय का भाई निकोलस बचपन में उनसे एक ऐसी नन्ही हरी छड़ी की चर्चा किया करता था जिस पर मनुष्य की सब बुराइयों को दूर करने वाला सन्देश अंकित है। उसका कथन था कि वह अद्भुत नन्हीं छड़ी एक ऊँचे स्थान के पास की एक कन्दरा के किनारे दबी पड़ी है। उस पर लिखा है कि जो किसी से क्रोध अथवा कलह नहीं करते वे सुखी रहते हैं। भाई के द्वारा बताई हुई छोटी सी हरी छड़ी की यह बात टाल्स्टाय के मन में घर कर गई थी और जब से भाई ने पहले-पहल उन्हें

यह बात बताई थी तभी से उन्हें एक ऐसा मार्ग खोजने की धुन सवार हो गई थी जिससे मनुष्य एक-दूसरे के साथ भाई-भाई की तरह प्रेमपूर्वक रह सकें। डॉ. राघवन् इस अभिलेख को पढ़कर अत्यधिक प्रभावित हुए और वहीं पर हाथ-के-हाथ उन्होंने वसन्ततिलका छन्द में तीन पद्यों की रचना कर डाली। भाई निकोलस ने टाल्स्टाय को नन्ही हरी छड़ी के विषय में जो कहा था उसे डॉ. राघवन् ने इन शब्दों में उपस्थित किया है–

मालस्य कस्यचन कुत्रचनास्ति पार्श्वे
गूढोऽद्भुतो लघुहरिल्लगुडो हि कोऽपि।
लभ्येत चेत्स भविता सकलः सुखीह
कश्चिन्न कुप्यति न वा कलहायतेऽन्यैः।।

अन्तिम पद्य में डॉ. राघवन् ने टाल्स्टाय को सम्बोधित करते हुए कहा है कि यह कहानी बचपन में आपके बड़े भाई ने आपको सुनाई थी। जिस नन्हीं हरी छड़ी के विषय में उन्होंने कहा था कौन जाने वह है भी या नहीं। परन्तु जो बात उस पर लिखी थी वह आपमें थी। आपका वाङ्मय जनकल्याण के लिए प्रवाहित हुआ था–

इत्थं कथामकथयत्तव शैशवे ते
ज्येष्ठः, स तादृशहरिल्लगुडोऽस्तु मा वा।
मन्ये तथाविधगुणं तु भवन्तमेव
यद्वाङ्मयं प्रवहति स्म जनस्य शान्त्यै।।

कविताओं के साथ-साथ गद्य रचनाओं का भी डॉ. राघवन् ने संस्कृतानुवाद किया है। इसमें प्रमुख है आज़ाद स्मारक भाषणमाला के अन्तर्गत पं. जवाहरलाल नेहरू का भाषण – 'India Today and Tomorrow', 'भारत आज और कल' जिसका अनुवाद डॉ. राघवन् ने 'भारतमद्यतनं श्वस्तनं च'[10] शीर्षक से किया है। पं. नेहरू की ओजस्विनी वाणी के संस्कृत रूपान्तरण में डॉ. राघवन् बहुत सफल हुए हैं। उदाहरण के लिए नीचे कतिपय मूल अंग्रेज़ी सन्दर्भ संस्कृतरूपान्तर के साथ प्रस्तुत किये जा रहे हैं –

1. **What is India? That is a question which has come back again and again to my mind and in my amateurish way I saught to reply to it in her past and the present. The early beginnings of our history filled me with wonder. It was the past of a virile and vigorous race with a questing spirit, an urge for free enquiry and even in its earliest known period, giving evidence of a mature and tolerant civilization.**

संस्कृत अनुवाद,

कोऽयं भारतो नाम देश: प्रश्नोऽयं पुन: पुनर्मे मनस्युदेति। मदीययैव अशिक्षितया रीत्या अस्य प्रश्नस्योत्तरमहं देशस्यास्य प्राक्तन्यामद्यतन्यां च स्थित्यामन्वैच्छम्। अस्मच्चरित्रस्य ये प्रथमारम्भा: ते मामद्भुतरसेन परिपूरयन्ति। वीर्यवत्या बलवत्याश्च जनजातेस्स आसीत्काल:, यस्याश्च परिप्रश्नशील आत्मा या च विश्रृङ्खलया जिज्ञासया प्रेर्यमाणा बभूव, यस्याश्च चरित्रमतिप्राचीनायामपि दशायां कस्या अपि परिपक्वाया असूयाहीनाया: सभ्यताया लक्षणानि व्यञ्जयामास।

2. So in the tumult and confusion of our time we stand facing both ways, forward to the future and backwards to the past, being pulled in both directions. How can we resolve this conflict and evolve a structure of living which fulfills our material needs and at the same time, sustains our mind and spirit? What new ideas or old ideals, varied and adapted to the new world, can we place before our people, and how can we galvanize them into wakefulness and action.

संस्कृत अनुवाद

अतश्च अस्मत्कालस्य प्रक्षोभव्यामोहाभ्यामुभयमुखा वयं तिष्ठाम:, अग्रे भविष्यन्मुखा:, पश्चाच्च भूतमुखा उभयोरपि दिशो: कृष्यमाणा:। एतं च व्याघातं कथं शमयेम, कथं च कारणार्थं प्रक्रियां काञ्चन निष्पादयेम, ययाऽस्माकं न केवलं प्रापञ्चिकार्था: पूर्येरन्, अपि त्वस्माकं मानसमात्मा च धार्येयाताम्? कानि तानि प्रत्यग्राणि वा पुराणानि वा लक्ष्याणि यानि वैविध्यभाञ्जि नूतनप्रपञ्चौचित्येन ऊहितानि नो जनानां पुरत उपन्यस्येम? कथं च ते जना: सजागरा कर्मठाश्च यथा भवेयु: यथा तान् हठाद् व्यापारशालिनो विदध्याम?

3. Tomorrow's India will be what we make it by today's labours. I have no doubt that India will progress industrially and otherwise; that she will advance in science and technology; that our people's standard will rise; that education will spread and that health conditions will be better, and that art and culture will enrich people's lives. We

have started on this pilgrimage with strong purpose and good heart and we shall reach the end of the journey, however long, that might be.

संस्कृत अनुवाद

यादृशमद्यतनपरिश्रमेण वयं कुर्मः तादृशमेव श्वस्तनं भारतं भविष्यति। व्यापारोद्योगे अन्यथा च भारतमभिवृद्धिमुपैष्यति, विज्ञाने यन्त्रे च तत् प्रगतिं यास्यति, अस्मज्जनानां जीवितप्रकारस्य मात्रा उन्नतिमेष्यति, विद्या प्रसरिष्यति, आरोग्यविषया परिस्थितयो गुणवत्तरा भविष्यन्ति, कलाः संस्कृतिश्च जनजीवितानि धन्यानि करिष्यन्ति इत्यत्र न मे विशयः। दृढेनोद्देश्येन, साधुना हृदयेन च वयमस्यै यात्रायै प्रस्थिताः, यात्रापूर्तिं वा प्राप्नुमः, यावद्वा तद्दैर्घ्यं भवतु।

डॉ. राघवन् की अनूदित गद्य रचनाओं में 'अण्ड-प्रमाणकं धान्यम्'[11] शीर्षक से सुप्रसिद्ध रूसी लेखक टाल्स्टाय की एक लघु कथा 'A grain as Big as a Hen's Egg' के अनुवाद का भी उल्लेख किया जा सकता है। प्रस्तुत संस्कृतानुवाद मूल रूसी कथा के अंग्रेज़ी अनुवाद पर आधारित है।

अंग्रेज़ी अथवा अन्य भाषाओं के ग्रन्थों को समय-समय पर पढ़ते-पढ़ते जो कुछेक पक्तियाँ डॉ. राघवन् को बहुत रुचीं उनका अनुवाद उन्होंने 'अनुवादप्रकरः' शीर्षक से प्रकाशित किया है। इस सङ्ग्रह में कुल मिलाकर 31 छोटे-बड़े गद्य-पद्यमय सन्दर्भ हैं।[12]

बंगला से संस्कृत अनुवाद की दिशा में विशेष उल्लेखनीय हैं डॉ० राघवन् द्वारा अनूदित कविवर रवीन्द्रनाथ टैगोर कृत नाटक 'वाल्मीकिप्रतिभा'[13] और 'नटीपूजा'[14] (नटीर पूजा)। अनुवाद आश्चर्यजनक रूप से मूल के निकट है। भाषा, अभिव्यंजना-शैली, सरसता इन सभी दृष्टियों से वह मूल की छायामात्र है। लगता है मानो टैगोर संस्कृत में बोल उठे हों[15] उदाहरण के लिए निम्नलिखित कतिपय मूल बंगला सन्दर्भ एवञ्च उनके संस्कृत अनुवाद पर्याप्त रहेंगे–

1. बालिका : *ओइ मेघ करे बुझि गगने*
आंधार छाइल, रजनी आइल,
घरे फिरे आज केमने।
चरण अवश हाय, श्रान्तक्लान्त काय
सारा दिवस वनभ्रमणे
घरे फिरे आब केमने।

संस्कृत अनुवाद

बालिका : हन्त मेघैरावृतं गगनम्। अन्धकारः प्रसृतः। रजनी आगता। गृहं पुनर्यायां कथम्। चरणौ अवशौ जातौ। श्रान्तक्लान्तः कायः। पूर्णो दिवसो वनभ्रमणेन। गृहं पुनर्यायां कथम्?

2. वाल्मीकि : मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।।
की बलिनु आमि। ए की सुललित वाणी रे
किछु ना जानि केमने जे आमि प्रकाशिनु देवभाषा,
एमन कथा केमने शिखिनु रे।
पुलके पुरिल मन-प्राण, मधु वरीषल श्रवणे,
ए की। हृदये ए की ए देखि।
घोर अन्धकार माझे ए की ज्योतिर्मय
अवाक्। करुणा ए कार।

वाल्मीकि : मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।।
किमिदं व्याहृतं मया? केयं सुललिता वाणी।
किमपि न जाने, कथमहं प्रकाशितवानस्मि देवभाषाम्।
ईदृशीं भाषां कथमशिक्षे। पुलकेन पूरितं मनः प्राणश्च।
मधु वर्षति श्रवणयोः। केयं यां हृदये पश्यामि। घोरान्ध-कारमध्ये किमिदं ज्योतिः? अवाक् करुणेयं कस्य?

3. सरस्वती : आमि वीणापाणि, तोरे एसेछि शिखाते गान।
तोर गाने गले जाबे सहस्र पाषाण प्राण।
जे रागिणी शुने तोर गलेछे कठोर मन
से रागिनी तोरइ कण्ठे बाजिबे रे अनुक्षण।
अधीर हइया सिन्धु काँदिवे चरणतले,
चारि दिके दिक्-वधू आकुल नयन जले,
माथार उपरे तोर काँदिबे सहस्र तारा,
अशनि गलिया गिया हइबे अश्रुर धारा।
जे करुण रसे आजि डुबिल रे ओ हृदय
शतस्रोते तुइ ताहा ढालिबि जगतमय।

सरस्वती : अहं वीणापाणिः, त्वदर्थमागता।
शिक्षयिष्यामि ते गानम्। तव गानेन

द्रवीभविष्यति पाषाणभूतं जीवितम्।
यां रागिणीं श्रुत्वा ते द्रुतं कठोरं मनः,
सा रागिनी ते कण्ठे ध्वनिष्यति अनुक्षणम्।
अधीरो भूत्वा सिन्धुः क्रन्दिष्यति ते चरणतले।
चतसृषु दिक्षु दिग्वध्व आकुला नयनजलैः।
मस्तकोपरि ते क्रन्दिष्यन्ति सहस्रं ताराः।
अशनिर्द्रवीभविष्यति अश्रुधाराभिः। यस्मिन्करुणरसे
निमग्नं ते हृदयं शतस्रोतोभिः त्वमेव तं जगन्मयं यथा तथा
प्रवाहयिष्यसि।

न केवल गद्य ही अपितु गीत और नृत्य-गीत भी उसी शैली में अनूदित किये गये हैं। नीचे दोनों के एक-एक निदर्शन प्रस्तुत किये जा रहे हैं–

गीत का निदर्शन

निशीथे की कजे गेल मने
की जानि की जानि।
से की घुमे से की जागरणे
की जानि की जानि।।

निशीथे किमुक्त्वा रहस्स प्रयातः
न जानाम्यहं तत् न जानाम्यहं तत्।
तदासीन्नु सुप्तौ तदासीन्नु बोधे
न जानाम्यहं तत् न जानाम्यहं तत्।।

नृत्यगीत का निदर्शन

ए की परम व्यथाय परान कांपाय,
काँपन वक्षे लागे
शान्तिसागरे ढेउ खेले जाय
सुन्दरताय जागे

हन्त व्यथा मे परमा कम्पः प्राणस्य हन्त मे।
कम्पो मे वक्षसो हन्त किं वा सञ्जातमद्य मे।।
खेलन्ति वीचयो हन्त शान्तिसागरवक्षसि।
जागर्ति किमपीहाद्य सौन्दर्यमपि चाद्भुतम्।।

डॉ. राघवन् का अनुवाद कार्य स्तर और परिमाण दोनों दृष्टियों से अत्युकृष्ट है। भिन्न-भिन्न भाषाओं के मूल को जिस ढ़ंग से अन्य भिन्न-भिन्न भाषाओं में

उन्होंने ढाला है उसके उदाहरण इतिहास में बहुत कम हैं। साहित्य की सभी विधाओं में उनकी अबाध गति थी। उनके द्वारा अनूदित वाङ्मय के पर्यवेक्षण से अनुवादक के रूप में जो उनका चित्र उभरता है वह अत्यन्त भव्य है। अकेले अनुवाद के क्षेत्र में ही उनकी देन युग-युग तक के लिए उनका नाम अमर करने के लिए पर्याप्त है।

सन्दर्भ

1. इसी अनुवाद के आधार पर सदर्न लैंग्विजिज़ बुक ट्रस्ट ने कथासरित्सागर की कतिपय कथाओं का तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में अनुवाद प्रकाशित किया है।
2. 'संस्कृत रंग एनुअल', संख्या् 5, 1967 में प्रकाशित।

3.4. मद्रास नाट्य शिक्षण केन्द्र के विद्यार्थियों द्वारा क्रमशः 29 दिसम्बर, 1965 और 23 अगस्त 1968 को अभिनीत। अद्यावधि अप्रकाशित।

5. भारतीय नाट्यसङ्घ के वार्षिक समारोह में हैदराबाद में 6 फरवरी, 1966 को अभिनीत। 'संस्कृत रंग एनुअल', संख्या 5, 1967 में प्रकाशित।
6. संस्कृत प्रतिभा, पंचम उन्मेष, प्रथम विलास, 1965, पृ. 72-73।
7. वहीं, द्वितीय उन्मेष, प्रथम विलास, 1960, पृ. 148-152।
8. वहीं, पञ्चम उन्मेष, द्वितीय विलास, 1965, पृ. 223-225.
9. वहीं, प्रथम उन्मेष, प्रथम विलास, 1959, पृ. 35.
10. वहीं, द्वितीय उन्मेष, द्वितीय विलास, 1960, पृ. 253-289.
11. वहीं, द्वितीय उन्मेष, प्रथम विलास, 1960, पृ. 153-156.
12. वहीं, तृतीय उन्मेष, द्वितीय विलास, पृ. 248-251.
13. वहीं, (संस्कृतरवीन्द्रम्), षष्ठ उनमेष, पृ. 268-251.
14. वहीं, पृ. 252-304.
15. डॉ. राघवन् के इस अनुवाद पर मूर्धन्य साहित्यकार एवं आलोचक डॉ. सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या एवं श्री श्रीजीव न्यायतीर्थ मुग्ध हो उठे हैं। उन्होंने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है। देखिए डॉ. राघवन् की षष्ट्यब्दपूर्ति के उपलक्ष्य में उन्हीं द्वारा लिखित 'अनारकली' नामक रूपक के अभिनय के अवसर पर प्रकाशित स्मारिका ग्रन्थ में 'डा. राघवन्स् कन्ट्रिब्यूशन टु ड्रामा' शीर्षक लेख, पृ. 15.

XII

डॉ. सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या कवि के रूप में

डॉ. सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या उन विद्वानों में हैं जिन पर समस्त विश्व को गर्व है। उनका वैदुष्य अगाध है। वे विश्व के मूर्धन्य भाषा शास्त्री हैं। एक प्रमुख भाषाविद् के शब्दों में वे भाषा शास्त्र के भीष्म पितामह हैं। पर वे केवल भाषा-शास्त्री ही नहीं, साहित्य-शास्त्री भी हैं। वे प्रखर आलोचक भी हैं और सर्जनात्मक साहित्यकार भी। वे मौलिक चिन्तक भी हैं और प्राचीन विचारधारा के व्याख्याता भी। वे मानविकी भाषाओं के आचार्य भी हैं और सुमधुर कवि भी। इसमें क्या आश्चर्य कि इन विभिन्न तत्त्वों के सम्मिश्रण से बना उनका व्यक्तित्व वर्तमान युग के लिये एक आश्चर्य की वस्तु बन गया है।

डॉ. चाटुर्ज्या की कविताएं भिन्न-भिन्न समय पर भिन्न-भिन्न स्थानों से प्रकाशित होती रही हैं। संस्कृत श्लोक रचना में वे सिद्धहस्त हैं। विषयनिरूपण के आधार पर उनके श्लोकों को चार भागों में विभक्त किया जा सकता है -

1. प्रशस्ति श्लोक,
2. भाषाओं व ग्रन्थों के आदि के विषयावतार अथवा उपसंहार रूप श्लोक,
3. आर्शीवाद अथवा शुभकामना श्लोक
4. स्वतन्त्र विषयों पर श्लोक।

डॉ. चाटुर्ज्या में कवि प्रतिभा सहज है। उनके श्लोकों में प्रसाद गुण है, एक प्रांजलता हैं जो हृदय को छू-छू जाती है। प्रस्तुत लेख में उनके इन काव्यात्मक श्लोकों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया जा रहा है।

सिख सम्प्रदाय के दशम गुरु श्रीगुरुगोविन्दसिंह जी की त्रिशताब्दी पूर्ति के अवसर पर सितम्बर 1966 में पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़, द्वारा प्रकाशित एक विशेष ग्रन्थ में डॉ. चाटुर्ज्या ने श्रीगुरुगोविन्दसिंहश्लोकषोडशी शीर्षक से सोलह श्लोकों में भारत की महान् विभूति श्रीगुरुगोविन्दसिंह को अपने श्रद्धा के प्रसून अर्पित किये थे। अनुष्टुभ् छन्द में उपनिबद्ध ये सभी के सभी श्लोक भक्ति-भाव से ओतप्रोत हैं। गुरुगोविन्दसिंह का व्यक्तित्व और कृतित्व संक्षेप में इनमें मूर्त हो

उठा है। गुरुगोविन्दसिंह ने मुगलों के अत्याचार का प्रतिकार करने के लिये इदम्प्रथमतया सिख सम्प्रदाय को क्षात्र धर्म में दीक्षित किया था, उन्होंने निष्प्राण राष्ट्र में प्राण फूंके थे, वे गीता के कर्मयोग के मूर्तिमान् स्वरूप थे, वे गुरु थे, कवि थे, नवीन सिख पन्थ के प्रवर्तक थे, दुष्टों के दमन के लिये उन्होंने आत्म सुख की कभी चिन्ता न की थी, स्वधर्म की रक्षा के लिए पुत्र, धन, सुख सभी को हंसते हंसते उन्होंने न्योछावर कर दिया था–

क्षात्रवीर्यावताराय गीताधर्मैकमूर्तये।
प्राणसञ्चारिणे तेभ्यो येऽभवन् प्राणरहिताः।।

गुरवे कवये चैव ज्ञानभक्तिप्रकाशिने।
ऋषये हि नवीनाय लोकधर्मविघोषिणे।।

दुष्टदमनकर्मणि निर्जितात्मसुखाय च।
श्रीमद्गोविन्दसिंहाय नवशैक्ष्यप्रवर्तिने।।

स्वधर्मसिद्धये येन पुत्रभाग्यं धनं सुखम्।
हेलया वै परित्यक्तं तस्मै सदा नमो नमः।।

गुरु गोविन्दसिंह ने पंचम गुरु द्वारा सङ्कलित गुरु ग्रन्थ साहब का परिष्कार भी किया था। डॉ. चाटुर्ज्या ने इस तथ्य का भी अपने श्लोकों में उल्लेख किया है–

नवस्यैतस्य वेदस्य शोधनं कृतवानसौ।

डॉ. चाटुर्ज्या ने कहा है कि अरब में मुहम्मद नाम के एक धर्मसंस्थापक गुरु हुए थे। पारसी, पठान, तुर्क और मंगोल लोगों ने उनका धर्म अंगीकार कर भारत पर आक्रमण किया। न्यायधर्म का परित्याग कर उन्होंने प्रजा पर अत्याचार करने प्रारम्भ किये, स्त्रियों का अपहरण किया, धन लूटा, वेदप्रोक्त धर्म का नाश किया, प्रजा पर नाना प्रकार के कहर उन्होंने ढाये। डॉ. चाटुर्ज्या ने इन अत्याचारों का वर्णन मात्र एक अनुष्टुभ् श्लोक में कितने सजीव ढंग से किया है–

हरन्तो वै स्त्रियो वित्तं धर्मं च वेददेशितम्।
बहुशस्ते प्रजानां हि सञ्जाता आततायिनः।।

उनके इन अत्याचारों के प्रतिकार के लिये ही दक्षिण में छत्रपति शिवाजी और पंजाब में गुरुगोविन्दसिंह ने जन्म लिया था–

मद्रेऽभूद् गुरुगोविन्दः शिवो राजेव दक्षिणे।

डॉ. चाटुर्ज्या ने श्रीगुरुगोविन्दसिंह प्रशस्ति की परिसमाप्ति उन्हें प्रणामाञ्जलि अर्पित करते हुए की है। इसमें उन्होंने उन्हें योगीन्द्र और लोकतारण कहा है –

योगीन्द्रं तं गुरुं नौमि गोविन्दं लोकतारणम्।।

डॉ. चाटुर्ज्या ने गुरुनानकदेवप्रशस्तिः भी प्रकाशित की है जिसमें 21 श्लोकों में गुरु नानक के प्रति श्रद्धाञ्जलि, उनके उपदेश, उनके पिता और पुत्रों के नाम का निर्देश, पंचम गुरु अर्जुन देव द्वारा गुरु नानक एवं अन्य गुरुओं की वाणी का गुरु ग्रन्थ के रूप में संकलन एवंच दशम गुरु गोविन्दसिंह द्वारा सिख सम्प्रदाय में क्षात्र धर्म का समावेश इन सबका बहुत ही ललित संस्कृत में संक्षेप में वर्णन है। गुरु नानक को अपनी श्रद्धा के प्रसून अर्पित करते हुए डॉ. चाटुर्ज्या कहते हैं–

ब्रह्मनामैकमूर्तिं तं ब्रह्मज्ञानप्रकाशकम्।
प्रशान्तमनसं सौम्यमीशभक्तिनिकेतनम्।।

नानकं तमृषिं नौमि शैक्ष्याम्नायस्य सद्गुरुम्।

अर्थात् मैं प्रशान्तमना, सौम्य, ईशभक्तिपरायण सिख सम्प्रदाय के श्रेष्ठ गुरु नानक नामक ऋषि की स्तुति करता हूँ।

ब्रह्मविद्यां गुरुश्रेष्ठो ज्ञानभक्तिसमन्विताम्।
अशिषन्नानको लोके भावशुद्धां शुभंकरीम्।।

गुरु अर्जुनदेव द्वारा पूर्व गुरुओं की वाणी का संग्रह कर गुरु ग्रन्थ के निर्माण की घटना को डॉ. चाटुर्ज्या ने इन शब्दों में वर्णित किया है–

नानकाम्नायसञ्जातः पञ्चमो गुरुरर्जुनः।
नानकादिगुरूणां वै सूक्तानि संगृहीतवान्।।

एवं संकलिता तेन नवीना वेदसंहिता।
गुरुग्रन्थ इति प्रोक्ता नराणां भक्तिदायिनी।।

कलकत्ता के सुप्रसिद्ध साहित्य एवं संगीतकार श्री दामोदर दास खन्ना के तैलचित्र के अनावरण के अवसर पर मार्च 30, 1962 को डॉ. चाटुर्ज्या ने स्तुतिगीत के रूप में उनके विषय में 12 श्लोक लिखे थे जिनमें उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के प्रति डॉ. साहब ने श्रद्धांजलि अर्पित की थी। उन्होंने कहा था–

भासयति जगत्कृत्स्नं सुकृती धर्मदेशिकः।
विद्यासंस्कृतिसम्पम्न आचार्यो लोकवन्दितः।।

क्षत्रकुलसमुद्भूतो दामोदरो जनप्रियः।
लालाबाबुरितिख्यातः शुभाग्रही सुकर्मसु।।

धीमान् विचक्षणो वाग्गी गन्धर्व इव गायने।

ऋषिपंचमी के दिन महाराष्ट्र के मूर्धन्य विद्वान् डॉ. रामकृष्ण गोपाल भाण्डारकर की बत्तीसवीं निर्वाण तिथि के अवसर पर 16 अगस्त, 1957 को डॉ. चाटुर्ज्या ने 'इण्डियनिस्म एण्ड संस्कृत' (भारतीयता एवं संस्कृत) इस विषय पर पूना में एक भाषण दिया था जोकि बाद में 'एनल्स् आफ दि भाण्डारकर

ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टिट्यूट' के उसी वर्ष के अंक में प्रकाशित हुआ था। भाषण अंग्रेज़ी में था पर इसकी पूर्वपीठिका के रूप में डॉ. चाटुर्ज्या ने संस्कृत में पन्द्रह श्लोक पढ़े थे जिनका शीर्षक उन्होंने 'ऋषिपंचमीश्लोक पंचदशी' दिया था। इसमें उन्होंने डॉ. भाण्डारकर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है–

पुण्यायामृषिपंचम्यां तिथौ श्रद्धांजलिर्मया।
कश्यपान्वयजातेन कालीक्षेत्रनिवासिना।।
सुनीतिशर्मणा मन्दबुद्धिना दीयते वै।

उन्होंने कहा है यद्यपि उन्हें डॉ. भाण्डारकर से साक्षात् विद्याध्ययन का अवसर नहीं प्राप्त हुआ तो भी वे एकलव्य की तरह उन्हें अपना गुरु मानते हैं–

यथा विद्यैकलव्येन द्रोणशिष्येण साधिता।
तथा सश्रद्धमनसा दर्शनेन विना गुरोः।।
साधिता शिष्यकल्पेन गौडीयेन सुनीतिना।

प्रस्तुत श्लोकों में डॉ. चाटुर्ज्या ने डॉ. भाण्डारकर को ऋषिकल्प, अनूचान एवं युगप्रवर्तक कहा है–

ऋषिकल्पमनूचानं तं युगस्य प्रवर्तकम्।

प्रारम्भिक श्लोकों में डॉ. चाटुर्ज्या ने प्राचीन और नवीन सभी ज्ञानियों, ऋषियों और धर्मप्रवर्तकों को प्रणाम किया है–

केनापि ऋषिवर्याणां नानृण्यं गम्यते खलु।
तथापि ज्ञानिनो नित्यमृषीन् धर्मप्रवर्तकान्।।

शिवसङ्कल्पमनसः संस्कृतेः स्थापकांस्तथा।
पूर्वांश्च नूतनान् सर्वान् श्रद्धावान् प्रणमाम्यहम्।।

उपसंहार श्लोकों में डॉ. चाटुर्ज्या ने भाषण के विषय का निर्देश करते हुए कहा है कि संस्कृत की महिमा, भारत के ज्ञान, विद्वानों द्वारा भारतीय धर्म संज्ञा से उल्लिखित ऋषिप्रोक्त भारतीय मार्ग विषय पर गुरुवर्य डॉ. भाण्डारकर के निर्देश का स्वज्ञानानुसार पालन करते हुए वे इस पण्डित सभा में कुछ कहने के लिए आए है। उनका पण्डितों से निवेदन है कि यद्यपि उनका आलोचनात्मक वक्तव्य संक्षिप्त है तो भी वे उसे सुनें और उसमें जो भ्रम और प्रमाद हों, उन्हें क्षमा करें–

गुरुवर्यस्य निर्देशं यथाज्ञानं प्रपालयन्।
संस्कृतस्य च माहात्म्यं प्रस्थानं भारतस्य च।।

यत्तु भारतयानं नो ऋषिदिष्टं पुराऽभवत्।
भारतं धर्ममिति यत् कीर्तयन्ति विपश्चितः।।

एतद्विषयमाश्रित्य गुरोर्निर्याणवासरे।
पण्डितानां सदस्यस्मिन् विज्ञप्तिं कर्तुमागतः।।

शृण्वन्तु विबुधाः सर्वे यद्यप्यालोचनं लघु।
भ्रमांस्तथा प्रमादांश्च मर्षयन्तु मनीषिणः।।

सितम्बर-अक्तूबर 1966 को सोवियत संघ की जियोर्जिया प्रदेश की राजधानी तिफ़्लिस् अथवा त्विलिसी में जियोर्जिया के राष्ट्रकवि शोथ रुस्थावेली की आठसौवीं वर्षगांठ मनाई गई थी। उस अवसर पर रूस की सरकार के अनुरोध पर डॉ. चाटुर्ज्या भी वहाँ उपस्थित थे। उन्होंने समारोह के उद्घाटन के अवसर पर अंग्रेज़ी अनुवाद सहित सोलह श्लोक अपनी श्रद्धांजलि के रूप में वहां पढ़े थे। इनमें प्रथम श्लोक स्रग्धरा में है, दूसरा उपेन्द्रवजा में और शेष अनुष्टुभ् में। जियोर्जिया का स्थानीय नाम सखर्थवेल है। डॉ. चाटुर्ज्या ने कविता में इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उन्होंने इसे फल और सस्य से प्रपूरित एवं सोवियत राष्ट्र संघ का अग्रगण्य देश कहा है—

देशोऽयं सखर्थवेलो फलसस्यप्रपूरितः।
सोवियेत्सङ्घराष्ट्रस्य पुरतो विद्यते किल।।

वहाँ के नवयुवक शूरवीर हैं, वहाँ की स्त्रियाँ रूप और गुणों के कारण हृदय को भाती हैं और अप्सराएं सी लगती हैं—

युवानश्चात्र वै शूराः सुवीराः सुनराश्च ते।
देवकन्या इव स्त्रियो रूपगुणमनोरमाः।।

वहाँ के सभी के सभी लोग अपने अपने काम में लगे रहते हैं, नाच-गाना उनका जीवन है, आतिथ्य धर्म में वे निष्णात हैं, वे साक्षात् सौजन्य की मूर्ति हैं—

स्वकर्मनिरताः सर्वे नृत्यगीतपरायणाः।
आतिथ्यधर्मनिष्णाताः सौजन्यमूर्तयश्च वै।

तिफ़्लिस् अथवा त्विलिस् नगर में एक ऊँची पहाड़ी के पास मातृभूमि जियोर्जिया के प्रतीक रूप में 'खर्थलिस् देदा' खर्थली (जियोर्जिया) माता की देदीप्यमान श्वेत धातु से बनी एक प्रतिमा है जोकि नगर के हर भाग से दिखाई दे जाती है। इस प्रतिमा में खर्थली माता के बायें हाथ में द्राक्षारस का प्याला है और दायें में तलवार। एक सुखसमृद्धि का प्रतीक है (खर्थली अथवा जियोर्जिया अपनी अंगूरों की खेती के लिये सुप्रसिद्ध है) और दूसरा शत्रुनाश का—

दधाना वै करे सव्ये पात्रं द्राक्षारसाप्लुतम्।
दक्षे हस्ते कृपाणं च जनशत्रुनिषूदनम्।।

खर्थली माता को डॉ. चाटुर्ज्या ने युग-युग से प्राचीन और नवीन कहा है—

सा देवी खर्थली माता स्वतन्त्रप्रपालिनी।

विजयतां भुवि धन्या प्रत्ना नव्या युगे युगे।।

उसी खर्थली माता अथवा सखर्थवेल देश (जियोर्जिया) के त्विलिस् नगर में शोथ कवि के महान् काव्य का पण्डित लोग सदैव पाठ किया करते हैं–

पुरे सखर्थवेलस्य त्विलिसि नगरे शुभे।
शोथकवेर्महत्काव्यं सदा पठन्ति पण्डिताः।।

जियोर्जियो के नागरिक वरस्त जाति के थे। डॉ. चाटुर्ज्या ने वरस्त शब्द का संस्कृत रूपान्तर करते हुए उन्हें वरक कहा है। शोथ कवि इन्हीं वरकों का अत्यन्त प्रिय कवि था। (*वरकाणां जनप्रियः*)। उसने लोककल्याण का कार्य किया था। (*लोकहितं कृतम्*) और पृथ्वी पर अमरता प्राप्त की थी (*अमरत्वं भुवि तेन प्राप्तम्*)। वह कवि था, मनीषी था, कवियों का पथिकृत् (मार्ग निर्माता) था, धैर्यवान् था–

कविर्मनीषी पथिकृत् कवीनां,
सखर्थवेलप्रभवः सुधीरः।

कवि का नाम शोथ था। रुस्थावेली उसकी कुलपदवी थी। उसने क्षात्र धर्म में निष्णात मित्रों के सच्चे मित्र, वरक जनों के मनभाते तायैल नामक शूरवीर की कीर्ति का अपने काव्य के माध्यम से गान किया था –

क्षात्रे धर्मे प्रणिहितमना मित्रदत्तैकचित्त-
स्तार्येलाख्यो वरकजनचितोत्थितो यः सुधीरः।
तत्कीर्तेस्तु ग्रथनमकरोत्काव्यमुख्ये पृथिव्यां,
रुस्थावेलीति कुलपदवीमान् कविः शोथनामा।।

प्रशस्ति के अन्तिम श्लोक में डॉ. चाटुर्ज्या ने कामना की है कि वरक (जियोर्जिया के नागरिक) और भारतीय अपने चित्त के प्रसार एवञ्च विश्वजन के हित के लिए प्रीतिसूत्र में बंध जायें–

प्रीतिसूत्रग्रथिताः स्युः सर्वे वरकभारताः।
स्वचित्तस्य प्रसाराय विश्वजनहिताय च।।

फरवरी 1967 में डॉ. चाटुर्ज्या ने इम्फाल (मणिपुर) में पण्डितराज आतोम् बापु भाषण दिये थे। उनके प्रारम्भ में 10 श्लोकों में उन्होंने पण्डितराज आतोम् बापु शर्मा का स्तुतिगान किया है। उन्होंने उन्हें नवीन ऋषि कहा है –

नवीनं तमृषिं नौमि ध्यानयोगपरायणम्।

मणिपुर में हिन्दू धर्म के प्रवेश से पूर्व मैबास् और मैवासी नामक नर एवं नारी धर्मप्रचारक हुआ करते थे जिन्होंने वहाँ की संस्कृति को सुपुष्ट किया था। उन्हीं की परम्परा में हुए श्री आतोम् बापु जिसका अर्थ है लघु विप्र, ने पूर्व दिशा में कल्याणमय अत्यन्त अद्भुत कार्य किया। उन्होंने लोगों को आर्य शास्त्रों की

शिक्षा भी दी जोकि लोकभाषा की सहायक थी–

प्राच्यां तेन कृतं कर्मं कल्याणमयमद्भुतम्।
शिक्षणं चार्षशास्त्राणां लोकभाषासहायकम्।।

श्री आतोम् बापु भक्त भी थे और ज्ञानी भी। उनके सत्यप्रयत्नों से ही उनकी जाति राष्ट्रीय भावना में सुदृढ़ हुई थी–

राष्ट्रीयभावना चैव निःश्रेयससुसाधना।
भक्तेत ज्ञानिना येन स्वजातौ सुदृढा कृता।।

कांचीकामकोटिपीठाधीश्वर श्री स्वामी शंकराचार्य जी की प्रेरणा से 1-9, जून, 1969 को मद्रास में आयोजित शांकरषण्मतम् सम्मेलन के अवसर पर डॉ. चाटुर्ज्या ने अंग्रेज़ी में कौमारमतम् नामक भाषण दिया था। भाषण के प्रारम्भ में स्वरचित तेरह श्लोकों का पाठ किया था। इनमें सर्वप्रथम में शंकराचार्य जी को प्रणाम किया गया है। तदनन्तर कहा गया है कि मनुष्यों की शिक्षा और रुचि के भेद से असंख्य देवता माने जाते हैं। मुमुक्षुजन भक्ति और श्रद्धा से प्रेरित होकर उन देवबिम्बों का आश्रय लेते हैं और सिद्धि प्राप्त करते हैं–

असङ्ख्यानि मनुष्येषु शिक्षारुचिप्रभेदतः।
दृश्यन्ते देवरूपाणि देशे देशे युगे युगे।।

भक्तिश्रद्धाप्रणोदिता भावशुद्धा मुमुक्षवः।
देवबिम्बान् समाश्रित्य सिद्धिं विन्दन्ति मानवाः।।

इसके पश्चात् षट् देवों का उल्लेख है एवंच शंकराचार्य द्वारा ज्ञानमार्ग के माध्यम से अद्वैतसिद्धि एवंच भक्तिमार्ग के माध्यम से षण्मत का प्रतिपादन है–

भारते कल्पिता देवा प्राक्कालात् मुख्यतो हि षट्।
शिवोमास्कन्दविष्णवो गणेशो भास्करस्तथा।।

अधुनैतान् समालम्ब्य षण्मतं वै प्रतिष्ठितम्।
एतेभ्यः प्राप्यते श्रेय इति श्रीकृष्णदेशना।।

ज्ञानपथेन शङ्करोऽद्वैतसिद्धिमभाषत।
भक्तिमार्गेण तद्वत् षण्मतमन्वमोदयत्।।

इसके पश्चात् डॉ. चाटुर्ज्या ने सभा में उपस्थित विद्वानों का उल्लेख करते हुए कहा है कि उनके वचनों से विद्वानों का प्रमोद एवं विश्व के लोगों का हित होगा। तदनन्तर देवताओं से प्रार्थना करते हुए उन्होंने स्कन्द के अनेक नामों एवं कृत्यों की चर्चा की है और कहा है कि मैं उसका चरित वर्णन करने का प्रयत्न करूँगा। डॉ. चाटुर्ज्या ने इस सन्दर्भ में यह भी कहा है कि कृपया मुझ मन्दमति का यह दुराग्रह क्षमा किया जाय। डॉ. चाटुर्ज्या वैदुष्य का अपार सागर होते हुए भी कितने

नम्र हैं। *विद्या ददाति विनयम्* का इससे सुन्दर उदाहरण और क्या हो सकता है–

सुब्रह्मण्यः कुमारश्च शक्तिधरो सुराहवे।
पापाशुभनिवारको ब्रह्मज्ञानप्रदायकः।।

पुण्यां तस्य कथां वक्तुं यतिष्ये स्वल्पधीरहम्।
मन्दमतेर्दुराग्रहः क्षन्तव्यः कृपया बुधैः।।

अपनी सुप्रसिद्ध पुस्तक 'इण्डो–आर्यन एण्ड हिन्दी' के प्रारम्भ में डॉ. चाटुर्ज्या ने 11 श्लोक दिए हैं जिनमें प्रथम स्रग्धरा में, द्वितीय और तृतीय शार्दूलविक्रीडित में, चतुर्थ शिखरिणी में, पंचम पुनः शार्दूलविक्रीडित में, षष्ठ वसन्ततिलका में, सप्तम, अष्टम, नवम और दशम अनुष्टुप् में और एकादश मालिनी में हैं। इनमें डॉ. चाटुर्ज्या ने आर्य भाषा संस्कृत को गंगा के समान एवंच अलक्ष्यमूला कहा है। कवि, मुनि और विद्वज्जनों के ज्ञान के आलोक से यह आलोकित हो रही है। पालि, आर्ष आदि इसके प्राचीन एवंच हिंदी आदि इसके नवीन रूप हैं–

आर्या वाणी सुरसरिदियं संस्कृताऽलक्ष्यमूला
जम्बूद्वीपे कविमुनिबुधज्ञानदीप्त्या लसन्ती।
पाल्यार्षाद्याः प्रकृतिकलिता रूपभेदाः पुरास्या
हैन्दव्याद्या नवतमगिरो भारतीहृत्प्रकाशाः ।।

'इण्डो आर्यन् एण्ड हिन्दी' अहमदाबाद की गुजरात वर्नेकुलर सोसाइटी के तत्त्वावधान में दिए गये भाषणों का संग्रह है। डा. चाटुर्ज्या ने सोसाइटी के कार्यकलाप की प्रस्तुत श्लोक में भूरि–भूरि सराहना की है–

भद्राशानगरं यदहमदनृपस्यासीत्प्रतीच्यां पुरि
तत्रास्ते परिषच्च गूर्जरगिरस्सम्यक्प्रकर्षावहा।
यत्तो भारतसंस्कृतेः प्रसरतीहालोचनं नूतनं
वैदग्ध्यं त्वनुशीलनं च विदुषां सौख्याय यस्यास्सदा।।

1969 में डा. चाटुर्ज्या का एक लेख 'वेद संहिता बाल्टिका' शीर्षक से पेरिस से प्रकाशित हुआ था जिसके अन्त में उपसंहार रूप में 12 श्लोक हैं। उनका शीर्षक उन्होंने 'भटिकी वेदसंहिता' दिया है। श्वेतार्थक बाल्ट शब्द लिथुएनी का बल्तस् और लैट्वी का बल्तस् है जिसका उद्भव सम्भवतः भारोपीय दीप्त्यर्थक धातु भा से हुआ जिसका कि ल् (भ–ल्) अथवा ल्–त् (भल्त्) द्वारा उपबृंहण कर दिया गया। यही शब्द फार्चुनेटोव् नियम द्वारा भारतीय आर्य भाषाओं में भट, भट्ट या भाट रूप में परिवर्तित हो गया। इस वाल्त् के समकक्ष रूप भट का डा. चाटुर्ज्या ने उपसंहार श्लोकों के शीर्षक के रूप में प्रयोग किया है। डा. चाटुर्ज्या का

मत है कि प्रागैतिहासिक काल में लगभग 3000 वर्ष ईसा पूर्व आर्य जाति ऊरल पर्वतशृंखला के दक्षिण में रहती थी। वहीं से उसकी एक शाखा पूर्व की ओर और दूसरी पश्चिम की ओर चल दी। भारोपीय जाति की एक स्पष्ट शाखा के रूप में बाल्त् लोग बाल्त् समुद्र के किनारे-किनारे अथवा मध्य रूस में बस गये। उनके लोक साहित्य में इस प्रकार के अनेक ऐसे तत्त्व हैं जिनसे प्रागैतिहासिक भारोपीय जनजीवन का बहुत कुछ पता चल जाता है। जैसे भारत का वैदिक वाङ्मय प्रागैतिहासिक भारोपीय जनजीवन के अध्ययन के लिए विशेष महत्त्वपूर्ण है उसी प्रकार बाल्तिक जनसाहित्य भी। इसीलिए डा. चाटुर्ज्या ने उसे भटिकी अथवा बाल्तिक वेदसंहिता अथवा लैटिन के नवनिर्मित शब्द द्वारा वेदसंहिता बाल्तिका कहा है। लिथुएनी एवं लैट्वी में जो गीत गाये जाते हैं उन्हें 'देना' कहा जाता है। डा. चाटुर्ज्या के मत से 'देना' शब्द वैदिक 'धेना' का ही रूपान्तर है। बहुत सी 'देना' तो संस्कृत श्लोकों की भांति चार पंक्तियों की भी हैं। पर बारह या सोलह पंक्तियों की 'देना' भी पाई जाती हैं। लैट्वी का जनसाहित्य लिथुएनी जनसाहित्य की अपेक्षा कहीं अधिक समृद्ध है। अब तक लैट्वी और लिथुएनी के जनसाहित्य के 2,309,000 गीत एवं गद्यांश संगृहीत किये जा चुके हैं। जिनमें 7,75,257 गीत हैं। यह विशाल सामग्री वेदसंहिता के समान ही भारोपीय काल के इतिवृत्त के लिये उपयोगी सामग्री से भरपूर है। भारतीय वेद और यह भटिकी वेदसंहिता (बाल्तिक जनसाहित्य) भारोपीय जनजीवन के चित्र के लिये एक दूसरे के पूरक सिद्ध हो सकते हैं-

सर्वे वेदा ऋषिप्रोक्ता भारतस्य सनातना:।
धेनाश्चार्यभटानां च पूरयन्तु परस्परम्।।

संहिते विराजेतां भारतस्य श्रुति: सदा।
भटजनस्य वै तद्वद् भटिकी वेदसंहिता।।

डॉ. चाटुर्ज्या के आशीर्वादात्मक एवं शुभकामनात्मक श्लोकों में डॉ. सुकुमार सेन एवं श्री प्रमथनाथ बीसी विषयक श्लोकों का उल्लेख किया जा सकता है। अपने छात्र डॉ. सुकुमार सेन के विषय में उन्होंने कहा था-

सत्सहित्यविचारनिष्ठितमना वैदग्ध्यधीर: सदा
वाक्तत्त्वे पटुता भुवि प्रविदिता श्रद्धा च विद्वज्जने।
ज्ञानात्पूततरं न वेत्ति विषयं लोकेषु पथ्यं शुभम्
शिष्यो मे सुकुमारसेन इति स्याल्लब्धनै:श्रेयस:।।

अर्थात् मेरे शिष्य सुकुमार सेन का सदा कल्याण हो। भाषा शास्त्र में इनकी पटुता एवं विद्वज्जनों के प्रति श्रद्धा लोकविदित है। वैदुष्यजन्य धैर्य इनमें है, सत्साहित्य गत विचार इनमें स्थिर हैं। ज्ञान से बढ़कर और कोई पवित्र, हितकारी एवं शुभ चीज़ इनके लिये नहीं है।

इसी प्रकार सुप्रसिद्ध बंगाली लेखक एवं मनीषी श्री प्रमथनाथ बीसी की पैंसठवीं वर्षगांठ के अवसर पर उन्होंने अपने उद्‌गार इन शब्दों में व्यक्त किये थे–

कविर्धीमान् प्राज्ञो रसिकजनमान्यः परिषदि,
कथाशास्त्रे योऽसौ प्रकटितयशाश्चित्रचरितः।
मुनीनां वै भ्रान्तौ विमलपरिहासोज्ज्वलरुचि-
र्विदग्धानां मूर्ध्नि प्रमथविषयी राजति सदा।।

अर्थात् श्री प्रमथ (नाथ) बीसी कवि, बुद्धिमान् मनीषी एवंच विद्वानों में सदा अग्रगण्य हैं। सभा में रसिकजन इनका सम्मान करते हैं, इनका चरित्र विचित्र है, कथा लेखन में इनका यश सुप्रथित है, मुनि-जनों की भ्रान्तियों पर इनकी (मुख) कान्ति निश्छल परिहास से उज्ज्वल हो उठती है।

कतिपय विशेष अवसरों पर डॉ. चाटुर्ज्या ने मंगल श्लोक भी भेजे थे जिनमें विशेष उल्लेखनीय हैं उनके असम साहित्य सभा के नव भवन के उद्‌घाटन के अवसर पर लिखे गये श्लोक–

आर्यवाणीदुहितेयं भाषा प्राग्ज्योतिषोद्‌भवा।
माता नः कामरूपिणी मुदा स्याच्छ्रेयसे नृणाम्।।
सभैषाऽसमसाहित्यसंस्कृतिसंविवर्धिनी।
नवीनं सदनमस्या रक्षतु तां सदा मुदा।।

एवं च ब्रेल लिपि में पुस्तक प्रकाशनार्थ प्रारम्भ किये गये देहरादून ब्रेल मुद्रणालय के उद्‌घाटन के अवसर पर लिखे गये श्लोक–

स्याल्लिपिर्भारती ब्राल्या बिन्दुमती सुखावहा।
प्रज्ञानेत्रान् विदधातु नेत्रहीनांश्च सर्वदा।।

काश्यपस्य सुनीतेस्तु सफलेयं भवेदीहा।

विशेष उल्लेखनीय हैं।

डॉ. चाटुर्ज्या ने 30 श्लोकों की 'संस्कृतदिग्विजयः' शीर्षक कविता भी लिखी है जोकि कलकत्ता की संस्कृत पत्रिका मंजूषा के चतुर्थ वर्ष के दशम अंक में प्रकाशित हुई है। इसमें मध्य एशिया से लेकर योरुप तक संस्कृत के प्रचार का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में वर्णन है। इस प्रकार की अपने ढंग की यह पहली कविता है। डॉ. साहब ने अनेक विदेशी शब्दों को संस्कृत रूप में अपनी कविता में रखा है। यथा तिग्रिस, युफ्रेट्स नामक नदियों को उन्होंने तिग्रा और सुप्रासु नदियाँ कहा है, बोर्नियो को बर्हिणी, मंगोल को मंगल, फारसियों को पर्शु, बोड् अथवा तिब्बतियों को भोट, एवंच अर्शिक, अर्सिक अथवा अनृशिह् के लिये ऋषीक शब्द

का प्रयोग डॉ. साहब ने किया है। संस्कृत के दिग्विजय की कहानी का प्रारम्भ डॉ. साहब ने मध्य एशिया (सिन्कियांग) में आर्यों की मूल भूमि से किया है। उस मूल भूमि से चलकर वे कौकस (कौकेसस) पर्वत को पार कर तिग्रिस् और यूफ्रेट्स नदियों के मध्य स्थित स्थान में पहुँचे जहाँ उन्होंने असीरियन और बैवेरियन लोगों से अनेक कलाएं सीखीं। आर्यों की पूर्ववैदिक काल की उस वाणी ने ही भारतवर्ष में पहुँच कर संस्कृत रूप ग्रहण किया। निषाद (आस्ट्रिक, कोल आदि जातियां) द्रमिड (द्रविड) एवं किरात (मोंगलोयड, अथवा चीनी-तिब्बती) लोगों ने इसे समृद्ध किया और यह देवभाषा बन गई–

निषादैर्द्रमिडैश्चापि किरातैः परिवर्धिता।
सा संस्कृताभिधा भाषा देवभाषापदे गता।।

अनेक विद्याओं और साहित्य कलाओं का वह माध्यम बनी और सब भाषाओं के मध्य उसे चक्रवर्तिपद प्राप्त हुआ–

मण्डले सर्वभाषाणामासीद्या चक्रवर्तिनी।

वाल्मीकि और व्यास की कीर्ति उसकी शीर्षक हुई, अनेक ऋषियों ने उसे अपनाया। योगी, भक्त, आचार्य, और पण्डितों ने उसे अमरत्व प्रदान किया। भारतीय संस्कृति की प्रवाहिका बन वह ऋषि-महर्षियों, बुद्ध और जिन के आचार की समस्त विद्वानों में प्रचारिका बनी और सिंहल (सीलोन), कम्बुज (कम्बोडिया), चम्पा (चम् देश), रामण्य देश (मेञ् अथवा मोन लोगों के देश), श्याम देश, ब्रह्म देश ,बोर्नियो देश, स्वर्ण द्वीप, यवद्वीप, बालि द्वीप आदि में प्रचारित हुई। आज भी श्यामादि देशों में पूजा की वही पुरानी पद्धति देखी जाती है। मध्य एशिया में आर्य भाषा भाषी जो आर्य थे उन्होंने कुस्तन (खोतन) नगर की स्थापना की थी जहाँ वे रहने लगे थे। एवमेव शक, (सुलिक), (सोग्द्यिन), ऋषीक, भोट, तुरुष्क, मंगल, कोरियन, महाचीनी और यमतावंशज (जापानी) लोगों ने इस भाषा का आदर किया। यवनों ने ज्योतिषादि से इसे अलंकृत किया, अरबों और पारसियों ने गणित, ज्योतिष, कथा कहानियों, वैद्यक एवं आध्यात्मिक ज्ञान से इसे समृद्ध किया–

आरब्यपारसीकेषु मानिता ज्ञानदायिनी।
गणितं ज्यौतिषं शास्त्रमाख्यानं वैद्यकं तथा।।
तेभ्य एतानि दत्तानि ज्ञानं चाध्यात्मिकं मुदा।

इसके पश्चात् डॉ. चाटुर्ज्या ने कहा है कि यदि पाश्चात्य देश एवंच पाताल (अमेरिका) इस वाणी को अपना लें, तो वह कालोपयोगिनी होगी और योगक्षेम, सत्य एवं शाश्वत की सिद्धि का निमित्त बनेगी। कविता के अन्तिम श्लोक में डॉ.

चाटुर्ज्या ने यह कामना की है कि समस्त जनों की हित एवं इष्टसाधिका यह भारतीय भाषा सदा कल्याणवर्धिनी हो–

समग्रजनजातीनां हितप्रियविधायिनी।
गीरियं भारतीया सा सदास्तु स्वस्तिवर्धिनी।।

भाषाविद् डॉ. चाटुर्ज्या के समान ही कवि डॉ. चाटुर्ज्या का रूप भी अत्यन्त प्रशस्त है। उनकी पदशय्या मनमोहक है, शैली सरल है, भाषा सरस है। उन्होंने अपने श्लोकों के माध्यम से 'भारतीया गीः' संस्कृत भाषा की अपूर्व श्रीवृद्धि की है। उनकी बहुमुखी प्रतिभा के आगे समस्त विश्व नतमस्तक है।

THE AUTHOR

Born on 29th September, 1930, Professor Satya Vrat Shastri had his early education under his father, Professor Charu Deva Shastri. He received record marks in B.A. Hons. in Sanskrit and a First Class First in M.A. in Sanskrit from the Punjab University, and won University Medals. After doing his Ph.D. at the Banaras Hindu University he joined the University of Delhi, where during the forty years of his teaching career he has held important positions as the Head of the Department of Sanskrit and the Dean of the Faculty of Arts. He was also Vice-Chancellor of Shri Jagannath Sanskrit University, Puri, Orissa. He has the distinction of having been visiting professor in five universities on three continents. He has attended and chaired a number of national and international conferences and seminars and delivered more than a hundred lectures in universities in Europe, North America, Southeast Asia and the Far East.

At Present he is Honorary Professor at the Special Centre for Sanskrit, Jawaharlal Nehru University, New Delhi.

Both a creative and a cirtical writer, Prof. Satya Vrat Shastri has to his credit in creative writing in Sanskrit three Mahākāvyas of about a thousand stanzas each, one Prabandhakāvya and three Khaṇḍakāvyas, and five works in critical writing including a pioneering one, *The Rāmāyaṇa—A Linguistic Study*.

He is the subject matter of seventeen theses for Ph.D. and D.Litt. degrees in Indian Universities.

He has edited two research journals the *Indological Studies* and the *Śrījagannāthajyotiḥ* of which he was the founder, three felicitation volumes and a dictionary of the Sanskrit Words in Southeast Asian Languages.

He has translated A.A. Macdonell's *A Vedic Grammar for Students* into Hindi, the Sanskrit Mahākāvya the *Śrīrāmacaritābdhiratnam* into English and the select poems of the prominent poets of the world into Sanskrit.

He is working presently on a multi-volume Sanskrit Mahākāvya on the principal cultural currents of the world.

Recipient of fifty-two honours and awards, national international, including Padma Shri and four Honorary Doctorates, he was described in the Citation for the Honorary Doctorate at the Silpakorn University, Bangkok as a 'living legend in the field of Sanskrit'.

ISBN 81-89537-10-5

YASH PUBLICATIONS
X/909, Chand Mohalla
Gandhi Nagar, Delhi-31